✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 27 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 23 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




पटना में आयोजित अतिपिछड़ा वर्ग अभिनन्दन सह आभार समारोह का उद्घाटन करते सीएम सम्राट चौधरी एवं अन्य

### बिहार के 3.96 लाख किसानों के खातों में पहुंची 200 करोड़ से अधिक की सहायता राशि

# किसानों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए बिहार सरकार प्रतिबद्ध : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ी राहत देते हुए कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत 3.96 लाख से अधिक प्रभावित किसानों के बैंक खातों में 200 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। यह राशि मार्च 2026 में आई आंधी, तूफान, असामयिक बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को दी गई है। लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से किसानों के खातों में अनुदान राशि भेजी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण किसानों को बार-बार प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है और सरकार ऐसे समय में उनके साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मार्च 2026 में आई प्राकृतिक आपदा से सहरसा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, अररिया, बेगूसराय, पूर्णिया, दरभंगा, किशनगंज, खगड़िया, मधुबनी, सुपौल और भागलपुर सहित 13 जिलों में फसलों को 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान पहुंचा था। प्रभावित किसानों की रिपोर्ट मिलने के बाद राहत राशि देने की प्रक्रिया शुरू की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग ने कृषि इनपुट अनुदान के लिए 200 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए। इसके अलावा कृषि विभाग के अनुरोध पर 60.71 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि भी स्वीकृत की गई। इस तरह प्रभावित किसानों की सहायता के लिए कुल 260.71 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि इनपुट अनुदान योजना केवल आर्थिक सहायता देने की योजना नहीं है बल्कि यह किसानों को आत्मविश्वास और स्थिरता भी प्रदान करती है। इस सहायता से किसान दोबारा खेती शुरू कर सकेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। हाल ही में किसान सम्मान निधि की राशि भी किसानों के खातों में भेजी गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ भी किसानों को सीधे मिल रहा है और राज्य के अधिक से अधिक किसानों को इससे जुड़ना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को सुरक्षित और टिकाऊ बनाने तथा प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार किसानों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।




# शाहाबाद डीआइजी करेंगे भरत तिवारी मुठभेड़ मामले की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भोजपुर के चर्चित भरत तिवारी मुठभेड़ मामले की जांच शाहाबाद के डीआईजी करेंगे। बिहार के एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) सुधांशु कुमार ने सोमवार को भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में हुए भरत भूषण तिवारी मुठभेड़ मामले, नीट पुनर्परीक्षा में सामने आए फर्जीवाड़े और गोपालगंज में अभिनेता पंकज त्रिपाठी के भाई पर हुए हमले को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एडीजी ने बताया कि भरत भूषण तिवारी मुठभेड़ मामले की निष्पक्ष और वैज्ञानिक जांच के लिए शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी को पुलिस मुख्यालय की ओर से अधिकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं जिनकी कांड संख्या 169/26 और 170/26 है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच में एफएसएल समेत सभी वैज्ञानिक संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। साथ ही पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है। एडीजी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में लापरवाही सामने आने के बाद एक थानाध्यक्ष, दो सब इंस्पेक्टर, एक एएसआई और एक कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि 16 जून को पहली कार्रवाई के दौरान संबंधित पुलिसकर्मी अभियुक्त को समय रहते नियंत्रित नहीं कर सके थे। मुठभेड़ से जुड़े सवालों और कथित स्टिंग ऑपरेशन को लेकर एडीजी ने कहा कि मामला न्यायिक जांच के अधीन है, इसलिए इस पर पुलिस की ओर से कोई टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस किसी मुठभेड़ को उपलब्धि नहीं मानती लेकिन आत्मरक्षा की स्थिति में कानून पुलिस को आवश्यक कार्रवाई का अधिकार देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। संत मोड़ के पास रविवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान हरपुर बाजार निवासी गौरी शंकर मांझी के 17 वर्षीय पुत्र बिक्की कुमार और राजकपूर मांझी के 22 वर्षीय पुत्र जिम्मी कुमार के रूप में हुई है। इस हृदयविदारक घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### बुलेट सीखने में गयी युवती की जान

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के दरिगांव थाना अंतर्गत बभनपुरवा गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बुलेट सीखने के दौरान हुई दुर्घटना में 25 वर्षीय युवती की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान सासाराम नगर थाना क्षेत्र के न्यू एरिया निवासी संतोष पांडेय की पुत्री पंखुरी पांडेय उर्फ श्रेया कुमारी के रूप में की गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही दरिगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय की वेबसाइट लॉन्च

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खान ने विभाग के तहत संचालित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय की वेबसाइट का शुभारंभ (लॉन्चिंग) किया। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा विकसित इस वेबसाइट के माध्यम से छात्र एवं अभिभावक आवासीय विद्यालयों से संबंधित आवश्यक सूचनाएं एवं सेवाएं अधिक सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ प्राप्त कर सकेंगे। सोमवार को हज भवन में आयोजित विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान इस वेबसाइट की शुरुआत की गई। मंत्री मो. जमा खान ने विभागीय योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने के निर्देश दिए।

### सीबीएसई 12वीं कक्षा की कम्पार्टमेंटल परीक्षा 15 को

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** सीबीएसई की 12वीं कक्षा की कम्पार्टमेंटल परीक्षा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। इससे छात्र और अभिभावक परेशान हैं। बोर्ड के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए लिस्ट ऑफ कैंडिडेट तैयार करने और आवेदन की प्रक्रिया जून के पहले सप्ताह से शुरू होनी थी लेकिन जून का तीसरा सप्ताह बीत जाने के बावजूद इस संबंध में कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गयी है। बोर्ड की ओर से 15 जुलाई को कम्पार्टमेंट परीक्षा कराने की घोषणा की गई है। हालांकि बोर्ड की ओर से सूचित किया गया है कि जून के अंत में कंपार्टमेंटल परीक्षा की शेड्यूल जारी किया जाएगा।

# बंद पड़ी चीनी मिलों को शुरू करने के लिए तेजी से करें काम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में चीनी उद्योग को फिर से मजबूत बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में गन्ना उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को चीनी उद्योग के पुनरुद्धार, निवेश बढ़ाने तथा किसानों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में गन्ना आधारित उद्योगों के विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बंद पड़ी चीनी मिलों के पुनर्जीवन और नई चीनी मिलों की स्थापना के लिए तेजी से काम किया जाए। रैयाम, सकरी, सासामुसा, मधौरा, मोतीपुर, समस्तीपुर, चकिया, चनपटिया और मोतिहारी सहित उन सभी क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियां फिर से शुरू करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं, जहां चीनी मिलें बंद हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चीनी मिलों के दोबारा शुरू होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और किसानों को भी सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चंपारण क्षेत्र को देश के प्रमुख गन्ना उत्पादन क्षेत्रों में विकसित करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि गन्ना उत्पादन बढ़ाने, उत्पादकता सुधारने और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं।

### बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने किया विशेषाधिकार न्यायालय का शुभारंभ

# विधायकों-अफसरों से बदसलूकी पर होगी सीधी कार्रवाई : डॉ. प्रेम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा परिसर में विधायकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के मान-सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। विधानसभा के उपभवन में नवनिर्मित विशेषाधिकार न्यायालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने इस विशेष न्यायालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने दो टूक शब्दों में कहा कि सदन या उसके सदस्यों के विशेषाधिकारों का हनन करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों या किसी भी व्यक्ति पर नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विधानसभा उपभवन में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव और विशेषाधिकार समिति के सदस्य तारकिशोर प्रसाद समेत सदन के कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी नेताओं ने इस पहल को विधायी व्यवस्था को मजबूत करने वाला कदम बताया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-194 के तहत विधानसभा, उसके सदस्यों और समितियों को विशेष अधिकार और शक्तियां प्राप्त हैं। अक्सर विधायकों या सदन के कर्मियों के साथ बदसलूकी या उनके अधिकारों के हनन के मामले सामने आते हैं। अब ऐसे सभी मामलों की सुनवाई इसी न्यायालय में की जाएगी। उन्होंने कहा कि विधायकों, विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों की शिकायतों का यहां निपटारा होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि इस न्यायालय की कार्यप्रणाली केवल विधानसभा सत्र तक सीमित नहीं रहेगी। साल के किसी भी दिन यदि विशेषाधिकार हनन का कोई मामला सामने आता है तो कोर्ट उसकी पूरी निष्पक्षता से जांच करेगी। इस पहल से कार्यपालिका और विधायिका के बीच के समन्वय और अनुशासन को और बल मिलने की उम्मीद है।




# निशांत कुमार ही होंगे नीतीश कुमार के उत्तराधिकारी : संजय झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड में निशांत कुमार ही नीतीश कुमार के उत्तराधिकारी होंगे। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने सोमवार को बताया कि निशांत कुमार आगे पार्टी का नेतृत्व करेंगे और वही इस पार्टी के भविष्य हैं। पार्टी संगठन को और मजबूत करने तथा उसके विस्तार को लेकर लगातार काम किया जा रहा है। श्री झा ने सोमवार को पटना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि नीतीश कुमार पहले ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हो चुके थे। रविवार को राष्ट्रीय परिषद में इसका अनुमोदन किया गया। उन्होंने निशांत कुमार को लेकर कहा कि वह अभी सरकार में काम कर रहे हैं और आगे संगठन में भी काम करेंगे। वहीं बिहार सरकार में मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि निशांत कुमार युवा हैं और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं की लगातार मांग थी कि उन्हें पार्टी में शामिल किया जाए और राज्य में काम करने का मौका दिया जाए। निशांत कुमार को पार्टी में शामिल किया गया। आज वह न केवल पार्टी के लिए काम कर रहे हैं बल्कि सरकार में भी अच्छा काम कर रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने रविवार को बताया कि राष्ट्रीय परिषद की बैठक में नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के निर्वाचन का अनुमोदन किया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि मुख्यमंत्री पद छोड़कर सहर्ष सत्ता हस्तांतरण का निर्णय लेकर नीतीश कुमार ने राजनीतिक शुचिता, विश्वास और सहयोग का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रस्ताव में दावा किया गया कि साल 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में जदयू ने 101 सीटों पर चुनाव लड़कर 85 सीटों पर जीत हासिल की, जो पार्टी के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसमें अति पिछड़ा, पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जाति-जनजाति समुदायों को व्यापक प्रतिनिधित्व दिए जाने का उल्लेख किया गया।

# त्रिविक्रम नारायण सिंह बने मगध और शाहाबाद के संगठन समन्वयक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** बिहार भाजपा ने संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए राज्य को पांच हिस्सों में बांटते हुए पांच विधायकों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने अलग-अलग संभागों और जिलों के लिए सरकार-संगठन समन्वयक नियुक्त किए हैं। इन समन्वयकों का काम सरकार की योजनाओं और संगठन की गतिविधियों के बीच तालमेल बनाना होगा। मिथिला और तिरहुत संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों का प्रभार विधायक मनोज शर्मा को सौंपा गया है। वह मिथिला संभाग के दरभंगा पूर्वी, दरभंगा पश्चिमी, मधुबनी, झंझारपुर, समस्तीपुर उत्तरी और समस्तीपुर दक्षिणी जिलों के साथ तिरहुत संभाग के वैशाली उत्तरी, वैशाली दक्षिणी, मुजफ्फरपुर पूर्वी, मुजफ्फरपुर पश्चिमी, सीतामढ़ी और शिवहर जिलों में सरकार-संगठन समन्वयक की जिम्मेदारी निभाएंगे। मगध और शाहाबाद संभाग के जिलों की जिम्मेदारी विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह को दी गई है। उनके जिम्मे मगध संभाग के जहानाबाद, गया पश्चिमी, गया पूर्वी, औरंगाबाद, अरवल और नवादा जिले होंगे। इसके अलावा शाहाबाद संभाग के कैमूर, रोहतास, बक्सर और भोजपुर जिलों में भी वह समन्वयक की भूमिका निभाएंगे। चम्पारण और सारण संभाग के सभी जिलों का समन्वय कार्य विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह को सौंपा गया है। उनके कार्यक्षेत्र में चम्पारण संभाग के बगहा, रक्सौल, बेतिया, मोतिहारी और ढाका जिले शामिल हैं। वहीं सारण संभाग के सिवान पश्चिमी, सिवान पूर्वी, गोपालगंज, सारण पूर्वी और सारण पश्चिमी जिलों की जिम्मेदारी भी उन्हें दी गई है। विधायक विजय खेमका को भागलपुर, कोशी और सीमांचल संभाग का समन्वयक बनाया गया है। वह भागलपुर संभाग के भागलपुर, बांका और नवगछिया जिलों के अलावा कोशी संभाग के सुपौल, सहरसा और मधेपुरा जिलों की जिम्मेदारी संभालेंगे। साथ ही सीमांचल संभाग के अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिलों में भी सरकार-संगठन के बीच समन्वय का काम करेंगे। पटना, मुंगेर, बेगूसराय और नालंदा संभाग के जिलों की कमान विधायक संजय गुप्ता को सौंपी गई है। उनके जिम्मे पटना संभाग के पटना महानगर, पटना ग्रामीण और बाढ़ जिले होंगे। इसके अलावा मुंगेर संभाग के मुंगेर, जमुई और लखीसराय, बेगूसराय संभाग के खगड़िया और बेगूसराय तथा नालंदा संभाग के नालंदा और शेखपुरा जिलों में भी वह सरकार-संगठन समन्वयक की भूमिका निभाएंगे। भाजपा की इस नई व्यवस्था के तहत पूरे बिहार को पांच बड़े क्षेत्रों में बांटकर अलग-अलग विधायकों को जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी का उद्देश्य संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, योजनाओं की निगरानी करना और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद को मजबूत बनाना है। आगामी चुनावी और संगठनात्मक गतिविधियों को देखते हुए भाजपा ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

# हर दाखिल-खारिज का होगा ऑनलाइन सत्यापन : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार ने सोमवार को सरकारी जमीन की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बिहार के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) के प्रत्येक मामले में निर्णय लेने से पहले संबंधित जमाबंदी का सरकारी भूमि अभिलेखों से अनिवार्य सत्यापन किया जाए। विभाग का मानना है कि इससे सरकारी जमीन पर गलत तरीके से जमाबंदी कायम होने की संभावना समाप्त होगी और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी भूमि की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि कई मामलों में यह पाया गया है कि दाखिल-खारिज प्रक्रिया के दौरान सरकारी भूमि से संबंधित अभिलेखों का समुचित मिलान नहीं होने के कारण बाद में विवाद उत्पन्न होते हैं और सरकारी जमीन पर गलत जमाबंदी कायम होने की आशंका बनी रहती है। इसी को देखते हुए विभाग ने नई व्यवस्था लागू की है। मंत्री ने बताया कि बिहार भूमि पोर्टल के ई-जमाबंदी मॉड्यूल में सरकारी भूमि के डिजिटलीकरण, प्रविष्टि और सत्यापन के लिए आवश्यक तकनीकी प्रावधान पहले से उपलब्ध हैं। खतियान और सरकारी भूमि पंजी के आधार पर चिन्हित सभी सरकारी भूमि से संबंधित जमाबंदियों की सूची अंचल अधिकारियों के लॉगिन में उपलब्ध करा दी गई है। इससे किसी भी दाखिल-खारिज आवेदन के निष्पादन से पहले संबंधित भूमि का ऑनलाइन सत्यापन और मिलान आसानी से किया जा सकेगा। विभागीय समीक्षा के दौरान यह सामने आया था कि कुछ स्थानों पर म्यूटेशन मामलों में सरकारी भूमि से संबंधित अभिलेखों का नियमित मिलान नहीं किया जा रहा था। इसे गंभीरता से लेते हुए विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अंचल अधिकारियों को स्पष्ट रूप से सुनिश्चित कराएं कि प्रत्येक दाखिल-खारिज आवेदन का निपटारा सरकारी भूमि की उपलब्ध सूची की जांच और मिलान के बाद ही किया जाए। डॉ. जायसवाल ने कहा कि राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और तकनीक आधारित निगरानी को मजबूत करना विभाग की प्राथमिकता है। बिहार भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण और ऑनलाइन सत्यापन व्यवस्था न केवल सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी बल्कि आम नागरिकों के हितों की भी रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि सरकारी भूमि का एक-एक इंच सुरक्षित रहे और किसी भी प्रकार की अनियमितता या त्रुटिपूर्ण जमाबंदी की संभावना पूरी तरह समाप्त हो। इसके लिए विभाग लगातार तकनीकी सुधार और निगरानी तंत्र को मजबूत कर रहा है।



# सरकारी भूमि की दाखिल खारिज की होगी जांच, अब नहीं होगी गलत जमाबंदी : डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल

## प्रत्येक दाखिल-खारिज आवेदन के निष्पादन से पहले सरकारी भूमि सूची से मिलान करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में सरकारी भूमि की सुरक्षा और भूमि अभिलेखों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) के प्रत्येक मामले के निष्पादन से पहले संबंधित जमाबंदी का सरकारी भूमि अभिलेखों से अनिवार्य रूप से मिलान किया जाए। इसका उद्देश्य सरकारी भूमि पर गलत तरीके से जमाबंदी कायम होने की संभावना को समाप्त करना तथा सरकारी संपत्तियों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी भूमि की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में यह पाया गया है कि दाखिल-खारिज की प्रक्रिया के दौरान सरकारी भूमि से संबंधित अभिलेखों का समुचित मिलान नहीं होने के कारण भविष्य में विवाद उत्पन्न होते हैं तथा सरकारी भूमि पर गलत जमाबंदी कायम होने की आशंका बनी रहती है। अब ऐसी किसी भी चूक की संभावना को समाप्त करने के लिए विभागीय स्तर पर स्पष्ट व्यवस्था लागू की गई है। मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा बिहारभूमि पोर्टल के ई-जमाबंदी मॉड्यूल में सरकारी भूमि के डिजिटलीकरण, प्रविष्टि एवं सत्यापन के लिए आवश्यक तकनीकी प्रावधान पहले ही किए जा चुके हैं। खतियान एवं सरकारी भूमि पंजी के आधार पर चिन्हित सभी सरकारी भूमि से संबंधित जमाबंदियों की सूची अंचल अधिकारियों के लॉगिन में उपलब्ध कराई गई है। इससे किसी भी दाखिल-खारिज आवेदन के निष्पादन से पहले संबंधित भूमि का ऑनलाइन सत्यापन और मिलान करना आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि विभागीय समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि कुछ स्थानों पर दाखिल-खारिज के मामलों में सरकारी भूमि से संबंधित अभिलेखों का नियमित मिलान नहीं किया जा रहा था। इसे गंभीरता से लेते हुए सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने स्तर से अंचल अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित करें कि प्रत्येक दाखिल-खारिज आवेदन का निष्पादन सरकारी भूमि की उपलब्ध सूची से जांच एवं मिलान के बाद ही किया जाए। राजस्व मंत्री डॉ. जायसवाल ने कहा कि राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और तकनीक आधारित निगरानी को मजबूत करना विभाग की प्राथमिकता है। बिहारभूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण और ऑनलाइन सत्यापन व्यवस्था न केवल सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि आम नागरिकों के हितों की भी रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि सरकारी भूमि का एक-एक इंच सुरक्षित रहे और किसी भी प्रकार की अनियमितता या त्रुटिपूर्ण जमाबंदी की संभावना समाप्त हो। इसके लिए विभाग लगातार तकनीकी सुधार, निगरानी और जवाबदेही की व्यवस्था को मजबूत कर रहा है।

# हाजीपुर में स्थापित होगी आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाई

## 17 करोड़ के निवेश से 200 रोजगार के अवसर होंगे सृजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के खाद्य प्रसंस्करण एवं विनिर्माण क्षेत्र को नई गति प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मूगी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा औद्योगिक क्षेत्र गोरौल फेज-1, हाजीपुर (वैशाली) में अत्याधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित की जाएगी। लगभग 17.25 करोड़ के निवेश से विकसित होने वाली यह परियोजना राज्य के खाद्य विनिर्माण क्षेत्र को सुदृढ़ करने के साथ-साथ रोजगार सृजन एवं स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। इस संबंध में बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार की परियोजना समाशोधन समिति की बैठक उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पात्र आवेदकों को राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि एवं प्लग एंड प्ले शेड्स आवंटित करने के प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गई। इसी क्रम में मूगी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड को आइए गोरौल फेज-1, हाजीपुर में खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने की स्वीकृति दी गई। प्रस्तावित इकाई 2 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की जाएगी जहां कुरकुरे, पफ्स एवं अन्य रेडी-टू-ईट स्नैक उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से राज्य में खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धित उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही लगभग 200 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं कौशल विकास के नए अवसर उपलब्ध होंगे। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार सरकार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को राज्य के औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण आधार बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परियोजनाएं स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग, रोजगार सृजन तथा खाद्य विनिर्माण क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का अग्रणी केंद्र बनाने के लिए सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है। उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार में निवेशकों को बेहतर आधारभूत संरचना, पारदर्शी प्रक्रियाएं एवं निवेशक-अनुकूल नीतियां उपलब्ध कराई जा रही है।

# वीबी जी राम जी अधिनियम के तहत 125 दिनों का मिलेगा रोजगार : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** विकसित भारत जीरामजी योजना के संबंध में उप विकास आयुक्तों, एनइपी निदेशकों एवं मनरेगा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम मुख्य सचिवालय परिसर स्थित अधिवेशन भवन में आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी (वीबी-जी राम जी) अधिनियम के तहत अकुशल श्रम कार्य करने के इच्छुक पात्र ग्रामीणों को प्रति वर्ष 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी। योजना के मुख्य बिन्दुओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कृषि और मौसम आधारित योजनाओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। श्री कुमार ने केंद्र सरकार से सभी राज्यों में विकसित भारत जी राम जी के तहत एक समान मजदूरी निर्धारित करने के साथ-साथ पूर्व की लंबित राशि को शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया। ग्रामीण विकास विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कई मोर्चों पर राज्य की उपलब्धियां सराहनीय रहीं। जल संरक्षण के लिए बिहार के चेक डैम मॉडल को पूरे देश ने अपनाया। साथ ही कुआं एवं तालाब निर्माण में बिहार को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। मंत्री ने कहा कि राज्य में अब तक 20 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं और चालू वित्तीय वर्ष में 1.25 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जल-जीवन- हरियाली अभियान के शुरुआत में राज्य में हरित क्षेत्र 9 प्रतिशत था, जो बढ़ कर 16 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। उन्होंने इसे और बढ़ाकर राष्ट्रीय औसत 33 प्रतिशत तक ले जाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने मनरेगा अंतर्गत खेल मैदान निर्माण के क्षेत्र में राज्य की उल्लेखनीय उपलब्धि की चर्चा की। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों को रोजगार देने की योजना प्राचीन काल से चली आ रही है। इसमें जरूरत के अनुसार समय-समय पर बदलाव किए जाते रहे हैं। विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम उसी का आधुनिक स्वरूप है, जो आज की आवश्यकताओं के अनुरूप है। उन्होंने बताया कि बड़े राज्यों में बिहार ही ऐसा पहला राज्य है जहां इस अधिनियम को सबसे पहले कैबिनेट से पारित किया गया।

# बिहार देश का पहला राज्य जहां एक दिन में 68 सौ खेल मैदानों को मिली स्वीकृति : मंत्री

## विभागीय मंत्री ने दिया कृषि और मौसम आधारित योजनाओं को लागू करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार देश में पहला राज्य है जहां सरकार ने 6800 खेल मैदानों के लिए एक दिन में स्वीकृति दी। इनमें से करीब छह हजार खेल मैदान बनाए जा चुके हैं। ग्रामीण विकास विभाग ने गांवों में कई ऐसी महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया जो पूरे देश के लिए उदाहरण बना। बिहार को जहां कई राष्ट्रीय पुरस्कार मिले वहीं यहां की योजनाओं को मॉडल के रूप में देश दूसरे राज्यों ने स्वीकार किया। ये बातें सोमवार को विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम के तहत अधिवेशन भवन में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कही। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि चेक डैम के निर्माण में बिहार को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के साथ-साथ इसके मॉडल को पूरे देश में लागू किया गया। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की समस्या से जूझ रही थी तो तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जल-जीवन-हरियाली अभियान की नींव रखी। बिहार के लिए वह ऐतिहासिक पल था जब एक दिन में 18 हजार लंबी मानव श्रृंखला बनाई गई और करीब 5 करोड़ से अधिक लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर देश दुनिया को संदेश दिया। पोखर, तालाब, पइन, आहर आदि के काम को तेजी से आगे बढ़ाया गया। उन्होंने बताया कि जल जीवन हरियाली अभियान के तहत बिहार में 20 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। इस बार एक करोड़ 25 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मंत्री श्री कुमार ने बताया कि राज्यों के मनरेगा मजदूरी एक समान न होकर मानदंडों के अनुसार अलग-अलग है। भारत सरकार को बिहार की वित्तीय स्थिति की भी समीक्षा करनी चाहिए। दूसरे राज्यों में श्रमिकों को जहां 300-350 रुपये मजदूरी दी जा रही है वहीं बिहार में यह 255 रुपये निर्धारित है। केंद्र सरकार को इस अंतर को पाटने पर विचार करना चाहिए। श्री कुमार ने अधिकारियों से कृषि और मौसम आधारित योजनाओं को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। बताया कि मजदूरों को पूर्व के मनरेगा में 100 दिन की बजाय अब वीबी-जी राम जी अधिनियम के तहत 125 दिन की मजदूरी की गारंटी मिलेगी। साथ ही कृषि कार्य के लिए 60 दिन काम बंद रहेगा। इस अवसर पर विभागीय प्रधान सचिव पंकज कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों को रोजगार देने की योजना प्राचीन काल से चली आ रही है। इसमें जरूरत के अनुसार समय-समय पर बदलाव किए गए। वीबी-जी राम जी अधिनियम उसी का एक बदला रूप है। उन्होंने बताया कि बड़े राज्यों में बिहार ही ऐसा पहला राज्य है जहां इस अधिनियम को सबसे पहले कैबिनेट से पारित किया गया। इस पूरी योजना को ग्रामीण क्षेत्र की आधारभूत संरचना, जीविका, जल प्रबंधन और प्राकृतिक आपदा से जोड़ा गया है।

# भीषण गर्मी के कारण सुबह 6.30 से 12.30 बजे तक सरकारी स्कूल खोलने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में पड़ रही उमस भरी भीषण गर्मी को देखते हुए 30 जून तक सभी प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक सरकारी विद्यालयों का संचालन सुबह 6.30 से दोपहर 12.30 बजे तक किया जाएगा। इसे लेकर शिक्षा विभाग के माध्यमिक शिक्षा निदेशक सज्जन आर ने सोमवार को सभी जिलों के सभी संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा है जिसमें निर्धारित नए टाइम टेबल के अनुसार विद्यालयों का संचालन करने के लिए कहा गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी निदेशक, सभी डीईओ सहित संबंधित अधिकारियों के पास पत्र भेजकर कहा है कि ग्रीष्मकाल में राज्य में पड़ने वाली भीषण गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों का संचालन करने का समय तय किया गया है। इसी समय सारणी के अनुसार उक्त विद्यालयों का संचालन 22 से 30 जून तक किया जाएगा। हालांकि स्थानीय परिस्थितियों एवं मौसम की गंभीरता को देखते हुए संबंधित जिला पदाधिकारियों को आवश्यकतानुसार विद्यालय संचालन के समयावधि में संशोधन करने का अधिकार प्रदान किया गया है। सभी डीएम को स्कूलों के नियम में बदलाव करके संचालन या इसे बंद रखने का अधिकार है।

# बिहार में जुलाई से शुरू होगा राष्ट्रीय ऋण, निवेश और प्रवासन सर्वेक्षण, पटना में प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** देश में परिवारों की आर्थिक स्थिति, ऋण, निवेश और प्रवासन से जुड़ी जानकारी जुटाने के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जुलाई 2026 से एक महत्वपूर्ण सर्वेक्षण शुरू किया जाएगा। इसके लिए पटना में क्षेत्रीय अधिकारियों एवं प्रगणकों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्र संचालन प्रभाग), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के बिहार क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा 22 जून से पटना स्थित कार्यालय परिसर में प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यह प्रशिक्षण 81वें दौर के लिए आयोजित किया गया है जिसके अंतर्गत अखिल भारतीय ऋण और निवेश सर्वेक्षण एवं स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण तथा प्रवासन संबंधी विवरण का संग्रह किया जाएगा। सर्वेक्षण जुलाई से दिसंबर 2026 तक संचालित होगा। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख रोशन लाल साहू ने किया। उन्होंने कहा कि यह सर्वेक्षण देश के ग्रामीण और शहरी परिवारों की आर्थिक स्थिति को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके माध्यम से परिवारों की संपत्ति, ऋण, निवेश, भूमि, भवन, पशुधन, बैंक जमा, बीमा और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों से जुड़ी जानकारी एकत्र की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण के तहत कृषि परिवारों की आय, खेती की लागत, गैर-कृषि गतिविधियों से होने वाली आमदनी, ऋण एवं निवेश की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा। वहीं प्रवासन सर्वेक्षण के माध्यम से लोगों के पलायन के स्वरूप, कारणों, रोजगार की स्थिति तथा प्रवासी परिवारों को मिलने वाली धनराशि (रेमिटेंस) संबंधी आंकड़े जुटाए जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों को सर्वेक्षण की प्रक्रिया, आंकड़ों के संग्रहण और उनकी शुद्धता सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान उप निदेशक परिमल ने पिछले सर्वेक्षणों के आंकड़ों और उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को गुणवत्तापूर्ण डेटा संग्रह के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक निदेशक राजीव कुमार झा एवं वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी प्रियंका कुमारी ने किया। प्रशिक्षण में बिहार और झारखंड क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों से आए अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने कहा कि इस सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़े सरकार को नीतिगत निर्णय लेने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति समझने तथा रोजगार एवं सामाजिक विकास से जुड़ी योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेंगे।

# योगजनक महर्षि पतंजलि संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर के साथ विश्व योग दिवस सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित योगजनक महर्षि पतंजलि स्मृतौ अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्जालीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर के साथ विश्व योग दिवस समारोह रविवार को संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह संस्था द्वारा आयोजित लगातार 45वां संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर था जिसमें देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों के प्राचार्य, आचार्य, सह आचार्य एवं प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा योग से ही नीरोग रहा जा सकता है एवं शारीरिक और मानसिक तनाव दूर हो सकता है। महर्षि पतंजलि रचित योगसूत्र का अध्ययन अति आवश्यक है। अपने उद्घाटन भाषण में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि योग दैनिक जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने अष्टांगयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रो रागिनी वर्मा ने नियमित योग की आवश्यकता बताई। महर्षि पतंजलि योगदर्शन पर विस्तार से चर्चा की।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास के भागीरथ और गरीबों के मसीहा : नित्यानंद राय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने रविवार को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित अति पिछड़ा सम्मेलन में भाग लेते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास के भागीरथ, गरीबों के मसीहा और सामाजिक न्याय के सच्चे वाहक हैं। उनकी सरकार की योजनाओं का केंद्रबिंदु समाज के गरीब, वंचित, पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और सामाजिक सशक्तिकरण के नए मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में गरीब, गरीब का सम्मान और गरीबों के अधिकार तीनों सुरक्षित हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है जिससे गरीब और वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है कि एक पिछड़े समाज का बेटा देश का प्रधानमंत्री बना और उसने अपने कार्यों के माध्यम से भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है और अति पिछड़ा समाज को सम्मान तथा अवसर प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। देश की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लेख करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा कि आज भारत की स्थिति पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि देश और देश की सीमाएं दोनों सुरक्षित हैं। भारत अब विश्व मंच पर निर्णायक भूमिका निभा रहा है और वैश्विक स्तर पर होने वाले महत्वपूर्ण निर्णयों में भारत की भागीदारी और नेतृत्व को स्वीकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है और दुनिया भारत की ताकत को सम्मान की दृष्टि से देख रही है।

# दानापुर मंडल ने किया पुलिस भर्ती परीक्षा के मद्देनजर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पुलिस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु दानापुर मंडल द्वारा 23/24 जून 2026 को परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिसका विस्तृत विवरण संलग्न किया जा रहा है-

**23.06.2026 को चलने वाली ट्रेन:**

पाटलिपुत्र से 20:00 खुलकर अगले दिन 5:00 बजे सहरसा को पहुंचने वाली ट्रेन, पटना से 20:50 बजे खुलकर अगले दिन 3:00 बजे भभुआ को पहुंचने वाली ट्रेन, पटना से 21:00 बजे खुलकर अगले दिन 5:00 बजे बेतिया को पहुंचने वाली ट्रेन, पाटलिपुत्र से 21:45 खुलकर अगले दिन 5:30 बजे पूर्णिया को पहुंचने वाली ट्रेन, दानापुर से 22:00 खुलकर अगले दिन 6:00 बजे अररिया को पहुंचने वाली ट्रेन, पटना से 23:00 खुलकर अगले दिन 3:00 बजे सिवान को पहुंचने वाली ट्रेन **24.06.2026 को चलने वाली ट्रेनें:**

बख्तियारपुर से 7:00 खुलकर 9:00 बजे राजगीर को पहुंचने वाली ट्रेन , किऊल से 12:30 खुलकर 16:30 बजे गया को पहुंचने वाली ट्रेन, राजगीर से 13:00 खुलकर 15:00 बजे बख्तियारपुर को पहुंचने वाली ट्रेन,

नवादा से 13:00 खुलकर 16:45 बजे झाझा को पहुंचने वाली ट्रेन

बक्सर से 13:30 खुलकर 16:30 बजे दानापुर को पहुंचने वाली ट्रेन

झाझा से 17:00 खुलकर 21:00 बजे पटना को पहुंचने वाली ट्रेन, गया से 17:30 खुलकर 21:30 बजे किऊल को पहुंचने वाली ट्रेन ।

# पार्सल परिवहन सेवाओं के विस्तार एवं सुधार हेतु मुख्यालय हाजीपुर में पार्सल लीजधारकों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय, हाजीपुर में पूर्व मध्य रेल के सभी पांचों मंडलों के पार्सल लीजधारकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अमिताभ प्रभाकर, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा की गई। बैठक में मुख्यालय तथा पूर्व मध्य रेल के सभी पांचों मंडलों के वाणिज्य अधिकारियों के साथ-साथ लगभग 70 पार्सल लीजधारकों एवं हितधारकों ने भाग लिया तथा पार्सल परिवहन सेवाओं के विस्तार एवं सुधार हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान जटडुमरी स्टेशन को पार्सल हब के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया जिससे पार्सल संचालन को और अधिक सुदृढ़ एवं सुगम बनाया जा सके। इसके साथ ही जटडुमरी से चितपुर (कोलकाता) एवं गुवाहाटी होकर त्रिपुरा (अगरतला) तक पीसीईटी ट्रेन चलाने तथा इस सेवा का विस्तार दिल्ली होते हुए अमृतसर तक करने का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में चर्चा के दौरान लीजधारकों द्वारा गाड़ी संख्या 13185/86 गंगा सागर एक्सप्रेस में (एलएचबी रेक में परिवर्तन के उपरांत), गाड़ी संख्या 13165/66 सीतामढ़ी-कोलकाता एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या 13257/58 दानापुर-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस में पार्सल वैन की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई। साथ ही कुछ ट्रेनों के अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने तथा स्टेशनों पर पार्सल पैकेजों की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। बैठक के दौरान अमिताभ प्रभाकर ने पार्सल सेवाओं के विस्तार, ग्राहकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व में वृद्धि हेतु रेलवे प्रशासन एवं पार्सल हितधारकों के बीच निरंतर समन्वय बनाए रखने पर बल दिया। बैठक में प्राप्त सुझावों का व्यवहारिकता के आधार पर परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जन्दाहा ओपन माइक काव्य संध्या का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**जन्दाहा (वैशाली)।** युवा भारत विकास संगठन के तत्वावधान में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिसर, जन्दाहा में आयोजित 'जन्दाहा ओपन माइक (काव्य संध्या)' कार्यक्रम साहित्य, कला एवं संस्कृति का भव्य संगम बनकर उभरा। कार्यक्रम में क्षेत्र के कवियों, साहित्यकारों, विद्यार्थियों एवं कला प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध कवयित्री वर्षा ठाकुर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्री जय सिंह राठौड़ उपस्थित रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आनंद रंजन झा एवं मनोज साह ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। मंच संचालन सुश्री वर्षा ठाकुर ने किया तथा कार्यक्रम के दौरान संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से पद सृजित किया गया जिसमें वर्षा ठाकुर को अध्यक्ष, जय सिंह राठौर को प्रांतीय संरक्षक, डॉ. आनंद रंजन झा को जिला संरक्षक, मनोज साहू को प्रखंड संरक्षक, सुनील कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह को संगठन महामंत्री, हरिशंकर सिंह को संगठन संयोजक, राष्ट्रीय सलाहकार कवि दिव्यांश दुष्यंत, राष्ट्रीय राष्ट्रीय संरक्षक प्रभात ठाकुर जी को दायित्व दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कवियों एवं प्रतिभागियों ने देशभक्ति, सामाजिक सरोकार, प्रेम, मानवीय मूल्यों तथा समसामयिक विषयों पर अपनी कविताओं एवं रचनाओं का पाठ किया। उपस्थित श्रोताओं ने कवियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

## सात निश्चय-3 के 'दोगुनी आय-दोगुना रोजगार' संकल्प को मिलेगा बल

# राइपनिंग चैंबर स्थापना पर 35 प्रतिशत अनुदान : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार सरकार के कृषि विभाग अंतर्गत उद्यान निदेशालय द्वारा राज्य में फलों के सुरक्षित, वैज्ञानिक एवं नियंत्रित परिपक्वन को बढ़ावा देने के लिए राइपनिंग चैंबर की स्थापना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह पहल मुख्यमंत्री के सात निश्चय-3 के अंतर्गत 'दोगुनी आय-दोगुना रोजगार' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों तथा युवाओं को आधुनिक बागवानी मूल्य-श्रृंखला से जोड़ते हुए उनकी आय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। यह बात आज मीठापुर स्थित कृषि भवन में उद्यान निदेशालय की समीक्षा बैठक के दौरान कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कही। बिहार में केला सहित विभिन्न फलों के उत्पादन के दौरान कटाई के समय बाजार में एक साथ अधिक मात्रा में उपज आने से किसानों को अक्सर कम कीमत पर फल बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है। पर्याप्त राइपनिंग चैंबर उपलब्ध नहीं होने के कारण उपज का वैज्ञानिक प्रबंधन नहीं हो पाता जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं बाद के महीनों में राज्य को अन्य प्रदेशों से पके फलों की आपूर्ति पर निर्भर रहना पड़ता है। राइपनिंग चैंबर की सुविधा उपलब्ध होने पर फलों को नियंत्रित वातावरण में सुरक्षित रखा जा सकता है तथा मांग और बेहतर बाजार मूल्य के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से बाजार में उपलब्ध कराया जा सकता है। राइपनिंग चैंबर में तापमान, आर्द्रता, वायु-संचार तथा एथिलीन गैस की वैज्ञानिक एवं नियंत्रित व्यवस्था होती है। इससे कैल्शियम कार्बाइड जैसे हानिकारक रसायनों के उपयोग की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और फल प्राकृतिक, सुरक्षित तथा समान रूप से पकते हैं। इससे फलों की गुणवत्ता, स्वाद, रंग, सुगंध और शेल्फ-लाइफ में सुधार होता है जिससे बाजार में उनकी मांग और मूल्य दोनों बढ़ते हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि योजना के अंतर्गत राइपनिंग चैंबर की स्थापना पर 35 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। पात्र लाभार्थियों को अधिकतम 35,000 रुपये प्रति मीट्रिक टन क्षमता तक सहायता प्रदान की जाएगी। यह योजना किसान उत्पादक संगठनों, सहकारी समितियों, महिला स्वयं सहायता समूहों, उद्यमियों एवं फल उत्पादकों के लिए आधुनिक बागवानी अवसंरचना विकसित करने का उत्कृष्ट अवसर है।

# पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का दायित्व : डीआईजी डॉ. सत्यप्रकाश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार पुलिस के नवनियुक्त सिपाहियों के प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के सफल समापन पर पुलिस केंद्र के बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र में भव्य दीक्षांत परेड (पासिंग आउट परेड) का आयोजन किया गया। समारोह में नालंदा जिले के 333 नवनियुक्त सिपाहियों ने आकर्षक मार्चपास्ट एवं विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों का प्रदर्शन कर अपने अनुशासन, दक्षता और आत्मविश्वास का परिचय दिया। समारोह को संबोधित करते हुए शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डॉ. सत्यप्रकाश ने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का दायित्व है। उन्होंने नव नियुक्त जवानों से ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ जनता की सेवा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीआईजी ने परेड की सलामी ली तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु सिपाहियों को सम्मानित किया। उन्होंने परेड कमांडर प्रशांत कुमार को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षु सिपाहियों को शपथ भी दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक सह प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य रौशन कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान सिपाहियों को शारीरिक दक्षता, अनुशासन, कानून-व्यवस्था, आधुनिक पुलिसिंग, अपराध अनुसंधान, मानवाधिकार तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी प्रशिक्षु अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करेंगे। डीआईजी एवं एसपी ने सलामी गारद का निरीक्षण किया। परेड कमांडर प्रशांत कुमार के नेतृत्व में जवानों ने सलामी दी। समारोह में उपस्थित सिपाहियों के परिजनों ने उत्साहपूर्वक तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सार्जेंट रामलाल प्रसाद ने किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र के उप प्राचार्य सह साइबर डीएसपी गौरव कुमार, पुलिस लाइन डीएसपी गोरख राम, प्रशिक्षु डीएसपी समीर कुमार एवं सर्वेश कुमार, पुलिस निरीक्षक डिहरी अंचल शेर सिंह यादव, नगर थाना अध्यक्ष राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी, प्रशिक्षु सिपाही एवं उनके परिजन उपस्थित थे। समारोह के अंत में अधिकारियों ने कहा कि सेवा, सुरक्षा और समर्पण के मूल मंत्र के साथ प्रशिक्षित ये जवान अब बिहार पुलिस बल का हिस्सा बनकर राज्य में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# सबका सम्मान जीवन आसान के तहत जिला जनता दरबार का आयोजन

**समस्याओं के समाधान हेतु नियमित रूप से जनता दरबार का किया जायेगा आयोजन : डीएम**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा के द्वारा 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जिला पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिला पदाधिकारी के समक्ष रखा। उक्त जिला जनता दरबार में कुल 16 व्यक्तियों के द्वारा आवेदन पत्र/शिकायत पत्र दिया गया। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों पर जिलाधिकारी ने गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोहवलिया (खुर्द) निवासी आवेदक युगेश्वर सिंह ने अंचल सासाराम के मौजा धनपुरवा, थाना संख्या-137, खाता संख्या-130, प्लॉट संख्या-857, रकबा 7.5 डी0 भूमि से संबंधित मामला उठाया। उन्होंने बताया कि टाइटिल सूट संख्या 1571/2022 में न्यायालय सब जज-7, सासाराम द्वारा 6 फरवरी 2026 को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया गया है। बावजूद इसके स्थल पर निर्माण कार्य जारी रहने की शिकायत की गई। इस मामले में जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष सासाराम को निर्माण कार्य रोकवाते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं दिनारा थाना क्षेत्र के ग्राम बकरा निवासी हरेराज राम ने भूमि मापी कराने हेतु आवेदन पत्र दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने शीघ्र निष्पादन के लिए अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, रोहतास को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा चेनारी थाना क्षेत्र के ग्राम किनरचोला निवासी शिवपूजन तिवारी ने मौजा किनरचोला, थाना संख्या-459, खाता संख्या-88, खेसरा संख्या-293, रकबा 4 एकड़ 60 डी0 भूमि पर जबरन अतिक्रमण के प्रयास एवं उससे उत्पन्न विवाद के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम को निर्देशित किया। इसी प्रकार शेष अन्य सभी शिकायतों एवं आवेदन पत्रों को भी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन हेतु निदेशित किया गया।

## नवीनगर में विशाखापत्तनम एक्सप्रेस से 29 किलो गांजा बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नवीनगर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन नार्कोस के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए विशाखापत्तनम एक्सप्रेस से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। सोमवार सुबह की गई इस कार्रवाई में ट्रेन के कोच बी-1 से लावारिस हालत में 29.007 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 14 लाख 50 हजार 350 रुपये बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 जून 2026 को सुबह 7:57 बजे आरपीएफ नवीनगर की टीम ने विशाखापत्तनम एक्सप्रेस की जांच के दौरान कोच बी-1 में संदिग्ध लावारिस सामान देखा। तलाशी लेने पर एक भूरे रंग के ट्रॉली बैग और एक नीले रंग के हैंगिंग बैग से कुल 12 पैकेट गांजा बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच में गांजा ओडिशा से लाया जाना बताया जा रहा है। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान अंचलाधिकारी निकहत परवीन भी मौजूद रहीं। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजे को जब्त किया गया। जब्त गांजा एवं संबंधित शिकायत पत्र को आगे की कार्रवाई के लिए राजकीय रेल थाना सोननगर को सुपुर्द कर दिया गया है।

## प्रखंड के तीन अधिकारियों ने 70वीं बीपीएससी में लहराया सफलता का परचम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड के लिए गौरव का क्षण उस वक्त आया जब प्रखंड में कार्यरत तीन अधिकारियों ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता अर्जित कर पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया। सफलता प्राप्त कर प्रखंड कार्यालय पहुंचने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट एवं अंचलाधिकारी काराकाट द्वारा तीनों अधिकारियों का बुके भेंट कर भव्य स्वागत किया गया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। चयनित अधिकारियों में राजस्व अधिकारी ध्रुव कुमार ने डीएसपी पद पर सफलता प्राप्त की है जबकि श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देवाशीष कुमार एवं कल्याण पदाधिकारी शिवानी कुमारी का चयन बीपीआरओ पद पर हुआ है। तीनों अधिकारियों की इस उपलब्धि से प्रखंड कार्यालय में हर्ष का माहौल है। स्वागत समारोह के दौरान बीडीओ एवं सीओ ने कहा कि इन अधिकारियों की मेहनत, लगन और समर्पण अन्य कर्मियों एवं युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी सेवा में रहते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सफल होना यह दर्शाता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार, शिक्षक संजय सिंह, शिक्षक अनिल कुमार पासवान, समाजसेवी अर्जुन गुप्ता सहित प्रखंड कार्यालय के अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे। सभी ने चयनित अधिकारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। प्रखंडवासियों में भी इस खबर से खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि काराकाट प्रखंड के अधिकारियों का उच्च पदों पर चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और इससे यहां के युवाओं में भी प्रशासनिक सेवाओं के प्रति रुझान बढ़ेगा।

## नहर में स्नान करने गया 12 वर्षीय किशोर डूबा, 24 घंटे बाद मिला शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के आयर कोठा गांव निवासी चंदन शर्मा के 12 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार का शव सोमवार को कंछवा थाना क्षेत्र स्थित पहरामा लख के पास नहर से बरामद हुआ। रविवार को विशाल नहर में स्नान करने गया था, तभी तेज बहाव में बहकर लापता हो गया था। परिजनों की सूचना पर एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस ने तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सोमवार सुबह पहरामा लख के पास ग्रामीणों ने शव को पानी में बहते देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम के साथ अकोढ़ीगोला व कंछवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सीमा विवाद की आशंका को देखते हुए नासरीगंज थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों से पहचान कराई। कंछवा थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि रविवार से चल रहे सर्च अभियान के बाद सोमवार को शव बरामद किया गया है। फिलहाल हत्या की आशंका से इनकार किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## उदिता सिंह ने सौंपा कार्यभार, विकास को नई गति देने के मिशन पर नए डीएम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले को सोमवार को नया प्रशासनिक नेतृत्व मिला। निवर्तमान जिलाधिकारी उदिता सिंह ने जिले के नवनियुक्त जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा को विधिवत कार्यभार सौंपा। समाहरणालय में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह के साथ ही जिले की प्रशासनिक कमान नए डीएम के हाथों में आ गई। पदभार ग्रहण करने के बाद दीपक कुमार मिश्रा ने अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर जिले में चल रही विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और प्रशासनिक कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। नए जिलाधिकारी ने कहा कि ऐतिहासिक और गौरवशाली विरासत वाले रोहतास जिले में सेवा करने का अवसर उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने विकास, सुशासन और जनसेवा को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पूरी टीम के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं निवर्तमान जिलाधिकारी उदिता सिंह ने नए डीएम को शुभकामनाएं देते हुए जिले की प्रशासनिक व्यवस्था एवं विकास कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। पदभार ग्रहण समारोह के दौरान जिले के कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे। रोहतास में नए नेतृत्व के आगमन के साथ विकास कार्यों और जनसेवा को लेकर लोगों की उम्मीदें भी बढ़ गई हैं।

## बडीहा में भार्गवाज इंटरप्राइजेज इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन

**बिहार पुलिस में चयनित छात्रों को किया गया सम्मानित**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी क्षेत्र के बडीहा गांव में सोमवार को भार्गवाज इंटरप्राइजेज इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन डिहरी अनुमंडल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडे उर्फ मुटुर पांडे ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने व्यवसाय की सफलता की कामना करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में रोजगार और आधुनिक परिवहन सुविधाओं के विस्तार पर बल दिया। कार्यक्रम के उपरांत भार्गवाज लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे चार छात्र-छात्राओं नीतू कुमारी, संजना कुमारी, रिशु कुमार एवं विवेक कुमार को बिहार पुलिस में चयनित होने पर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष एवं डिहरी प्रखंड 20 सूत्री सदस्य आनंद कुमार पांडे, सरपंच प्रतिनिधि निर्मल पांडे, पीहू बिल्डर के रामानुज पांडे, भार्गवाज इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर शुभम पांडे, आसित पांडे, बृजेश पांडे, ललित पांडे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डीएसपी बनीं सानिया कलीम से मिले विधायक सोनू सिंह, दी बधाई और शुभकामनाएं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा क्षेत्र के कमरंजग निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक कलीम अहमद की पुत्री सानिया कलीम से रविवार को डिहरी के विधायक राजीव रंजन सिंह ने उनके आवास पर पहुंचकर आत्मीय भेंट की तथा बीपीएससी परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर डीएसपी पद पर चयनित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक सोनू सिंह ने कहा कि सानिया कलीम की यह शानदार उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे डिहरी विधानसभा क्षेत्र और रोहतास जिले के लिए गर्व और गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि उनकी अथक मेहनत, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। विधायक ने कहा कि सानिया कलीम की सफलता क्षेत्र की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वह अपने प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करते हुए जनसेवा, सुशासन और समाज के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उन्होंने सानिया कलीम के उज्ज्वल भविष्य, सफल प्रशासनिक जीवन, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पुनः बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## जनता दरबार: एसडीएम प्रभात कुमार ने 51 शिकायतों का किया निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** रोहतास जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को विक्रमगंज एसडीएम प्रभात कुमार ने 'सबका सम्मान जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया जिसमें अनुमंडल क्षेत्र से आए नागरिकों की कुल 51 समस्याओं का मौके पर ही निष्पादन किया गया। जनता दरबार में प्राप्त 51 आवेदनों में 26 मामले भूमि विवाद से, 11 राशन कार्ड से तथा शेष 14 अन्य प्रकार की शिकायतों से संबंधित थे, जिनके समाधान के लिए बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित हुए। एसडीएम प्रभात कुमार ने सभी आवेदन पत्रों का गहन अवलोकन कर त्वरित समाधान हेतु संबंधित कार्यालयों एवं पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से बचाना और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करना है।

## डिहरी में 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' कार्यालय का उद्घाटन, सौर ऊर्जा अपनाने का दिया संदेश




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के पाली रोड स्थित अशोक स्टूडियो के समीप सोमवार को 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के नए कार्यालय एवं शोरूम का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद के भावी चेयरमैन प्रत्याशी एवं समाजसेवी सोनू चौधरी ने फीता काटकर कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों को योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के माध्यम से आम उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा अपनाने, बिजली खर्च कम करने तथा ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना के तहत लोगों को सोलर पैनल से जुड़ी सुविधाएं एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में बिजली विभाग के एसडीओ रवि कुमार, जेई प्रमोद कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनिता यादव, वार्ड पार्षद पंडा चौधरी, सरोज उपाध्याय, सैफुल हक, पार्षद प्रतिनिधि राजेश चौधरी, कृष्णा पासवान तथा दीपक पासवान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शोरूम के संचालन एवं उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने में डायरेक्टर दिवाकर कुमार, जिला प्रबंधक विनीत पाण्डेय, एरिया मैनेजर नियामुद्दीन तथा कार्यालय संचालक रविन्द्र कुमार की सक्रिय भूमिका रही। इस अवसर पर सोनू चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण और जनहितकारी पहल है। इससे न केवल लोगों के बिजली बिल में कमी आएगी, बल्कि स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा।

## टी-20 बिहार अंडर-19 क्रिकेट टीम में डिहरी के प्रियांशु राज का चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी के डालमियानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रयाग बिगहा निवासी प्रतिभाशाली क्रिकेटर प्रियांशु राज का चयन टी-20 बिहार पुरुष अंडर-19 क्रिकेट टीम (2026-27) में होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में उनके चयन की सूचना मिलते ही परिजनों, सहपाठियों, खेल प्रेमियों और समाजसेवियों ने उन्हें बधाई दी। इस उपलब्धि पर डालमियानगर क्रिकेट कमेटी, हिमांशु फाउंडेशन एवं बाबा वीर कुंवर टूर्नामेंट कमेटी की ओर से प्रियांशु राज को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। जानकारी के अनुसार प्रियांशु राज का पहला मुकाबला जुलाई माह में पंजाब अंडर-19 टीम के खिलाफ होगा। इसके लिए उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी है। हाल ही में 8 जून को उन्होंने मध्य प्रदेश में ग्वालियर स्ट्राइकर टीम की ओर से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था जिसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया था। टीम की जीत में योगदान देने पर उन्हें गोल्डन कप भी प्राप्त हुआ था। 18 वर्षीय प्रियांशु राज दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटे हैं। उनके पिता कमलेश सिंह मूल रूप से औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के लालारो गांव के निवासी हैं तथा चावल-गेहूं के व्यवसाय से जुड़े हैं। उनकी माता नैन्सी देवी गृहिणी हैं। परिजनों के अनुसार पिता उन्हें इंजीनियर बनाना चाहते थे, लेकिन बचपन से ही क्रिकेट के प्रति उनका विशेष लगाव था। मात्र छह वर्ष की आयु से उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था और भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरित होकर विकेटकीपर बल्लेबाज बनने का सपना देखा। उनकी लगन और निरंतर मेहनत का परिणाम है कि आज उन्हें बिहार अंडर-19 टीम में स्थान मिला है। प्रियांशु राज ने बताया कि क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए पिता ने उन्हें प्रशिक्षण दिलाने का निर्णय लिया। उन्होंने बोधगया स्थित मगध पैंथर क्रिकेट क्लब में एक वर्ष तक प्रशिक्षण प्राप्त किया जहां विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी कौशल में काफी निखार आया। उन्होंने बताया कि कई बार असफलताओं का सामना करना पड़ा, लेकिन क्लब के कोच राजीव सर ने हमेशा उनका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, कोच और परिवार के सहयोग को दिया। सम्मान समारोह के दौरान कमेटी के अध्यक्ष डॉ. ओ. पी. आनंद ने कहा कि गांव के एक युवा खिलाड़ी की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। वहीं कमेटी के निर्देशक रवि शेखर ने प्रियांशु को बधाई देते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मौके पर महासचिव रणधीर सिन्हा, संयोजक विकास, चन्दन सिंह, प्रिन्स सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## आकाश दीप के तिलक समारोह में उमड़ा जनसैलाब, जश्न में डूबा पूरा इलाका



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज और रोहतास के गौरव आकाशदीप के तिलक समारोह में उनके पैतृक गांव बड्डी में उत्साह, उल्लास और गौरव का माहौल देखने को मिला। समारोह में खेल, राजनीति, प्रशासन और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कई दिग्गजों ने भाग लेकर आकाशदीप और उनके परिवार को शुभकामनाएं दीं। तिलक समारोह को लेकर पूरे गांव में विशेष उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग अपने चहेते क्रिकेटर की एक झलक पाने के लिए जुटे रहे। समारोह के दौरान आकाशदीप का पूरे परिवार के साथ पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। गांव को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और चारों ओर उत्सव जैसा वातावरण बना हुआ था। पारिवारिक रीति-रिवाजों के अनुसार तिलक की रस्म संपन्न हुई, जिसमें उपस्थित मेहमानों ने आकाशदीप के सुखद और सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। समारोह में शामिल लोगों ने आकाशदीप की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत, प्रतिभा और शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय क्रिकेट टीम में जगह बनाकर रोहतास ही नहीं बल्कि पूरे बिहार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। ग्रामीणों ने कहा कि आकाशदीप की सफलता गांव और जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### अदालती सूचना

न्यायालय में,
अवर न्यायाधिश 1
औरंगाबाद
हकियत वाद संख्या 145/2020
सुनिता देवी ------- --- वादी
बनाम
सीमा देवी वगैरह------- प्रतिवादी

सम्मन बनाम (1) विरेन्द्र प्रसाद पिता स्व. भुनेश्वर प्रसाद निवासी केताकी ग्राम-देव थाना-देव जिला-औरंगाबाद (2) ललन कुमार पिता गोपाल मेहता निवासी मौजा-शाहपुर, डाकखाना, थाना, औरंगाबाद (बिहार) आपलोगों के विरुद्ध वादी ने उपरोक्त मुकदमा लाया है जिसमें आपलोगों की उपस्थिति हेतु आपलोगों को न्यायालय के पदचर तथा पोस्ट ऑफिस के माध्यम से सम्मन भेजा गया परन्तु आपलोगो उपस्थित नहीं हुए। अतः आपलोगों को इस प्रकाशन के माध्यम से पुनः सूचित किया जाता है कि आपलोग दिनांक 2.7.2026 को समय प्रात 7.30 बजे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब लगावें अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध एक पक्षीय सुनवाई की जाएगी। इसे ताकीद जाने।

आज दिनांक 19-6-26 को मेरे हस्ताक्षर और मुहर से जारी।

**अवर न्यायाधिश प्रथम**
**औरंगाबाद (बिहार)**

# सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**नवादा।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के तहत बिहार पुलिस की विशेष शाखा, बिहार में सिपाही (सामान्य बंद संवर्ग) के पद पर चयन हेतु अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा 24 जून 2026 (बुधवार) को नवादा जिला में एकल पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज डीआरडीए सभागार, नवादा में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा केन्द्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को विस्तृत ब्रीफिंग दी गई। जिलाधिकारी ने बताया कि लिखित परीक्षा दो प्रश्न-पत्रों में आयोजित होगी। प्रथम प्रश्न-पत्र पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय प्रश्न-पत्र अपराह्न 12:00 बजे से 01:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। दोनों प्रश्न-पत्रों के बीच 30 मिनट का अंतराल रहेगा तथा द्वितीय प्रश्न-पत्र की परीक्षा समाप्त होने से पूर्व किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। दोनों प्रश्न-पत्रों के लिए अभ्यर्थियों की उपस्थिति एवं बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया अलग-अलग दो बार सम्पन्न की जाएगी। जिलाधिकारी ने केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र के मुख्य प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) के उपरांत ही प्रवेश की अनुमति दी जाए। परीक्षा कक्ष में प्रवेश सुबह 08:00 बजे से प्रारम्भ होगा तथा सभी अभ्यर्थियों को सुबह 09:00 बजे तक अपना स्थान ग्रहण कर लेना होगा। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार पूर्वाह्न 09:00 बजे बंद कर दिया जाएगा तथा इसके बाद किसी भी परिस्थिति में किसी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) की स्वच्छ प्रति एवं एक वैध फोटो पहचान पत्र, जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, राशन कार्ड अथवा विद्यार्थी पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस, वाई-फाई उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, रिस्ट वॉच, आभूषण, धातु सामग्री, इरेजर, व्हाइटनर एवं ब्लेड सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा केन्द्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विद्यालय भवनों की छतों से भी निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी बाहरी तत्व की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। साथ ही सभी केन्द्राधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा के एक दिन पूर्व तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के दो घंटे पूर्व तक पूरे परीक्षा परिसर की सघन जांच-पड़ताल सुनिश्चित करें।

# बीपीएससी में आयुष कुमार ने लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कतरीसराय।** 70वीं बीपीएससी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम ने कतरीसराय प्रखंड को गौरवान्वित किया है। प्रखंड क्षेत्र के बिलारी गांव निवासी आयुष कुमार ने परीक्षा में 844वीं रैंक प्राप्त कर राजस्व पदाधिकारी (आरडीओ) पद के लिए चयनित होकर जिले और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।आयुष कुमार, मुरारी कुमार एवं अंजु देवी के पुत्र हैं। साधारण परिवार से आने वाले आयुष की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ा दी है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा बनारस और इलाहाबाद में हुई, जबकि वर्ष 2022 में उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी थी और निरंतर मेहनत, लगन तथा अनुशासन के बल पर यह सफलता हासिल की।आयुष के पिता मुरारी कुमार वारसलीगंज में किराना दुकान चलाते हैं और परिवार वहीं निवास करता है। बेटे की सफलता से परिवार के सदस्य बेहद उत्साहित हैं। ग्रामीणों, मित्रों और शुभचिंतकों ने आयुष को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एक नजर

### जल निकासी मार्ग पर मिट्टी भरने से बढ़ा जलजमाव का खतरा

**हिलसा।** हिलसा नगर परिषद क्षेत्र में जल निकासी मार्ग को मिट्टी भरकर अवरुद्ध किए जाने का मामला सामने आया है, जिससे आसपास के सैकड़ों घरों और सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि में जलजमाव का खतरा बढ़ गया है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है तथा नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठाए जा रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) कार्यालय के पीछे नदीनुमा जल निकासी मार्ग को भरकर सड़क निर्माण कराया जा रहा था। यह मार्ग हिलसा-एकंगरसराय सड़क क्षेत्र से वर्षा का पानी निकालकर डोर नदी तक पहुंचाने का प्रमुख रास्ता है। मार्ग अवरुद्ध होने से वार्ड संख्या 4, 5, 16, 22, 24 और 25 समेत 10 से 15 मोहल्लों की आबादी प्रभावित हो सकती है।स्थानीय निवासी सोनी कुमारी, आशा देवी, सुनीता कुमारी, रविंद्र प्रसाद, संतोष कुमार, सुनील कुमार, राजेश रंजन, दिलीप कुमार, रविंद्र कुमार, दयाल पंडित और विपिन कुमार ने बताया कि जल निकासी बाधित होने पर बारिश के दिनों में खेतों और घरों में पानी भरने की समस्या गंभीर रूप ले सकती है।मामले को लेकर ग्रामीणों ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद से शिकायत की। पदाधिकारी ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा दी गई है तथा मामले की जांच कर की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र स्थित एनएच-20 के सर्विस लेन पर रविशंकर कोल्ड स्टोरेज के समीप सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 76 वर्षीय बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बुजुर्ग सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने उन्हें कुचल दिया और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान लहेरी थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी मोहल्ला निवासी स्वर्गीय बुधन महतो के पुत्र केदार महतो के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही दीपनगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया।

### 13 पुडिया स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 13 पुड़िया स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी किराये के मकान में रहकर युवाओं के बीच नशीले पदार्थों की सप्लाई करता था।थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रॉकी कुमार बिंद थाना क्षेत्र का निवासी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह नालंदा कॉलोनी में किराये के मकान में रहकर ब्राउन शुगर की तस्करी कर रहा है और युवकों को इसकी आपूर्ति करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान आरोपी को 13 पुड़िया स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उसके नेटवर्क तथा नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### अचानक बारिश और तेज हवाओं से गर्मी से राहत, बिजली व्यवस्था चरमराई

**गिरियक।** पावापुरी एवं आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज आंधी, बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि ने एक घंटे के भीतर जनजीवन को प्रभावित कर दिया। हालांकि इस बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, लेकिन तेज हवाओं के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। बारिश शुरू होते ही कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। तेज हवा के कारण कई जगहों पर बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे विद्युत सेवा ठप पड़ गई। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर फॉल्ट की पहचान की जा रही है और जल्द ही आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। अचानक हुई बारिश के कारण बाजारों में खरीदारी कर रहे लोगों और सड़क पर चल रहे राहगीरों को दुकानों तथा सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी। कई क्षेत्रों में गर्जन के साथ ओलावृष्टि भी हुई, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि सब्जियों और अन्य फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। बारिश का असर कृषि कार्यों पर भी दिखाई देने लगा है। धान रोपनी की तैयारी कर चुके किसानों का कहना है कि बिचड़ों वाले खेतों में अत्यधिक पानी जमा हो गया है। अधिक जलजमाव से धान के बिचड़ों के सड़ने और खराब होने का खतरा बढ़ गया है, जिससे रोपनी कार्य प्रभावित हो सकता है।वहीं, लंबे समय से पड़ रही भीषण गर्मी से परेशान लोगों ने बारिश के बाद राहत की सांस ली, लेकिन बिजली आपूर्ति बाधित होने से उनकी परेशानियां भी बढ़ गई हैं।

### मुहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, ड्रोन और वीडियोग्राफी से होगी जुलूस की निगरानी



**पकरीबरावां।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को धमौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवादा एवं जमुई जिले के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के अलावा विभिन्न ताजिया समितियों के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन शामिल हुए। अधिकारियों ने मुहर्रम के दौरान निकलने वाले ताजिया एवं अखाड़ों के निर्धारित रूट, उनके पहुंचने के समय तथा संभावित समस्याओं की जानकारी ली तथा लाइसेंस की शर्तों से सभी को अवगत कराया। बैठक में बताया गया कि धमौल थाना क्षेत्र के धमौल, तुर्कबन, जम्हड़िया, जसत, धरहरा और रेवार समेत जमुई जिले के आढ़ा एवं कैथा गांवों के अखाड़े धमौल इमामबाड़ा पर एकत्रित होंगे। इसके बाद सभी ताजियों का पहलाम पड़रिया स्थित कर्बला में किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए सदर एसडीओ अमित अनुराग ने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस के किसी भी स्थिति में ताजिया अथवा अखाड़ा नहीं निकलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लाइसेंसधारी समिति अपने साथ 20 स्वयंसेवक रखे, ताकि जुलूस के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग मिल सके। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी तथा जुलूस की निगरानी वीडियोग्राफी और ड्रोन कैमरे के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुहर्रम जुलूस में डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा तथा किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी। उपद्रव फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जुलूस मार्ग में बिजली के तार, पेड़ों की डालियां अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करने की अपील की गई।

# सिपाही भर्ती परीक्षा की तैयारियां पूरी, 18 केंद्रों पर 12,942 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), पटना के अंतर्गत विशेष शाखा में सिपाही (सामान्य बंद संवर्ग) पद के लिए 24 जून को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा की तैयारियों को लेकर सोमवार को टाउन हॉल, बिहारशरीफ में अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी उप विकास आयुक्त-सह-अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) रंजन कुमार सिन्हा ने की। उन्होंने केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा हर हाल में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराई जाए। परीक्षा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के 18 केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसमें कुल 12,942 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा एक पाली में दो प्रश्न पत्रों के लिए आयोजित होगी। प्रथम प्रश्न पत्र सुबह 10 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय प्रश्न पत्र दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक होगा। अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग समय सुबह 8 बजे निर्धारित किया गया है। केंद्रों में प्रवेश सुबह 8 बजे से 9 बजे तक सघन फ्रिस्किंग के बाद ही दिया जाएगा। 9 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।परीक्षा संचालन के लिए 36 स्टैटिक दंडाधिकारी, 9 गश्ती दल दंडाधिकारी, 9 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 4 उड़नदस्ता दल तैनात किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सतत वीडियोग्राफी कराई जाएगी। परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी।परीक्षा से संबंधित शिकायत एवं सूचना के लिए जिला नियंत्रण कक्ष का टोल-फ्री नंबर 18003456323 जारी किया गया है। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# मोहर्रम को लेकर सरमेरा थाना में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सरमेरा।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को सरमेरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी समीना खातून एवं थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, विभिन्न समुदायों के लोगों तथा शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सभी लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा पर्व के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम के अवसर पर किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विवाद की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।बैठक में मोहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने पर्व के दौरान प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि सभी के सहयोग से ही मोहर्रम पर्व शांतिपूर्वक और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराया जा सकेगा।

# नीट पेपर लीक, महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी, नवादा के नेतृत्व में नीट पेपर लीक, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में शहर में प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सांकेतिक अर्थी जुलूस निकालते हुए भगत सिंह चौक पर प्रतीकात्मक पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभाकर झा ने की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रभाकर झा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के कार्यकाल में लगातार हो रहे पेपर लीक से लाखों छात्रों और युवाओं के भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे छात्र मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। साथ ही उन्होंने समाजसेवी भरत तिवारी की मौत के मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। प्रदेश प्रतिनिधि बलिराम सिंह ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता परेशान है। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार ने अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावे से जुड़े कथित मामले को लेकर सरकार की आलोचना की। महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष शम्मा प्रवीण ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण महिलाओं का घरेलू बजट प्रभावित हुआ है। अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कमलेश पासवान ने सरकारी व्यवस्था में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का आरोप लगाया। प्रदर्शन में पूर्व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गोपाल कुमार, इंटक जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, मोहम्मद सुल्तान अंसारी, नौशाद खान, रामजन्म सिंह, संतोष कुमार, विक्की मल्होत्रा, इंदु कुमारी सिन्हा, बालेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

# भीषण गर्मी के बीच कक्षा 8 तक की पढ़ाई पर 27 जून तक रोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**राजगीर।** राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों में लागू विशेष समय सारिणी की अवधि 30 जून तक बढ़ा दी है। पहले यह व्यवस्था 31 मई तक प्रभावी थी, लेकिन विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे यथावत रखने का निर्णय लिया गया है।माध्यमिक शिक्षा निदेशक सज्जन आर द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के सभी प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों का संचालन पूर्व निर्धारित विशेष समय सारिणी के तहत सुबह 6रू30 बजे से दोपहर 12रू30 बजे तक किया जाएगा। विभाग ने विद्यालयों को निर्देश दिया है कि बढ़ती गर्मी के बीच छात्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।इधर, नालंदा जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और दोपहर के समय पड़ रही तेज गर्मी को देखते हुए अतिरिक्त एहतियाती कदम उठाए गए हैं। आदेश के अनुसार जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, प्री-स्कूल सहित, में कक्षा 8 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 27 जून तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। हालांकि विद्यालय प्रशासन एवं शिक्षकों से संबंधित आवश्यक कार्य पूर्ववत संचालित होंगे।प्रशासन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे बच्चों को अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलने दें तथा गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार में विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार 20 जुलाई से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) नवादा में विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बताया कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार कार्यालय सहायक, लिपिक, रिसेप्शनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा कार्यालय परिचारी (प्यून/चपरासी) के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित कर दी गई है। कार्यालय सहायक एवं लिपिक के कुल तीन पदों के लिए 54 अभ्यर्थियों, रिसेप्शनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर के एक पद के लिए 25 अभ्यर्थियों तथा कार्यालय परिचारी के तीन पदों के लिए 52 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार कार्यालय सहायक एवं लिपिक पद के लिए क्रमांक 1 से 18 तक के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 20 जुलाई, क्रमांक 19 से 36 का 21 जुलाई तथा क्रमांक 37 से 54 का 22 जुलाई 2026 को होगा। रिसेप्शनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर पद के लिए क्रमांक 1 से 13 तक के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 23 जुलाई तथा क्रमांक 14 से 25 तक के अभ्यर्थियों का 24 जुलाई को निर्धारित किया गया है। वहीं कार्यालय परिचारी पद के लिए क्रमांक 1 से 18 तक के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 25 जुलाई, क्रमांक 19 से 36 का 27 जुलाई तथा क्रमांक 37 से 52 का 28 जुलाई 2026 को आयोजित होगा।

# पंचायतों को विकास कार्यों के लिए अधिक राशि

## 16वें वित्त आयोग से 20 फीसदी बढ़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ।** पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने के लिए 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के तहत अनुदान राशि में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद ग्राम पंचायतों को पहले की तुलना में अधिक वित्तीय संसाधन उपलब्ध होंगे, जिससे आधारभूत संरचना, जनसुविधाओं और स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़े कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकेगा।जानकारी के अनुसार, अब एक ग्राम पंचायत को 16वें वित्त आयोग मद से प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख रुपये प्राप्त होंगे, जबकि पहले यह राशि 40 लाख रुपये थी। इसके साथ ही अनुदान राशि के वितरण के अनुपात में भी बदलाव किया गया है। पहले कुल राशि का 60 प्रतिशत हिस्सा ग्राम पंचायत, जबकि पंचायत समिति और प्रखंड स्तर को 20-20 प्रतिशत राशि मिलती थी। नई व्यवस्था में ग्राम पंचायतों का हिस्सा बढ़ाकर 80 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि पंचायत समिति और प्रखंड को 10-10 प्रतिशत राशि मिलेगी।जिला पंचायत संसाधन केंद्र में इन दिनों जनप्रतिनिधियों और संबंधित कर्मियों को नए प्रावधानों की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पंचायत संसाधन केंद्र के नोडल पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के प्रभावी एवं समन्वित क्रियान्वयन के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में पंचायती राज मंत्रालय के दिशा-निर्देशों तथा 16वें वित्त आयोग के उद्देश्यों पर विशेष बल दिया जा रहा है। नई व्यवस्था से पंचायतों की वित्तीय क्षमता बढ़ेगी और गांवों में विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा।

# धूमधाम से मनाया गया सद्गुरु कबीर साहेब का 628वां प्राकट्य दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**राजगीर।** कबीरपंथी आश्रम में सोमवार को सद्गुरु कबीर साहेब का 628वां प्राकट्य दिवस महंत ब्रजेश मुनि महाराज के सानिध्य में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आश्रम के महिला मंडल द्वारा कबीर भजनों की प्रस्तुति से हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।सत्संग को संबोधित करते हुए महंत ब्रजेश मुनि ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब का प्राकट्य ऐसे समय में हुआ था, जब समाज में भेदभाव, छुआछूत, आडंबर और अंधविश्वास चरम पर था। उन्होंने मानवता, समानता और भाईचारे का संदेश देकर समाज को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब ने हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों को मानव धर्म का उपदेश दिया तथा सभी मनुष्यों को समान बताया।कार्यक्रम में संत अशोक दास हंस, कर्षण मुनि, संत नवीन दास, संजीव यादव, महेंद्र, सज्जन कुमार, डॉ. इंद्रजीत, साहिल यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नगरनौसा डिग्री कॉलेज को लेकर हुई झड़प में पीड़ित परिवार से मिले पूर्णिया सांसद पप्पू यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा डिग्री कॉलेज को लेकर 18 जून को हुई हिंसक झड़प के बाद पुलिस द्वारा की गई करवाई के बाद पूर्णिया सांसद पप्पू यादव रविवार के दिन नगरनौसा पहुंच पीड़ित परिवार से मिले। सांसद पप्पू यादव घर-घर जाकर पीड़ित परिवार से मिल घटना की जानकारी लिया। सांसद पप्पू यादव ने डिग्री कॉलेज के मांग को लेकर छात्र-छात्राओं व ग्रामीण पर पुलिस द्वारा की गई करवाई का निंदा किया। पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने राज्य में बढ़ते अपराध को लेकर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में "गुंडाराज" कायम हो गया है। सांसद पप्पू यादव ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिहार में जिस तरह से लगातार अपराध की घटनाएं हो रही हैं, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन पूरी तरह विफल हो चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त (कोलैप्स) हो गई है और प्रदेश में अपराधियों का मनोबल बढ़ने से गुंडाराज कायम हो गया है।


बिहार सरकार

**समाहरणालय औरंगाबाद**
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
E-Mail : adc,aurangabad@gmail.com

—: सूचना :—

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बाल संरक्षण इकाई, औरंगाबाद द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 एवं पॉक्सो नियम, 2020 के अन्तर्गत सहायक व्यक्तियों के सूचीबद्ध करने हेतु विज्ञापन का प्रकाशन माह सितम्बर, 2024 में समाचार पत्र (PR No- IPRD-PR-008511/24-25) में कराकर जिला प्रशासन, औरंगाबाद के वेबसाईट http://aurangabad.bih.nic.in पर अपलोड कराया गया था को प्राप्त विभागीय निदेश के आलोक में अपरिहार्य करणों से निरस्त किया जाता है। उक्त पद पर अद्यतन दिशा–निर्देश के अनुसार सूचीबद्ध करने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है जिसमें आवेदक अपना आवेदन पुनः समर्पित कर सकते हैं।

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई
औरंगाबाद

PR- 006320 (B & C) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

### केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक

# जन सरोकार से जुड़े मामले उठाएं : मांझी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** केंद्रीय मंत्री सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय जीतन राम मांझी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय एवं अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न केंद्रीय योजनाओं एवं केंद्र की सहायता से संचालित राजकीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में विधायकगण, विधान पार्षदगण, जिला परिषद के अध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख गण एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा पदाधिकारी द्वारा भाग लिया गया। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि वे इस बैठक में सकारात्मक सहयोग देते हुए जन सरोकार से जुड़े मामले उठाएं ताकि क्षेत्र की समस्याओं का अधिक से अधिक निदान किया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी, गया सह सचिव दिशा शशांक शुभंकर द्वारा सांसद गया, विधायक गण, विधान पार्षद गण, जिला परिषद के अध्यक्ष, विभिन्न विधायकों के प्रतिनिधि गण सहित प्रखंडों के प्रमुख गण, अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं अभियंताओं का स्वागत किया गया। दिशा की बैठक में मुख्य रूप से जिला में सड़कों की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, वन विभाग की भूमि पर सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य, खनन, शिक्षा, स्वास्थ्य, धान अधिप्राप्ति, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों का समुचित इलाज, कृषि के तहत विभिन्न योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सामुदायिक शौचालय का निर्माण एवं रखरखाव, मनरेगा, नल जल योजना, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विचार विमर्श किया गया। नया पंचायत सरकार भवन के निर्माण के संबंध में सांसद गया ने कहा कि जिस पंचायत के नाम से पंचायत सरकार भवन पारित है, उसे पंचायत मुख्यालय या ग्राम में पंचायत सरकार भवन निर्माण की प्राथमिकता दिया जाए। उस पंचायत में जमीन उपलब्धता की कमी की जांच के पश्चात ही उस पंचायत के निकटतम किसी दूसरे पंचायत में बनाया जाए। उन्होंने कहा कि गया कंडी के समीप आजाद बिगहा में 46 परिवार आवास विहीन थे, इस संबंध में जिला पदाधिकारी को अवगत करवाया गया। जिला पदाधिकारी ने अंचलाधिकारी नगर के माध्यम से पर्चा तैयार करवाते हुए उन सभी परिवारों को केंद्रीय मंत्री के हाथों से पर्चा वितरण करवाया गया जिसके लिये केंद्रीय मंत्री ने जिला प्रशासन को ध्यानवाद भी दिया है कि आवास विहीनों को तेजी से जमीन देने का कार्य किया गया। केंद्रीय मंत्री ने पीएचईडी विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिया है कि हर घर नल का जल योजना के तहत सभी पंचायत के अंतिम घरों तक पानी निर्वाध रूप से उपलब्ध करवाये जहां कहीं भी पानी की समस्या की सूचना प्राप्त होती है बिना समय गंवाए उस क्षेत्र में पानी आपूर्ति करवाये जहां कहीं भी सार्वजनिक चापाकल खराब है उसे अगले 15 दिनों के अंदर शत-प्रतिशत चापाकल मरम्मत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी स्वास्थ्य सुविधा मुकम्मल रखें। सभी पैरामेडिकल स्टाफ, डॉक्टर इत्यादि रोस्टर के अनुसार मौजूद रहें। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि जिला स्वास्थ्य समिति से टीम बनाकर अस्पतालों की व्यवस्थाओं की निरंतर जांच करवाया जाए। बोधगया प्रखंड के झकटिया पंचायत के गरीबचक से नीसरवा नदी तक पइन की उड़ाही कार्य के संबंध में कहा कि इस नदी से 50 से अधिक पंचायत पड़ते हैं। यहां पइन को बांध से जोड़ने पर 50 गांव के हजारों हजार एकड़ में सिंचाई हेतु खेत संचित हो सकेंगे, उन्होंने जिला पदाधिकारी से अनुरोध किया है कि इसकी विस्तृत समीक्षा करते हुए अग्रेतर कार्रवाई करें।

## अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** क्षेत्र में संचालित अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ प्रशासन की लगातार कार्रवाई जारी है। सोमवार को अस्पताल रोड स्थित पूजा अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी कर उसे सील कर दिया गया। जांच के दौरान सेंटर का न तो वैध निबंधन पाया गया और न ही अन्य आवश्यक मानकों का अनुपालन किया जा रहा था। कार्रवाई की सूचना मिलते ही अल्ट्रासाउंड कर रही महिला कर्मी मौके से फरार हो गई। बताया जाता है कि अस्पताल के समीप यह सेंटर पिछले कई महीनों से खुलेआम संचालित हो रहा था। ऐसे में स्थानीय स्वास्थ्य प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। मामले को लेकर टिकारी अनुमण्डल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पीयूष शर्मा ने सेंटर संचालक आंती थाना क्षेत्र के खवासपुर ग्राम निवासी संजय यादव के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही सेंटर को सील कर दिया गया है। लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों में हड़कंप है। वहीं लोगों का कहना है कि अवैध केंद्रों पर कार्रवाई जरूरी है, लेकिन प्रशासन को वैध एवं सुरक्षित अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल करनी चाहिए, ताकि मरीजों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## अंगरा की रिशु कुमारी दांगी बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट, क्षेत्र में खुशी की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** प्रखंड की तिनेरी पंचायत अंतर्गत अंगरा गांव निवासी रिशु कुमारी दांगी ने सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रिशु कुमारी दांगी, डॉ. रामानंद कुमार की पुत्री हैं। उन्होंने गया के मुस्तफाबाद में रहकर सीए फाइनल परीक्षा की तैयारी की। लगातार मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने यह सफलता प्राप्त की। बताया जाता है कि वह पिछले दो वर्षों से सीए फाइनल की परीक्षा में शामिल हो रही थी और अंततः अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहीं। रिशु के पिता सुरेंद्र प्रसाद यादव एक कॉलेज में राजनीति शास्त्र के व्याख्याता हैं जबकि उनकी माता सरोज कुमारी गया मेडिकल कॉलेज में एएनएम ग्रेड-ए के पद पर कार्यरत हैं। उनकी छोटी बहन इशू कुमारी दांगी मधेपुरा में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा है। वहीं छोटे भाई रितेश कुमार दांगी बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के 'सुपर-50' कार्यक्रम के तहत जेईई की तैयारी कर रहे हैं और वर्तमान में द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। रिशु की सफलता पर परिजनों, ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेलागंज (गया)।** स्थानीय थाना पुलिस और एसटीएफ की विशेष टीम ने संयुक्त छापेमारी कर क्षेत्र में सक्रिय अवैध हथियारों और कारतूस की खरीद-बिक्री करने वाले एक बड़े अंतर-जिला गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में दो शातिर धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। इनमें बेलागंज थाना क्षेत्र के शेखा बिगहा गांव का रहने वाला मो. मोबाससिर उर्फ भीम सिंह (पिता- स्व. मंसूर आलम) और कचनावां गांव का अलख निरंजन सिंह (38 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस ने कांड संख्या 76/26 के तहत दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बेलागंज थाना प्रभारी सुनील कुमार द्विवेदी के निर्देश पर पु0अ0नि0 अमन कुमार सिंह और एसटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नीमचक मोड़ के पास विशेष चेकिंग अभियान चलाया था। इसी दौरान ओड़हाडीह की तरफ से आ रही एक होंडा मोटरसाइकिल पर सवार युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जवानों ने खदेड़कर उसे दबोच लिया जिसकी पहचान कचनावां निवासी अलख निरंजन सिंह के रूप में हुई। तलाशी में उसके पास से 42,500 नकद और एक मोबाइल मिला जिसके गैलरी में अवैध हथियारों और कारतूसों की तस्वीरें थीं। गिरफ्तार अलख निरंजन की निशानदेही पर कचनावां गांव स्थित उसके नवनिर्मित मकान में छापेमारी की गई जहां तिरपाल के नीचे छुपाकर रखा गया एक देशी पिस्टल और एक खाली मैगजीन बरामद हुआ। कड़ाई से पूछताछ में उसने कारतूस के बड़े नेटवर्क का खुलासा किया। उसने स्वीकार किया कि उसने शेखा बिगहा के मो. मोबाससिर से 1600 में चार जिंदा कारतूस खरीदे थे। पूछताछ में यह भी सामने आया कि यह नेटवर्क दूसरे जिलों में भी कारतूस की सप्लाई करता था। आरोपी ने मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के मृत्युंजय साहिल को 100 गोलियां और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिंगरिया फल्गु नदी किनारे अमित कुमार सिंह को 96 गोलियों की डिलीवरी दी थी। पुलिस ने डिलीवरी देकर लौट रहे आरोपी से 42,500 की रकम भी जब्त की है। थाना प्रभारी सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस संयुक्त कार्रवाई से हथियार तस्करों के सिंडिकेट को बड़ा झटका लगा है। मौके से एक देशी पिस्टल, एक मैगजीन, 42,500 नकद, एक होंडा मोटरसाइकिल और मोबाइल जब्त किया गया है। इस रैकेट से जुड़े अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस और एसटीएफ की छापेमारी लगातार जारी है।

## डीजे, भड़काऊ नारे व आपत्तिजनक गतिविधियों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** रविवार को मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर टिकारी थाना परिसर में अखाड़ा उस्तादों एवं जुलूस समिति के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने की। बैठक में मुहर्रम के दौरान निकलने वाले अखाड़ा जुलूस, निर्धारित मार्ग, समय-सारिणी तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष श्री कुमार ने सभी अखाड़ा उस्तादों से प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जुलूस निर्धारित मार्ग एवं समय के अनुसार ही निकाला जाएगा। डीजे, भड़काऊ नारे व आपत्तिजनक गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया पर भी भ्रामक अथवा भड़काऊ पोस्ट साझा करने से बचने की सलाह दी गई। बैठक में मौजूद अखाड़ा उस्तादों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया तथा मुहर्रम को पारंपरिक तरीके से शांतिपूर्वक मनाने की बात कही। इस दौरान पुलिस अधिकारी शिल्पी कुमारी, धन्नजय कुमार, रविंद्र सिंह एवं जुलूस समिति के अरशद आलम, मो. सुहैल, मो. मिन्हाज, खालिद रसूल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अंधेरे ने ली जान, हादसे के बाद ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, घंटों जाम रहा जीटी रोड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** डोभी थाना क्षेत्र के अंगरा गांव निवासी वासुदेव यादव की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। रविवार की देर रात एनएच-19 पर पत्थलकट्टी के समीप हुए दर्दनाक हादसे के बाद ग्रामीणों ने जीटी रोड को जाम कर दिया और सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए।

ग्रामीणों का आरोप था कि हाईवे पर स्ट्रीट लाइटें तो लगाई गई है, लेकिन नियमित रूप से नहीं जलने के कारण रात के समय सड़क पर अंधेरा छाया रहता है। इसी अंधेरे के कारण सड़क पार करने वाले लोग अक्सर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि हाईवे की लाइटें सही तरीके से काम करती तो शायद वासुदेव यादव की जान बच सकती थी। जानकारी के अनुसार वासुदेव यादव अपने साढ़ू के घर कुसी गांव से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पत्थलकट्टी के पास जीटी रोड पार करने के क्रम में वह तेज रफ्तार अज्ञात कार की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। जाम के कारण एनएच-19 पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलने पर शेरघाटी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर काफी प्रयास के बाद जाम समाप्त कराया। इसके बाद यातायात व्यवस्था सामान्य हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 12 वर्षीय बच्चे की संदेहास्पद मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** पतेड़ पंचायत के बसुआ गांव में रविवार रात 12 वर्षीय सौरव कुमार की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक सौरव कुमार, दिलकुमार दास का पुत्र था। परिजनों, जिला परिषद सदस्य छोटू दास तथा सरपंच महेश कुमार सुमन ने बताया कि रविवार की संध्या सौरव अन्य बच्चों की तरह सामान्य रूप से खेल रहा था। इसी दौरान उसने रसगुल्ला खाया, जिसके कुछ ही देर बाद वह तड़पने लगा और बेसुध होकर गिर पड़ा। परिजन आनन-फानन में उसे स्थानीय चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**खिजरसराय।** मजहब-ए-इस्लाम के राह पर चल कर इमाम हसन हुसैन की शहादत व रंजो गम मातम का त्योहार मुहर्रम के अवसर पर अनुमण्डल कार्यालय नीमचक बथानी में शांति समिति की बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता अनुमण्डल पदाधिकारी केशव आनंद एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार सिंह ने की। बैठक में डीजे बजाने पर पूर्णतः पाबंदी लगाई गई ताजिया या सपर बनाने हेतु अनुज्ञप्ति अवश्य लेने के आदेश दिया गया। जुलूस के रूट चार्ट की चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि के प्रति प्रशासन पूर्णतः सतर्क रहेगा। नौजवानों को मर्यादा में रहकर त्यौहार मनाने का सख्त निर्देश दिया गया। त्योहार को हर हाल में शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण एवं विधिसम्मत संपन्न कराने पर बल दिया गया। सभी जुलूसों को निर्धारित मार्ग एवं समय के अनुसार संचालित कराने अफवाहों पर रोक लगाने सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने तथा विधि व्यवस्था बनाए रखने प्रशासन सहयोग करने की अपील की गई। मौके पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड एवं अंचल स्तरीय पदाधिकारी थाना प्रभारी, जनप्रतिनिधि दर्जनों ग्राम के ग्रामीण शांति समिति सदस्य तथा अखाड़ा एवं ताजिया सपर समितियों के प्रतिनिधि शामिल थे।

# कमरे की खिड़की तोड़ 25 लाख के आभूषणों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** शहर के नूतन नगर मुहल्ले में रविवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए करीब 25 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित रवि किशोर सिंह ने बताया कि रविवार की रात अज्ञात चोरों ने उनके घर की खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया। उस समय घर के वृद्ध दंपति दूसरे कमरे में सो रहे थे जबकि बेटा और बहू अपने कमरे में मौजूद नहीं थे। बहू मायके गई हुई थी। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने बेटे-बहू के कमरे में रखी अलमीरा और पलंग के बॉक्स को तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषण चोरी कर लिए। गृहस्वामी रवि किशोर सिंह के अनुसार चोरी गए आभूषणों में बेटे की शादी के बाद बहू के रखे गए गहनों के अलावा कई पुश्तैनी आभूषण भी शामिल हैं जिनकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी सुबह होने पर मिली जिसके बाद परिवार के लोगों के होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है जिसमें छह संदिग्ध लोग इलाके से निकलते हुए देखा जा रहा है है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान में जुट गई है।

सूचना मिलने पर शेरघाटी के डीएसपी संदीप कुमार एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रुद्र का योगाभ्यास देख अचंभित होते हैं लोग, अब तक जीत चुके हैं 23 पदक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** जहानाबाद जिले के खरका गांव निवासी रुद्र प्रताप सिंह कम उम्र में ही योग के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। राकेश कुमार के पुत्र रुद्र वर्तमान में गया के मगध कॉलोनी स्थित मथुरा निवास में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। पिछले चार वर्षों से नियमित योगाभ्यास कर रहे रुद्र कठिन से कठिन योगासनों को जिस सहजता, संतुलन और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करते हैं, उसे देखकर लोग अचंभित रह जाते हैं। रुद्र का मानना है कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास और अनुशासन का मजबूत आधार है। नियमित अभ्यास और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने योग को अपनी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा बना लिया है, जिसका परिणाम उनकी लगातार मिल रही सफलताओं के रूप में सामने आ रहा है। रुद्र अब तक विभिन्न जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में कुल 23 पदक जीत चुके हैं। इनमें 15 स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में गर्व का माहौल है। वर्ष 2025 में आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन 'योगा माई प्राइड' फोटो प्रतियोगिता के युवा वर्ग में रुद्र ने पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की। इस सफलता के लिए आयुष मंत्रालय की ओर से उन्हें एक लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा भी की गई है।

# मोहर्रम को लेकर शेरघाटी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**शेरघाटी।** मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को शेरघाटी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी संदीप कुमार ने की। बैठक के दौरान पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। डीएसपी संदीप कुमार ने कहा कि मोहर्रम के जुलूस के लिए प्रशासन से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस के किसी भी तरह का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही जुलूस में अवैध हथियारों के प्रदर्शन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। डीजे बजाने पर भी पूर्ण रोक रहेगी। उन्होंने सभी लोगों से आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। बैठक में बताया गया कि शहर और ग्रामीण क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सुरक्षा को लेकर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा जुलूस मार्गों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियां पूरी रखने का निर्देश दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की अफवाह या अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी समुदाय के लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में बीडीओ स्नेहिल आनंद, आरओ अमित कुमार सिंह, दीनानाथ पांडेय, आबिद इमाम, पशुपतिनाथ पाठक, रामलखन पासवान, मो. तन्नू, कंचन गुप्ता, अजित कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पतेड़ गांव के पांच युवाओं का सेना में चयन, ग्रामीणों ने देश सेवा के लिए दी विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**वजीरगंज।** थाना क्षेत्र के पतेड़ गांव में भारतीय सेना में चयनित पांच युवाओं को सोमवार को ग्रामीणों ने उत्साह और गौरव के साथ विदाई दी। देश सेवा के लिए रवाना होने वाले युवाओं के सम्मान में सरपंच महेश कुमार सुमन के नेतृत्व में शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। भारतीय सेना के लिए चयनित नितिश कुमार, सूरज कुमार, सतीश कुमार, आदर्श राज और राजबलम कुमार को गांव की बहनों ने आरती उतारकर तथा तिलक लगाकर देश की रक्षा के लिए विदा किया। इस दौरान भारत माता के जयघोष और देशभक्ति गीतों से पूरा गांव गूंज उठा। ग्रामीणों ने चयनित जवानों को माल्यार्पण कर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सैकड़ों ग्रामीण देशभक्ति की धुनों पर झूमते हुए युवाओं का हौसला बढ़ाते नजर आए। सरपंच महेश कुमार सुमन ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि गांव के पांच युवाओं का सेना में चयन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

वहीं चयनित जवानों ने ग्रामीणों द्वारा मिले सम्मान और स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मान से उनका उत्साह और मनोबल और अधिक बढ़ा है तथा वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ देश की सेवा करेंगे।

**कार्यालय : जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा**

**शुद्धि–पत्र (Corrigendum)**

इस कार्यालय के प्रकाशित निविदा संख्या PR 381947 Agriculture (26-27)_D द्वारा Hi-Tech Government Nursery के क्रियान्वयन हेतु निविदा आमंत्रित किया गया था।उक्त प्रकाशित निविदा के SECTION-II के क्रमांक–2Eligibility Criteria अंतर्गत इच्छुक संस्था का National Horticulture Board (NHB) Accreditation Certificate आनिवार्य किया गया था।

प्रकाशित निविदा में National Horticulture Board (NHB) Accreditation Certificate के अतिरिक्त Department of Biotechnology (DBT)Certificate को भी मान्य किया जाता है। प्रकाशित निविदा में जहां भी NHB अंकित हो उसके स्थान पर **NHB अथवा DBT** पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

PR 382953 Agriculture(26-27).D | प्रधान वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, गढ़वा | कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग, गढ़वा | पी0पी0आई0ए0 फेलो, नीतिआयोग, गढ़वा

संपादकीय

## जनसंख्या बोझ से अपने-अपने ढंग से निपटते भारत और स्विट्जरलैंड

यह जानना बेहद दिलचस्प है कि अलग-अलग महाद्वीपों के दो अलग-अलग देश - एक छोटा और एक बड़ा - अपने आकार और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में भिन्नता के बीच, जनसंख्या की समस्याओं और उससे जुड़े मुद्दों से कैसे निपट रहे हैं. दक्षिणपंथी स्विस पीपुल्स पार्टी ने 'टिकाऊ विकास' के एजेंडे को आगे बढ़ाया, जिसके बारे में उसने कहा कि इसका उद्देश्य आवास, सार्वजनिक सेवाओं और पर्यावरण पर दबाव को कम करना है. स्विस राजनेताओं ने न केवल जनसंख्या पर अंकुश लगाने की बात की और 2050 तक आल्प्स के देश के लिए अधिकतम एक करोड़ जनसंख्या का आंकड़ा निर्धारित किया, बल्कि लोगों की राय जानने के लिए पिछले रविवार को एक जनमत संग्रह भी किया. स्विट्जरलैंड की जनसंख्या में पहले से ही भारी वृद्धि देखी जा रही है, जो 91 लाख के करीब पहुंच गई है. जन्म दर के हिसाब से, यह 2002 की तुलना में एक बड़ी वृद्धि है, जब जनसंख्या 73 लाख थी. अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध स्विट्जरलैंड में, एक चौथाई सदी में जनसंख्या में लगभग 20 लाख की वृद्धि हुई है. इनमें से 27 प्रतिशत लोग स्विट्जरलैंड के बाहर जन्मे हैं. हालांकि जनमत संग्रह में सतत विकास पहल या एक करोड़ की जनसंख्या सीमा को समर्थन नहीं मिला, लेकिन पूरा यूरोप जनसंख्या के दबाव और प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता के बारे में पुनः बातें करने लगा है, जिसे हमारे नेता भारत में जानबूझकर अनदेखा कर रहे हैं. स्विस पीपुल्स पार्टी लगातार वहां बसने वाले प्रवासियों की बढ़ती संख्या के बारे में चेतावनी जारी कर रही है, जबकि भारतीयों के नजरिये से स्विट्?जरलैंड एक बहुत कम आबादी वाला देश है. वह वैश्विक पर्यटकों के लिए स्वर्ग भी है. कम से कम 45 प्रतिशत लोगों ने जनसंख्या को एक करोड़ तक पहुंचने पर सीमित करने के पक्ष में मतदान किया, जबकि 55 प्रतिशत ने यूरोपीय संघ से आर्थिक प्रतिक्रिया के खतरों और स्थानीय उद्योग और व्यवसायों - मुख्य रूप से होटलों - द्वारा कुशल कार्यबल की कमी की समस्या का हवाला देते हुए इसका विरोध किया. ज्यूरिख ( सबसे बड़ा शहर), जिनेवा, बर्न, लॉजेन और ल्यूसर्न जैसे शहर हर साल लाखों पर्यटकों को आकर्षित करते हैं. जलवायु परिस्थितियों के अलावा, सदियों से संरक्षित प्राकृतिक सौंदर्य और कस्बों व शहरों की स्वच्छता भी पर्यटकों के स्विट्जरलैंड आने का मुख्य कारण है. क्षेत्रफल के हिसाब से स्विट्जरलैंड मुंबई या नई दिल्ली से बड़ा है, लेकिन जनसंख्या में उनसे कहीं कम है. पूरा देश 41,291 वर्ग किलोमीटर में फैला है. भारत की बात करें तो 2011 की जनगणना के बाद अब यहां क्या हो रहा है? राजनीतिक चर्चाओं में, या उन लोगों के बीच जो प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता को देखते हुए इस प्राचीन देश के भविष्य को लेकर चिंतित हैं, जनसंख्या के विषय पर कोई भी गंभीर बहस या बातचीत पूरी तरह से नदारद है. आजादी के लगभग 80 साल बाद भी भारत एक विकासशील देश है, जहां सरकार को आने वाले वर्षों में प्रतिदिन 80 करोड़ लोगों को रियायती भोजन उपलब्ध कराने के लिए मजबूर होना पड़ता है. सुंदर हिमालय पर्वत श्रृंखलाओं, कश्मीर घाटी तथा इसके अलावा अद्भुत वन्यजीवों से भरे घने संरक्षित जंगलों और राजस्थान की ऐतिहासिक विरासतों के बावजूद और अपने विशाल आकार के बाद भी भारत प्रति वर्ष लगभग 2.1 करोड़ पर्यटक ही आकर्षित कर पाता है. इसकी तुलना में, स्विट्जरलैंड में लगभग इतने ही अमीर पर्यटक आते हैं, जो स्विस अर्थव्यवस्था में पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर का योगदान देते हैं. मैं दो अत्यंत भिन्न सभ्यताओं की तुलना नहीं कर रहा हूं, मुद्दा बढ़ती जनसंख्या की चिंताओं और उनके राजनीतिक स्वरूपों का है. अगले महीने हम विश्व जनसंख्या दिवस मनाएंगे, इस उम्मीद के साथ कि भारत की जनसंख्या जल्द ही स्थिर हो जाएगी. लेकिन कोई नहीं कह सकता कि 145 करोड़ की जनसंख्या से हम कहां पहुंचेंगे, जो पहले ही चीन से अधिक है. दुर्भाग्य से, भीड़भाड़ वाले और गंदे शहरों, बढ़ती बेरोजगारी, शिक्षा के निम्न स्तर, खराब सार्वजनिक सेवाओं, पानी की कमी, बढ़ते अपराधों, प्रदूषित नदियों और कृषि उत्पादों सहित घटते प्राकृतिक संसाधनों के बारे में बहुत कम भारतीय चिंतित दिखते हैं. भारत में जनसंख्या पहले ही विस्फोट के कगार पर है, ऐसे में आल्प्स पर्वत श्रृंखला के इस देश में हुए जनमत संग्रह की खबर प्रसिद्ध स्विस चॉकलेट से कम मीठी नहीं है. संसाधनों को लेकर कुछ हलचल व चिंता तो हुई. भारत भी कुछ सीखे, यही कामना है.

# भारत की सबसे बड़ी ताकत युवा आबादी...

**किसी भी देश के आर्थिक विकास में केवल प्राकृतिक संसाधनों, पूंजी या तकनीक का योगदान नहीं होता, बल्कि इसमें मानव संसाधन का भी अहम स्थान होता है। इसकी गुणवत्ता और उत्पादकता की विकास में बड़ी भूमिका होती है। मानव संसाधन में उन लोगों को सम्मिलित किया जाता है, जो अपनी शारीरिक, बौद्धिक, तकनीकी तथा प्रबंधकीय क्षमता से उत्पादन और विकास की प्रक्रिया में अमूल्य योगदान करते हैं। भारत दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाले देशों में से एक है। इसकी लगभग पैंसठ फीसद जनसंख्या पैंतीस वर्ष से कम आयु के युवाओं की है। यह युवा शक्ति देश की अमूल्य संपत्ति है। यदि युवाओं में बुनियादी शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल का विकास किया जाए, तो वे देश की आर्थिक वृद्धि को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।**

**अजय जोशी**

भारतीय अर्थव्यवस्था के तीनों महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों-प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र - में रोजगार तथा मानव संसाधन की स्थिति अलग-अलग है। कृषि प्राथमिक क्षेत्र है, जो किसी भी देश में बहुत बड़े कार्यबल को रोजगार देती है। निर्माण वाले द्वितीयक क्षेत्र की उत्पादन में और सेवाओं वाले तृतीयक क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में अहम भूमिका होती है।

नवीनतम आर्थिक सर्वेक्षण और सांख्यिकी मंत्रालय के श्रमबल सर्वेक्षण के अनुसार, तीनों क्षेत्रों में प्राथमिक क्षेत्र कृषि, वानिकी, मत्स्य पालन और खनन जैसी गतिविधियों से जुड़ा है। रोजगार के लिहाज से देखें, तो भारत के कुल मानव संसाधन का लगभग चालीस फीसद हिस्सा आज भी प्राथमिक क्षेत्र में कार्यरत है।

भारत की जनसंख्या वर्ष 2025-26 में लगभग 143 करोड़ से अधिक आंकी जाती है। इसमें कार्यशील आयु वर्ग की जनसंख्या कुल आबादी का लगभग 67 फीसद है। यह स्थिति भारत के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण है। मानव संसाधन उत्पादन का सबसे अहम घटक है। कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र, सभी में प्रशिक्षित और कुशल श्रमिक उत्पादन क्षमता को बढ़ाते हैं। देश की जीडीपी में सेवा क्षेत्र का योगदान लगभग 55 फीसद से अधिक है। इसका भी प्रमुख आधार प्रशिक्षित मानव संसाधन है। सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा और संचार जैसे क्षेत्रों में लाखों भारतीय पेशेवर देश की आय और विदेशी मुद्रा अर्जन में योगदान दे रहे हैं।

कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों, उन्नत बीजों, सिंचाई और वैज्ञानिक खेती के प्रसार में प्रशिक्षित मानव संसाधन की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। हरित क्रांति के बाद कृषि उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यह वृद्धि केवल तकनीक के कारण नहीं, बल्कि किसानों के प्रशिक्षण के कारण संभव हुई।

मानव संसाधनों की जरूरत उद्योगों के विकास के लिए भी होती है। वहां कुशल श्रमिक, इंजीनियर, प्रबंधक और तकनीशियन



आवश्यक होते हैं। ऑटोमोबाइल, दवा उद्योग, इस्पात और इलेक्ट्रॉनिक उद्योगों की सफलता के पीछे प्रशिक्षित मानव शक्ति की बड़ी भूमिका है। विशेष रूप से भारतीय औषधि उद्योग विश्व के सबसे बड़े जेनेरिक दवा उत्पादकों में गिना जाता है। इसमें लाखों वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों का योगदान है।

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग में लगभग पचास लाख से अधिक पेशेवर कार्यरत हैं। सॉफ्टवेयर निर्यात, डिजिटल सेवाएं और बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग के माध्यम से भारत को अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है। प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां मानव संसाधन आधारित विकास के उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

शिक्षा मानव संसाधन विकास का आधार है। शिक्षा व्यक्ति की उत्पादकता, नवाचार क्षमता और आय अर्जित करने की योग्यता को बढ़ाती है। भारत में साक्षरता दर स्वतंत्रता के समय लगभग 18 फीसद थी, जो अब 77 फीसद से अधिक हो चुकी है। उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत में 1,100 से अधिक विश्वविद्यालय, 45 हजार से अधिक महाविद्यालय, हजारों तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान कार्यरत हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की बढ़ती संख्या देश को ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ा रही है।

मगर अर्थव्यवस्था में केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है, कौशल भी बहुत जरूरी है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार ने विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं। इसके अंतर्गत 'स्किल इंडिया मिशन' और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना इत्यादि प्रमुख हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करना है।

स्वस्थ मानव संसाधन ही देश का उत्पादक मानव संसाधन होता है। बीमारी और कुपोषण श्रम उत्पादकता को कम कर देते हैं। भारत में औसत जीवन प्रत्याशा लगभग 70 वर्ष से अधिक हो चुकी है, जबकि शिशु मृत्यु दर में भी निरंतर कमी आई है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, टीकाकरण कार्यक्रमों और पोषण योजनाओं ने मानव संसाधन की गुणवत्ता को बेहतर बनाया है।

मानव संसाधन में महिलाओं की भूमिका भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। वे भारतीय अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा हैं। शिक्षा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि से महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। कृषि, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवाएं और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में यदि महिला श्रम भागीदारी दर में और वृद्धि की जाए, तो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो सकती है।

मानव संसाधन केवल रोजगार प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। यह रोजगार सृजन भी करता है। भारत विश्व के सबसे बड़े नवउद्यम पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक है। नवाचार, तकनीकी ज्ञान और उद्यमशीलता के कारण बड़ी संख्या में नए उद्यम स्थापित हुए हैं, जिन्होंने लाखों रोजगार सृजित किए हैं। युवा उद्यमी डिजिटल अर्थव्यवस्था, फिनटेक, ई-कॉमर्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं पैदा कर रहे हैं।

इतना सब कुछ होते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में मानव संसाधनों से जुड़ी चुनौतियां भी कम नहीं हैं। इनमें बेरोजगारी बड़ी समस्या है। अधिकांश मामलों में उद्योगों की आवश्यकता और युवाओं के कौशल के बीच काफी अंतर पाया जाता है। इस कारण शिक्षित होकर भी वे उद्योगों के लिए अधिक उपयोगी नहीं रह पाते। शिक्षा की गुणवत्ता के मामले में भी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में काफी असमानता है। इस कारण शिक्षित होते हुए भी वे अर्थव्यवस्था के अनेक क्षेत्रों में उपयोगी साबित नहीं हो पाते।

देश में महिला कार्यबल की भागीदारी अभी भी कई विकसित देशों की तुलना में काफी कम है। जबकि भारत की युवा आबादी आगामी दशकों में आर्थिक विकास का सबसे बड़ा आधार बन सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित मानव संसाधन की मांग तेजी से बढ़ रही है। यदि भारत शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुसंधान और कौशल विकास में निरंतर निवेश करता है, तो वह विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो सकता है। मानव संसाधन भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे मूल्यवान संपत्ति है। शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में प्रभावी नीतियों के माध्यम से मानव संसाधन को उत्पादक मानव पूंजी में परिवर्तित किया जा सकता है।

अध्यात्म

## असली बदलाव अच्छी बातों को जीवन में उतारने के बाद आता है

सत्संग और संगत का हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। ये बात गौतम बुद्ध की इस कहानी से समझ सकते हैं- गौतम बुद्ध अपने उपदेशों के कारण बहुत प्रसिद्ध हो चुके थे। वे रोज प्रवचन देते थे और दूर-दूर से लोग उन्हें सुनने आते थे। उन्हीं में एक युवा लड़का भी नियमित रूप से आता था। वह बहुत ध्यान से बुद्ध की बातें सुनता, लेकिन उसके जीवन में कोई विशेष बदलाव नहीं आ रहा था। कुछ समय बाद उस लड़के को लगा कि वह कई दिनों से सत्संग सुन रहा है, लेकिन उसका जीवन पहले जैसा ही है। उसने सोचा कि केवल सुनने से कोई लाभ नहीं हो रहा है, इसलिए बुद्ध से इस विषय में बात करनी चाहिए। अगले दिन वह प्रवचन के दौरान खड़ा हुआ और बोला कि मैं कई दिनों से आपके उपदेश सुन रहा हूं, लेकिन मेरे जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आया है। मैं जानना चाहता हूं कि इसका कारण क्या है? गौतम बुद्ध ने उसकी बात शांतिपूर्वक सुनी और उससे पूछा- तुम कहां से आते हो? लड़के ने बताया कि वह श्रावस्ती से आता है। बुद्ध ने फिर पूछा कि वहां से यहां आने में कितना समय लगता है और तुम किस तरह आते हो? लड़के ने उत्तर दिया कि कभी पैदल, कभी कोई साधन मिल जाता है, तो उससे आता हूं। फिर बुद्ध ने पूछा- क्या तुम यहां बैठे-बैठे अपने घर पहुंच सकते हो? लड़का मुस्कुराया और बोला कि यह संभव नहीं है, घर पहुंचने के लिए चलना ही पड़ेगा। बुद्ध ने कहा कि यही उत्तर तुम्हारे प्रश्न में छिपा है। केवल रास्ता जान लेने से कोई लक्ष्य पर नहीं पहुंचता, उसी तरह केवल उपदेश सुन लेने से जीवन नहीं बदलता। जब तक तुम उन बातों को अपने जीवन में लागू नहीं करोगे, तब तक परिवर्तन संभव नहीं है। बुद्ध ने समझाया कि गुस्से पर नियंत्रण, गलत आदतों का त्याग और अच्छे कर्मों को अपनाना, ये सब केवल सुनने से नहीं, बल्कि अभ्यास करने से आते हैं। सत्संग और अच्छी संगत का उद्देश्य ज्ञान देना है, लेकिन उस ज्ञान को कर्म में बदलना ही असली साधना है। उस लड़के को समझ आ गया कि समस्या सत्संग में नहीं, बल्कि उसे जीवन में न उतारने में थी।

**सीखः** सिर्फ किताबें पढ़ना या उपदेश सुनना काफी नहीं है। असली बदलाव तब आता है जब हम पढ़ी-सुनी हुई बातों को अपने व्यवहार में लागू करते हैं। हर दिन एक अच्छी आदत को अपनाने का प्रयास करें। संगत और सत्संग का जीवन में बहुत महत्व है, लेकिन केवल अच्छी बातें सुनना पर्याप्त नहीं होता, उन्हें अपनाना भी जरूरी है।

# जो लक्ष्य नहीं छोड़ते, वही मंजिल तक पहुंचते हैं...

**कई शोधों में यह सामने आया है कि करीब सत्तर फीसद ऐसे विद्यार्थी थे, जिन्होंने खुले मन से बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनके अभिभावकों का उन पर अत्यधिक दबाव था। आंकड़े चिंतित करने वाले हैं कि इस दबाव से पीड़ित कई विद्यार्थी अपनी जीवनलीला भी समाप्त कर रहे हैं, क्योंकि वे सोच लेते हैं कि जो अपेक्षा उनसे की जा रही है, वह उनकी सामर्थ्य के बाहर है। इसलिए आवश्यक है कि इस भाग-दौड़ की जिंदगी में युवा पीढ़ी को लक्ष्य निर्धारण में उनके माता-पिता अपने मैत्रीभाव का प्रदर्शन करते हुए समय-समय पर आत्मीय सहयोग, अनुश्रवण और मृदुल वातावरण उपलब्ध कराएं। इससे लक्ष्य का लालित्य शाश्वत रहेगा।**

**अशोक कुमार**

मानव जीवन के यात्रा पथ के विभिन्न पड़ावों का सबसे महत्त्वपूर्ण विषय यह है कि व्यक्ति का वास्तविक लक्ष्य क्या है। यह लक्ष्य वही होगा, जैसा व्यक्ति अपनी चिंतनधारा से उसे आकार देगा। जैसे दुखी व्यक्ति का लक्ष्य है प्रसन्न होना या भूखे व्यक्ति का लक्ष्य है भोजन ग्रहण करना, उसी प्रकार सकारात्मक भविष्य प्रबंधन के लिए लक्ष्यों के अनेक आयाम हैं।

बचपन के बाद किशोरावस्था और फिर युवावस्था में प्रवेश करते ही आमतौर पर यह तय करने की पारिवारिक जिम्मेदारी होती है कि उसे किस क्षेत्र में कदम रखना है। अगर घर की परंपरा या विरासत में कृषि कार्य या व्यवसाय का संचालन हो रहा है, तो कई बार युवा अपने अभिभावकों की इच्छा का सम्मान करते हुए अपनी सहमति देते हैं।

आज के दौर में हो रहे परिवेशीय परिवर्तन और एकल परिवार के गठन ने विशेषकर युवा पीढ़ी के समक्ष भविष्य निर्माण की गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। शिक्षा ग्रहण करने के अनेक क्षेत्रों की उपलब्धता से युवा वर्ग को इसमें चयन के कई विकल्प दिखाई देते हैं। ग्रामीण परिवेश की स्थितियों में अब कृषि भूमि और व्यावसायिक हिस्सों में विभाजन की स्थिति ने युवाओं के भीतर यह चिंतनभूमि तैयार कर दी है कि रोजी-रोजगार के लिए उन्हें शिक्षा के द्वार तलाशने होंगे।

इस क्रम में आज की युवा पीढ़ी को लक्ष्य का चयन सोच-समझकर करने की जरूरत है, जो उसकी गहन अभिरुचि, योग्यता और मूल्यों से समन्वय स्थापित करता हो। केवल अर्थोपार्जन या प्रसिद्धि पाना लक्ष्य नहीं, बल्कि ऐसे कार्य का चुनाव हो, जिससे आत्म-संतुष्टि मिले और परिवार, समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा-अंश भी बने। अनुभवी और सफल लोगों की मान्यता है कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समयबद्ध योजना, कठिन परिश्रम और धैर्य भी आवश्यक है।

रास्ते में असफलताएं, बाधाएं और चुनौतियां आएंगी, पर लक्ष्य दृढ़ होगा तो हम थोड़ा थक-हार कर भी फिर से उठ खड़े होंगे और लक्ष्य प्राप्ति के लिए गतिशील हो जाएंगे। लक्ष्यहीन लोग समय की गति के साथ बह जाते हैं, जबकि लक्ष्य के साथ वे प्रतिकूल परिस्थितियों को अपनी मुट्ठी में कैद कर आगे बढ़ने में सफल हो जाते हैं।

जो युवा अपने जीवन का एक श्रेष्ठ लक्ष्य निर्धारित कर कठिनाइयों के बावजूद आगे बढ़ते हैं, वे ही लक्ष्य का दीपक प्रज्ज्वलित कर अपने जीवन से अंधकार की छाया को भी दूर भगा पाते हैं। उत्साही मन अपने प्रथम लक्ष्य बिंदु को स्पर्श करने में ज्यों ही सफल होता है, उसके समक्ष सृजन के दूसरे लक्ष्य के सपने भी तैरने लगते हैं। आए दिन कई दृष्टांत देखे गए हैं कि एक प्रतियोगी जब लक्ष्य का प्रथम सोपान प्राप्त कर लेता है, तो उसकी ज्ञान-ऊर्जा उच्चतर लक्ष्य के लिए भी उसे प्रेरित करती है।

लक्ष्यजनित सफलता के सूर्योदय में अनेक ऐसे भी संयोग सूत्र आते हैं, जब व्यक्ति आधे रास्ते




में थककर वापस लौटना चाहता है। उसकी हिम्मत और धैर्य की तरंग उसे ऐसे पड़ाव पर खड़ा कर देती है, जहां कोई उसका हितैषी या मार्गदर्शक दिखाई नहीं देता। इस संक्रमण काल में निराश व्यक्ति के अंदर भंडारित ऊर्जा और विवेक ही है, जो उसे जागृत कर सकता है।

प्रश्न है कि इसे किस स्रोत से जागृत कराया जाए। इस स्थिति में मनोवैज्ञानिक अनुभव यही कहता है कि लक्ष्य बिंदु से बुझ चुके व्यक्ति को कुछ दिनों के लिए रोचक या मनोरंजक गतिविधियों से संबद्ध किया जाए, ताकि वह मानसिक दबाव से मुक्त होकर राहत की अनुभूति के आंगन में आ जाए। जब व्यक्ति अपने को तरोताजा महसूस करने लगे, तो उसे उस विरत हुए बिंदु पर फिर लाकर आगे की लक्ष्य यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उसे यह बताने की जरूरत है कि रुक जाना, थक जाना या हार मानकर गंतव्य से वापसी करना उसके भविष्य के लिए अनुकूल नहीं है। एक सबसे प्रभावी क्रिया यह भी है कि उससे राय ली जाए कि द्वंद्व के पड़ाव पर उसकी अनुभूति कैसी रही और अब जब वह उस द्वंद्व से स्वतंत्र होकर बिल्कुल तरोताजा है, तो आगे उसकी क्या योजना है। स्वचिंतन के पल में निश्चित ही वह व्यक्ति अतीत के नैराश्य-बंधन से आजाद होकर अपने भविष्य को फलदायी बनाने का संकल्प दोहराएगा। कभी-कभी हताश युवा समुचित मार्गदर्शन के अभाव में भाग्यवादी होकर कुछ निराश साथियों की संगति में भी लक्ष्य मार्ग से भटकते हुए यथास्थिति का पालक बन जाता है।

मानसिक रूप से सबसे तरल और सरल हमारी युवा पीढ़ी के भविष्य निर्माण के अनेक प्रकल्प हैं, जिन्हें अपनी प्रतिभा और सामर्थ्य के अनुसार ही चयन करने की आवश्यकता है। अपनी कार्यक्षमता और योग्यता से अधिक भार वहन करने पर युवा लक्ष्य से फिसलन की ओर आ जाते हैं। अधिकांश मामलों में युवाओं की महत्त्वाकांक्षा इतनी भारी हो रही है, जिसे वे अपनी क्षमता के विपरीत मानते हैं। कभी-कभी अभिभावकों की बच्चों से अधिक उम्मीद की स्थिति खतरनाक साबित होती है।

कई शोधों में यह सामने आया है कि करीब सत्तर फीसद ऐसे विद्यार्थी थे, जिन्होंने खुले मन से बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनके अभिभावकों का उन पर अत्यधिक दबाव था। आंकड़े चिंतित करने वाले हैं कि इस दबाव से पीड़ित कई विद्यार्थी अपनी जीवनलीला भी समाप्त कर रहे हैं, क्योंकि वे सोच लेते हैं कि जो अपेक्षा उनसे की जा रही है, वह उनकी सामर्थ्य के बाहर है। इसलिए आवश्यक है कि इस भाग-दौड़ की जिंदगी में युवा पीढ़ी को लक्ष्य निर्धारण में उनके माता-पिता अपने मैत्रीभाव का प्रदर्शन करते हुए समय-समय पर आत्मीय सहयोग, अनुश्रवण और मृदुल वातावरण उपलब्ध कराएं। इससे लक्ष्य का लालित्य शाश्वत रहेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए नई उम्मीदों और सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई नई जिम्मेदारी या पद मिलने की संभावना है।

**वृषभ**
आज आपके अंदर खुद को साबित करने की जबरदस्त ऊर्जा दिखाई देगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपको और मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा।

**मिथुन**
व्यवसाय में बड़ा जोखिम उठाने से बचें, क्योंकि धीरे-धीरे और समझदारी से बढ़ना ही आपके लिए फायदेमंद रहेगा। अपने कामों में स्पष्टता बनाए रखें।

**कर्क**
आज आपके नेतृत्व करने की क्षमता सबके सामने खुलकर आएगी। टीम के साथ मिलकर किया गया काम नई पहचान और सम्मान दिला सकता है।

**सिंह**
मनपसंद काम मिलने से उत्साह बढ़ेगा और आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम भी देखने को मिलेगा। नए लोगों से मुलाकात लाभदायक साबित हो सकती है।

**कन्या**
आज का दिन सफलता और संतोष दोनों लेकर आएगा। रिश्तों में प्रेम और सहयोग की भावना बढ़ेगी, जिससे घर का माहौल खुशनुमा रहेगा।

**तुला**
करियर के लिहाज से आज का दिन आपके लिए बेहद शुभ संकेत दे रहा है। रुका हुआ या फंसा धन वापस मिलने से राहत और खुशी दोनों महसूस होंगी।

**वृश्चिक**
कोई मित्र अनजाने में आपके काम में रुकावट डाल सकता है, इसलिए सतर्क रहें। नया काम शुरू करने का विचार अच्छा रहेगा।

**धनु**
आज का दिन तरक्की और उपलब्धियों के नए रास्ते खोल सकता है। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने से आपकी पहचान और पद दोनों मजबूत होंगे, साथ ही वेतन बढ़ने के संकेत भी हैं।

**मकर**
नई योजनाओं और सृजनात्मक कार्यों में मन खूब लगेगा। जरूरतमंद की मदद करके आत्मिक सुकून मिलेगा। यदि आप राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हैं, तो सम्मान मिलने की संभावना मजबूत है।

**कुंभ**
खर्चों पर नियंत्रण रखने की जरूरत होगी। आसपास के लोगों को अच्छी तरह पहचानें, क्योंकि कुछ लोग आपके रास्ते में रुकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं।

**मीन**
आज का दिन सम्मान और उपलब्धियों का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और नए अवसर आपके सामने आएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू पहुंचे बाढ़, बाबा उमानाथ मंदिर में की पूजा अर्चना

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा के दिग्गज नेता एवं बाढ़ विधानसभा से लगातार चार बार विधायक रहे पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ज्ञानू सोमवार को बाढ़ के उमानाथ पूजा अर्चना के लिए अपनी पत्नी के साथ पहुंचे जहां उन्होंने बाबा उमानाथ की पूजा अर्चना कर ईश्वर से सुख समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मिडिया से बात करते हुए कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने बाढ़ में डेढ़ सौ से 2 सौ करोड़ रुपए का कार्य किया। कई कार्य तो अभी भी चल रहे हैं और जो कार्य शुरू हो चुका है वो पूरा भी होगा। उन्होंने कहा फिलहाल वे विधायक नहीं भी फिर भी महीने में तीन चार बार बाढ़ के लोगों से मिलने आते हैं। यहाँ बाबा उमानाथ में पूजा अर्चना भी करते हैं और जो विकास कार्य हो रहा है उसका निरीक्षण भी कर लेते हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि विधायक होते तो ज्यादा अधिकार से कार्य को देखते लेकिन विधायक नहीं भी हैं फिर भी जहां भी बाढ़ के लोगों को दिक्कत होगी उसके समाधान के लिए कार्य करते रहेंगे।

### शादी विवाह का लग्न और परीक्षा को लेकर ट्रेनों में भीड़

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर मंडल रेल के बाढ़ रेलवे स्टेशन पर सोमवार के दिन एक तो भीषण गर्मी ऊपर से शादी विवाह का लग्न और बीए सेमेस्टर 4 का एग्जाम को लेकर ट्रेन में काफी भीड़ भर की स्थिति देखने को मिली हालत यह है कि पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों को लात रखने तक की जगह नहीं थे इसके बावजूद भी लोग धक्का मुक्की करके लोग ट्रेनों में सवार होते नजर आए इस दौरान यात्री रेलवे नियमों की अभेलना करते हुए रेलवे ट्रैक को मांगते हुए एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर भी जाते नजर आए फिर इतनी ज्यादा थी कि ट्रेन खुल जाने के बाद भी गार्ड को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर फिर से ट्रेन को रोकना पड़ा और यात्रियों के सवार हो जाने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया इस तरह की रेल यात्रा के दौरान अक्सर यात्रियों को जान गंवानी पड़ती है लोग ट्रेन के पैदान में लटकते हुए यात्रा करते देखे गए हाल के दिनों में मधनिषेध विभाग पुलिस बहाली के दौरान भी छात्र परीक्षा देने के लिए इसी तरह परेशान थे हाल में नीट का भी एग्जाम चल रहा है जिसके चलते भी ट्रेन में काफी भीड़ भार देखने को मिली।

### बिजली के खंभा बनाने में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इन दिनों बिजली विभाग के द्वारा सड़क के किनारे नए-नए लाइट लगाने को लेकर खंभा लगाने के लिए उसका बेस तैयार किया जा रहा है गुलाब बाग गांव में बीती रात्रि विभाग द्वारा संवेदक के माध्यम से कराए जा रहे काम का कड़ा विरोध किया गया स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि एक तो घटिया मसाला ऊपर से बीना पानी का उपयोग किए हुए भीषण गर्मी के मौसम में इस तरह का मसाला तैयार कर खंभे को खड़ा किया जा रहा है तो उसकी गुणवत्ता बेहतर नहीं होगी विभाग से मामले की जांच कराए जाने की बात कही है ग्रामीणों ने अभी तक लिखित शिकायत नहीं किया।

### करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के सकसोहरा थाना क्षेत्रके कैमा गांव में विद्युत पोल की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई पशुपालक रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि बिजली के खंभे में करंट आ रहा था जिसकी चपेट में भैंस आ गया पुलिस मौके पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई है और गरीब पशुपालक को मुआवजा दिलाने के लिए स्थानीय नेता आलोक तेजस्वी भी ने प्रयास करना शुरू कर दिया है।

### नवनिर्मित मकान में चोरों ने की डेढ़ लाख की संपत्ति चोरी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर थाना क्षेत्र के लखनीबिगहा, द्वारिकापुरी कॉलोनी के रोड नंबर एक में स्थित नवनिर्मित मकान में तीन की संख्या में आये अज्ञात चोरों ने बिजली के तार व टाइल्स मशीन के अलावा कई कीमती सामानों की चोरी कर डाली।



इस संबंध में पीड़ित घर मालिक प्रवीण कुमार ने स्थानीय थाना में चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत किया है। पीड़ित हर मालिक ने बताया कि वह हार्डवेयर का व्यापार करते हैं और द्वारिकापुरी रोड नंबर एक में अपना तीन मंजिला मकान बनवा रहे हैं। मकान में कार्य करने वाले मजदूर व मिस्त्री रोज की तरह कार्य कर अपने घरों में चले गये थे। सोमवार की सुबह जब वह मकान पर पहुंचे तो पाया कि सभी कमरे में लगे बिजली के तार कटे हुए है वही टाइल्स कटिंग मशीन, फर्स बनाने वाली मशीन के अलावा कई कीमती मशीन नदारत है। उन्होंने बताया कि पड़ोस में लगे सीसीटीवी फुटेज में तीन की संख्या में चोरों ने रस्सी के व दीवार के सहारे उनके मकान में चढ़ते नजर आए है। चोरों ने उनके मकान से करीब डेढ़ लाख की संपत्ति की चोरी कर ले गये। वहीं इस चोरी की सुचना स्थानीय थाना पुलिस को दी जो मौके पर पहुंच छानबीन करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है।

### सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकला व्यक्ति लापता

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर थाना के रजिस्ट्री ऑफिस के पास बेलतल के रहने वाले 60 वर्षीय सत्यानंद कुशवाहा रहस्यमय ढंग से लापता हो गये है। लापता सत्यानंद विगत 17 जून की सुबह मॉर्निंग वॉक करने घर से निकले थे। इस संबंध में लापता व्यक्ति के पुत्र अभिषेक कुमार ने स्थानीय थाने में गुमसुदगी का मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में अभिषेक ने ने बताया कि उसका पिता विगत



बुधवार की सुबह 4 बजे व्यायाम करने के निकले थे परंतु दोपहर तक वह अपने घर नहीं पहुंचे। परिजनों को चिंता होने लगी। अपना मोबाइल भी घर पर ही छोड़ दिए थे। पूरा परिवार उनके सभी रिस्तेदारो व अन्य जगहों पर खोजबीन की गई पर उनका कहीं पता नहीं चला। वहीं आवेदन मिलने के बाद स्थानीय पुलिस जवान की खोजबीन में जुटी हुई है।

### रास्ते पर बालू रखने से हुआ जलजमाव, लोगों को परेशानी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 18 भट्ठा रोड में एक व्यक्ति द्वारा हर बनाने के लिए बालू गिराने से भयावह जल जमाव की हालात पैदा हो गया। इस समस्या



से निराकरण करने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा बालू हटाने व जलजमाव को दूर करने के लिए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर कार्यवाही करने की बात कही है। स्थानीय परशुराम कुमार ने आवेदन में बताया है कि भट्ठा रोड में परती जमीन का बरसात का पानी वार्ड 22 से होकर मुख्य नाला तक जाता है। जिसे एक व्यक्ति द्वारा बालू भरवाकर जाम कर दिया है। जिससे मार्ग पर जलजमाव की स्थिति पैदा हो गया है। लोगों को आने जाने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शिकायत मिलने के बाद नगर परिषद प्रशासन कार्रवाई में जुट गई है।

### डकैती कांड के आरोपी ने कुर्की के डर से किया सरेंडर

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना कांड संख्या 410/12, दिनांक 20/12/2012, के अप्राथमिकी अभियुक्त ने कुर्की की कार्रवाई के डर से सरेंडर कर दिया। पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अखिलेश पासवान, पिता स्व. सीताराम पासवान, निवासी सोनवर्षा बिहारीबिगहा, थाना ओबरा, जिला औरंगाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के



अनुसार, उक्त डकैती कांड में अखिलेश पासवान लंबे समय से फरार चल रहा था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस उसके घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई कर रही थी। कुर्की के डर से आरोपी ने अपने घर पर ही सरेंडर कर दिया। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है। डकैती कांड के कुर्की वारंटी के इस पुराने मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### फरार नामजद आरोपी महिला गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के गुरुपतिचक मुसहरी गांव में बीते 28 मार्च को हुए घरेलू विवाद को लेकर एक महिला से मारपीट और छेड़छाड़ का मामले मैं फरार नामजाद आरोपी महिला बबीता देवी पति स्वर्गीय जीतन मांझी गुरपतिचक से लहसुना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल इस घटना के संदर्भ में पीड़िता के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा गया था की पीड़िता सुनीता देवी, उम्र करीब 42 वर्ष, पति मुन्नी मांझी, निवासी गुरुपति चक मुसहरी, ने बताया कि घटना 28 मार्च 2026 की शाम करीब 7 बजे की है।

# शांति समिति की बैठक, ताजिया जुलूस के रूट चार्ट पर हुई चर्चा, ड्रोन से होगी निगरानी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर मसौढ़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष विवेक भारती ने की। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी शामिल हुए। बैठक में अंचलाधिकारी प्रभात रंजन और कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन मौजूद रहे। इसके अलावा मसौढ़ी के कई समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि मोहर्रम पर सभी मुस्लिम मोहल्लों से ताजिया जुलूस निकाले जाते हैं। सभी जुलूसों का टाइम टेबल और रूट चार्ट पहले से निर्धारित किया जाएगा। हर ताजिया जुलूस के सरदार की जिम्मेदारी होगी कि वे अपने जुलूस के लोगों पर निगरानी रखें। किसी भी तरह से धार्मिक भावनाओं को आहत नहीं किया जाएगा। जुलूस सिर्फ निर्धारित रूट से ही निकलेगा।उन्होंने बताया कि मसौढ़ी में पुरानी बाजार अखाड़ा कमेटी, रहमतगंज अखाड़ा कमेटी, तारेगना डीह अखाड़ा कमेटी, मालिकाना अखाड़ा कमेटी और कश्मीरगंज



अखाड़ा कमेटी से ताजिया जुलूस निकलते हैं। इन सभी के समय का निर्धारण किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने कहा कि पूरे ताजिया जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरों से भी की जाएगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और लाठी बल की तैनाती रहेगी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस और मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। देर शाम तक चलने वाले आयोजनों पर विशेष नजर रखी जाएगी।बैठक में मुस्लिम समुदाय के लोगों से भी कई बिंदुओं पर चर्चा की गई और उनसे शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई। बैठक में मोहम्मद रफी, मेराज अहमद इब्राहिम, मोहम्मद खुर्शीद, मोहम्मद शौकत, मोहम्मद नौशाद खान, मोहम्मद शमशाद, संटू यादव, संतोष अनमोल, नवल भारती, लालमोहन सिंह, वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, पप्पू अंसारी, सुनील कुमार वर्मा, मुखिया रवि प्रकाश ,मृत्युंजय पांडे समेत कई गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बिना लाइसेंस नहीं निकलेगा ताजिया जुलूस, सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील थाना अध्यक्ष रंजन कुमार



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खगौल नगर में मुहर्रम पर्व को लेकर सोमवार को खगौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई है। खगौल थाना अध्यक्ष रंजन कुमार की अध्यक्षता में खगौल थाना में आयोजित की गई। बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम को संपन्न कराने पर चर्चा की गई।मुहर्रम के ताजिया जुलूस के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। साथ ही रूट-चार्ट को लेकर भी चर्चा किया गया। थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि निर्धारित रूट चार्ट से ताजिया व जुलूस को निकाला जाएगा। दोनों समुदाय के लोगों को आपसी भाईचारा बनाये रखने की अपील की। इस बैठक में आए लोगों को संबोधित करते हुए खगौल थाना अध्यक्ष ने कहा कि मुर्हरम शांति से मनाएं। सोशल मीडिया पर गलत खबर फैलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बार मुर्हरम को लेकर लोगों के बीच हर्षोल्लास देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिल्कुल शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण माहौल में पर्व को मनाना है। किसी भी तरह के अफवाह से बचे।अगर कोई असामाजिक तत्व पर्व में विघ्न डालने की कोशिश करता है ।तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस प्रशासन को दें। ताजिया जुलूस के लिए आवेदन के साथ कमिटी के 10 लोगों का आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर देना अनिवार है। इस बैठक मौजूद सब इंस्पेक्टर संजीव कुमार,सब इंस्पेक्टर नीतीश कुमार, अरविंद कुमार,सहायक ,पूर्व नगर उपाध्यक्ष सुनील कुमार, वार्ड पार्षद पिंटू कुमार, प्रशांत कुमार सिंह,महेंद्र कुमार सिंह,आरती कुमारी,मो राजा, मो दानिश, मो अजमल, गौरहर इकबाल, महफूज आलम, इरफान सिद्धकी, शोएब कुरैशी, सिंह,सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स, जितेंद्र वत्स, धर्मेंद्र सिंह, राकेश मेहता उर्फ पप्पू, पॉली गांगुली, संजय कुमार, समाजसेवी अजय कुमार यादव, रितेश कुमार उर्फ. बिट्टू,मोहम्मद राजा, महफूज आलम, आशुतोष कसहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मोकामा में सोशल मीडिया पर कट्टा लहराना पड़ा महंगा, युवक गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इंस्टाग्राम और फेसबुक पर देसी कट्टा लहराते हुए फोटो-रील वायरल करना एक स्थानीय युवक को भारी पड़ गया। मोकामा थाना पुलिस ने साइबर मॉनिटरिंग से फोटो की पुष्टि कर रविवार देर रात छापेमारी की और आरोपी को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान जितेन्द्र कुमार, पिता श्रवण यादव, निवासी कन्हाईपुर वार्ड-7, मोकामा के रूप में हुई है। पिछले दो दिनों से उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही थी, जिसमें वह खुलेआम कट्टा लहराता दिख रहा था। पूछताछ में युवक ने हथियार छिपाने की जगह बताई, जिसके



बाद पुलिस ने टाल इलाके से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया।थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के नेतृत्व में टीम ने लोकेशन ट्रेस कर कार्रवाई की।मोकामा थाना क्षेत्र में हुई इस छापेमारी में सोशल मीडिया पर हथियार लहराने का वीडियो वायरल होने के बाद त्वरित गिरफ्तारी की गई, और आरोपी के पास से देसी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।पुलिस ने बताया कि बाढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन में गठित टीम ने यह कार्रवाई की, मोकामा में छापेमारी का नेतृत्व थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने किया।

### साइकिल सवार को फोर व्हीलर ने मारी टक्कर

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुलाब बाग चौक के पास एक साइकिल सवारी युवक को फोर व्हीलर ने टक्कर मार दी जिसमें साइकिल सवारी युवक सड़क किनारे गिर कर जख्मी हो गया। घायल की पहचान एनटीपीसी थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव निवासी के रूप में हुई है हालांकि फोर व्हीलर मलिक ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करवाया वहीं परिजनों ने भी माना की साइकिल सवार की ही गलती थी और फोर व्हीलर चालक ने युवक को बचाने का बहुत प्रयास भी किया था।

## गैरेज पर बुलाकर युवक से मारपीट, 15 हजार और सोने की चेन छीनी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के अस्पताल रोड में एक युवक को गैरेज पर बुलाकर मारपीट करने और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर 5 लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत की है। आरोप है कि हमलावरों ने 15 हजार रुपये नकद और सोने की चेन छीन ली। पीड़ित शिव कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता केदारनाथ गुप्ता अस्पताल रोड निवासी ने बताया कि वह जहानाबाद रोड में ई-रिक्शा का चार्जिंग प्वाइंट और गैरेज चलाता है। 19 जून को शाम करीब 5 बजे वह दुकान बंद कर घर चला गया था। शिव कुमार के अनुसार, रात करीब 8:02 बजे उसके मोबाइल नंबर पर वॉट्सऐप कॉल आया। फोन करने वाले ने ई-रिक्शा चार्ज करवाने के बहाने गैरेज पर बुलाया। कॉल की पुष्टि के बाद वह रात करीब 8:15 बजे दुकान पहुंचा। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद चार-पांच अज्ञात लोगों ने अचानक लाठी-डंडे से हमला कर दिया। शिव कुमार ने हमलावरों में से तीन लोगों की पहचान की है जिसमें रंजीत यादव, उम्र करीब 40 वर्ष, पिता अज्ञात,निरहुआ और उम्र करीब 45 वर्ष, और उसका भाई,जहानाबाद रोड निवासी, आदी है। पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान रंजीत की पत्नी पिंकी देवी, उम्र करीब 40 वर्ष भी लाठी लेकर आई और मारपीट करने लगी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने पीड़ित की जेब से करीब 15,000 रुपये नकद और गले से 10 ग्राम की सोने की चेन छीन ली। हमले में शिव कुमार के दोनों पैर में गंभीर चोट आई है। बाएं हाथ की कलाई भी फैक्चर हो गई है। गला दबाने के प्रयास से गर्दन पर भी चोट के निशान हैं। पीड़ित ने बताया कि मारपीट के बाद सभी आरोपियों ने धमकी दी कि "तुम्हारी दुकान यहां से बंद करवा देंगे।थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है।

### छेड़छाड़ के मामले फरार आरोपित महिला गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के गुरुपतिचक मुसहरी गांव में बीते 28 मार्च को हुए घरेलू विवाद को लेकर एक महिला से मारपीट और छेड़छाड़ का मामले मैं फरार नामजाद आरोपी महिला बबीता देवी पति स्वर्गीय जीतन मांझी गुरपतिचक से लहसुना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल इस घटना के संदर्भ में पीड़िता के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा गया था की पीड़िता सुनीता देवी, उम्र करीब 42 वर्ष, पति मुन्नी मांझी, निवासी गुरुपति चक मुसहरी, ने बताया कि घटना 28 मार्च 2026 की शाम करीब 7 बजे की है। जहां उनकी गोतनी बबीता देवी, उम्र करीब 40 वर्ष, पति जीतन मांझी का आरोपी सन्नी चौधरी, उम्र करीब 30 वर्ष, पिता स्व. नरेश चौधरी, निवासी गुरुपति चक से घरेलू विवाद हुआ था। बबीता देवी के कहने पर सन्नी चौधरी उनके घर आया और उनके 12 वर्षीय बेटे पवन कुमार से गाली-गलौज और मारपीट करने लगा।

## किराना दुकानदार की बेटी ने सेल्फ स्टडी से क्रैक की बीपीएससी, बनीं ग्रामीण विकास पदाधिकारी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल गांव की बेटी संध्या केसरी ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर ग्रामीण विकास पदाधिकारी के पद पर चयनित होकर पूरे इलाके का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि संध्या ने बिना किसी कोचिंग या ट्यूशन के, सेल्फ स्टडी के बल पर पहले ही प्रयास में यह मुकाम हासिल किया है। संध्या केसरी के पिता संतोष कुमार नदौल में एक छोटी किराना दुकान चलाते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति साधारण है। बीपीएससी का परिणाम आते ही पूरे गांव में खुशी का माहौल है। संध्या ने अपनी 10वीं की पढ़ाई 2019 में और 12वीं की पढ़ाई 2021 में पीपी स्कूल से पूरी की थी। 2024 में ग्रेजुएशन करने के बाद उन्होंने 70वीं बीपीएससी परीक्षा दी और पहले ही प्रयास में सफलता पाई है।पीपी शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ. अभिराम




सिंह ने कहा, "संध्या केसरी की इस सफलता से पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। इस परीक्षा में चयनित छात्र न केवल अपने ज्ञान से देश का नाम रोशन करते हैं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनते हैं। यह उनके सतत प्रयास का फल है।एकेडमिक डायरेक्टर अक्षय आनंद ने कहा, संध्या साधारण पृष्ठभूमि से आती हैं। उनके पिता किराना दुकान चलाते हैं, लेकिन अपनी मेहनत और लगन से वह इस मुकाम तक पहुंची हैं। हमें उम्मीद है कि यहां से निकलकर ये छात्र देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे और राष्ट्र निर्माण में सहायक बनेंगे। उन्होंने संध्या के माता-पिता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सुबोध कुमार, सुभाष चंद्र बोस, आर.एस. मिश्रा, प्रभास कुमार सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।संध्या की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे अनुमंडल का नाम रोशन हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि संध्या गांव की बेटियों के लिए मिसाल बन गई हैं।

## पेट्रोल पंप-फैक्ट्री में आग से अब 'नो टेंशन', मसौढ़ी अग्निशमन को मिला फोम टेंडर

**3 हजार लीटर क्षमता, तेल की आग मिनटों में बुझेगी; अब तक पानी से बढ़ता था खतरा**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी अग्निशमन कार्यालय को अत्याधुनिक फोम टेंडर आवंटित किया गया है। इससे पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, केमिकल फैक्ट्री और तेल



टैंकर में लगने वाली आग पर अब मिनटों में काबू पाया जा सकेगा। अब तक तेल की आग पर पानी डालने से वह और भड़क जाती थी।अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी मंजीत सिंह ने बताया कि नए फोम टेंडर में 3000 लीटर पानी के साथ 500 लीटर फोम केमिकल स्टोर करने की क्षमता है। तेल, पेट्रोल, डीजल और केमिकल की आग पर पानी बेअसर होता है। पानी डालने से आग फैलती है। फोम की बौछार आग की ऑक्सीजन सप्लाई काट देती है, जिससे वह तुरंत बुझ जाती है। मसौढ़ी अनुमंडल में 18 पेट्रोल पंप, 2 गैस बॉटलिंग प्लांट और कई बड़े गोदाम हैं। अब तक यहां आग लगने पर पटना से फोम टेंडर मंगाना पड़ता था। तब तक आग विकराल रूप ले लेती थी। नए फोम टेंडर के साथ 6 अग्निशमन कर्मियों को पटना में विशेष ट्रेनिंग भी दी गई है।

### मसौढ़ी में ट्रांसफॉर्मर से कॉइल चोरी, 75 हजार का नुकसान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी विद्युत आपूर्ति प्रशाखा क्षेत्र के गोपालपुर खंधा में असामाजिक तत्वों ने 25 केवीए के ट्रांसफॉर्मर को क्षतिग्रस्त कर दिया। चोर ट्रांसफॉर्मर की कॉइल निकाल कर ले गए, मौके पर सिर्फ खाली बॉडी बची है। इस घटना से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को करीब 75,000 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।कनीय विद्युत अभियंता रंजीत प्रसाद, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा मसौढ़ी-1 ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। कनीय अभियंता ने बताया कि गोपालपुर निवासी धीरेंद्र कुमार सिंह, पिता स्व. नागेश्वर सिंह ने लिखित आवेदन दिया था।

## भगवानगंज में पुनपुन नदी से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, 2.15 लाख का जुर्माना

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध बालू खनन के खिलाफ चल रहे अभियान के क्रम मे सोमवार को भगवानगंज थाना और खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में बालू लदे दो



ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। दोनों ट्रैक्टरों पर कुल 2 लाख 15 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दरियापुर के पास पुनपुन नदी से अवैध बालू का खनन कर निकल रहे ट्रैक्टरों को अभियान के दौरान पकड़ा गया। छापेमारी के दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से फरार होने में सफल रहे। खनन पदाधिकारी उत्तम कुमार सिंह ने बताया कि जब्त दोनों ट्रैक्टरों पर 2.15 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। भगवानगंज थाना अध्यक्ष ने कहा कि अवैध बालू खनन के खिलाफ यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। नदी घाटों पर पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है।

## 'इंडियाज गॉट नोवा' के साथ दिखेगा एआई+ का नया अंदाज

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एआई+ स्मार्टफोन ने अपनी नोवा सीरीज का विस्तार करते हुए, नोवा 2 नियो 5जी और नोवा 2 प्रो 5जी लॉन्च कर दिए हैं। इन नए स्मार्टफोन्स के साथ कंपनी भारतीय ग्राहकों के लिए भरोसेमंद, आसानी से उपलब्ध और दमदार परफॉर्मेंस वाला स्मार्टफोन अनुभव की पेशकश करने की अपनी कोशिश को और आगे बढ़ा रही है। नोवा 2 नियो 5जी और नोवा 2 प्रो 5जी को अलग-अलग तरह के यूजर्स की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हालाँकि, दोनों फोन्स में डिजाइन, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और पारदर्शिता की एक जैसी सोच देखने को मिलती है। इन स्मार्टफोन्स के जरिए कंपनी का उद्देश्य नोवा अनुभव को और ज्यादा लोगों तक पहुँचाना है। चाहे पहली बार स्मार्टफोन खरीदने वाले ग्राहक हों, समझदारी से खर्च करने वाले यूजर्स हों या फिर कंटेंट क्रिएटर्स, प्रोफेशनल्स और बेहतर परफॉर्मेंस के लिए नया फोन तलाश रहे लोग, यह सीरीज सभी की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। ट्रेडिशनल स्मार्टफोन लॉन्च से अलग हटकर एआई+ स्मार्टफोन्स ने इन डिवाइसेस को 'इंडियाज गॉट नोवा' के जरिए पेश किया। इस खास लॉन्च फॉर्मेट को कॉमेडियन समय रैना और गैजेट गुरु राजीव माखनी ने होस्ट किया। कार्यक्रम में दर्शकों की भागीदारी, प्रोडक्ट डेमो, लाइव डिबेट्स और रियल-वर्ल्ड चैलेंजेस को शामिल किया गया, ताकि लोगों को डिवाइसेस के बारे में ज्यादा वास्तविक और यूजर-केंद्रित अनुभव मिल सके।

### मोकामा में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी मुहर्रम को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर सोमवार को मोकामा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने की।बैठक में दोनों समुदायों के गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। थानाध्यक्ष ने कहा कि ताजिया जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूरी तरह रोक रहेगी और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपील की कि परंपरा का पालन करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखें और अफवाहों से बचें।थानाध्यक्ष ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष मुहर्रम के लिए 6 लाइसेंस निर्गत किए गए थे, जबकि इस साल अभी तक केवल दो आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने आयोजकों से समय पर लाइसेंस के लिए आवेदन करने और जुलूस का रूट, समय और वॉलंटियर की सूची थाना को उपलब्ध कराने को कहा।

## गोविंदपुर में शिव महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

**551 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा**

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के गोविंदपुर गांव में आयोजित शिव महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारंभ पर रविवार को आस्था का अद्भुत सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर 551 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भव्य कलश यात्रा निकाली। श्रद्धा और भक्ति से सराबोर इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा शिव मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर गांव के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान हाथी, घोड़े, ऊंट तथा बैंड-बाजों की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। पूरे मार्ग में श्रद्धालु "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष लगाते रहे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं विश्व



कल्याण की कामना की। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-पाठ, हवन, प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में अमरेश्वर प्रसाद सिन्हा, सतीश ठाकुर, कामेश्वर कांतिकारी, लक्ष्मण साहू, संतोष चंद्रवंशी, नगर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बब्बन यादव तथा इंजीनियर संजीव कुमार सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे और धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। महायज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ देर शाम तक जुटी रही तथा पूरा क्षेत्र शिवमय वातावरण में सराबोर रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब और प्रतिबंधित दवाओं के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रक्सौल पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और प्रतिबंधित नेपाली दवाएं बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, एक मामले में पश्चिम चंपारण के नवलपुर थाना क्षेत्र निवासी मनीष कुमार (31 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई में मनोज कुमार (24 वर्ष) और पिंटू बैठा को होंडा शाइन मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 12,165 पीस नेपाली अंग्रेजी दवा बरामद की गई, जिसे अवैध रूप से सीमा पार लाया जा रहा था। इसके अलावा पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में बाबूराम साह को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 100 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। शराब के खेप को जब्त कर लिया गया है तथा तस्करी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सीमावर्ती क्षेत्र में तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### महानिदेशक अनिमेष ने कर्मचारियों के साथ किया योग

**जमालपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान इरिमी जमालपुर में योग कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा,डीन प्रेम प्रकाश एवं संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा नियमित योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर वक्ताओं ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली का अभिन्न अंग बताते हुए सभी से दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवन का आधार है।कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना परिसर में मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजेश कुमार ने की।बैठक में मुहर्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, जुलूस मार्ग एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ ने सभी उपस्थित लोगों से मोहर्रम पर्व को भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ संपन्न कराने में प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की अपील की। पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार ने सभी आयोजकों एवं जनप्रतिनिधियों से प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखें। थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री साझा नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक में अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, पुलिस पदाधिकारी अर्चना कुमारी शर्मा, श्याम कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



### योग स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन का आधार

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर में चारों तरफ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पीएम श्री बालिगा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खगौल में संयुक्त तत्वावधान में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य ज्ञानेश्वर ने की।इस अवसर पर प्राचार्य ज्ञानेश्वर ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की एक संपूर्ण जीवन पद्धति है। उन्होंने बताया कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ उम्र बढ़ाने के लिए योग' है। योग बढ़ती उम्र में भी मानसिक और शारीरिक संतुलन बनाए रखने, लचीलापन बढ़ाने तथा जीवन को ऊर्जावान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जिसने आज पूरी दुनिया को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखाया है। वहीं दूसरी वरिष्ठ शिक्षक गजेंद्र प्रसाद चौधरी ने बताया कि योगासनों की विभिन्न श्रेणियों की जानकारी देते हुए कहा कि आधुनिक जीवनशैली में स्वस्थ और निरोग रहने के लिए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। वरिष्ठ शिक्षिकाएं गिरजा कुमारी ने योग की ऐतिहासिक परंपरा और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान शिव को योग का आदि गुरु तथा महर्षि पतंजलि को आधुनिक योग का जनक बताया। उन्होंने योग के आठ अंगों की भी ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से तनाव, चिंता और विभिन्न शारीरिक समस्याओं में कमी आती है तथा संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर होता है। चक्रासन, धनुरासन, सहित विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन कराया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर और मन दोनों निरोग रहते हैं तथा व्यक्ति का आत्मविश्वास और कार्यक्षमता भी बढ़ती है।कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक गजेंद्र प्रसाद चौधरी, गिरजा कुमारी गायत्री कुमारी, सुधा सिन्हा , डॉ मधु मति, दानिक चंद्र पासवान, एसके सैंडल, संजीव कुमार, मोहम्मद औरंगजेब , नजमा खानम, कुमारी सुनीता, बच्चे आरव सिन्हा , बच्चियां, स्नेहा सिन्हा, नव्या राज, स्नेहा कुमारी, आरुषि कुमारी, बच्चे सहित अनेक शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। योग शिविर में सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया।



### नशीली दवाओं के कारोबार पर पुलिस का शिकंजा, दवा दुकानदार गिरफ्तार

**रक्सौल( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती क्षेत्र में नशीली दवाओं की अवैध बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भेलाही थाना पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कफ सिरप और नशीली दवाओं का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान भेलाही बाजार निवासी शिवबरत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में 12 पीस प्रतिबंधित कफ सिरप तथा 260 कैप्सूल बरामद किए गए हैं। बरामद दवाओं के स्रोत और इनके उपयोग को लेकर जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है तथा मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी लंबे समय से दवा दुकान की आड़ में नशीली दवाओं का अवैध कारोबार करता था। चर्चा है कि यहां से बड़ी मात्रा में दवाओं की आपूर्ति नेपाल तक की जाती थी। हालांकि पुलिस ने अभी इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मामले के विभिन्न पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और बरामद दवाओं के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध नशीली दवाओं के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।



# सड़क बिजली पानी की समस्या से परेशान जनता ने किया प्रदर्शन

## प्रदर्शन कर कार्यपालक पदाधिकारी का फूंका गया पुतला



**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के वार्ड संख्या 12 के डीह जमालपुर में आम जनता ने जर्जर सड़कों, बंद पड़े स्ट्रीट लाइट एवं पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते हुए कार्यपालक पदाधिकारी का पुतला दहन किया है। जन समस्या को लेकर पदाधिकारी के तानाशाही रवैया से परेशान होकर विभिन्न जन समस्याओं को लेकर सड़कों पर उतरना शुरू कर दी है। सोमवार को वार्ड के आम जनता और महिलाएं जर्जर सड़कों, बंद पड़े स्ट्रीट लाइट एवं पानी की समस्याओं को लेकर सड़कों पर उतर पड़ी। वार्ड 12 की आक्रोशित महिलाएं वंदना देवी एवं किरण देवी के नेतृत्व में डीह जमालपुर, ताराचंद गली, मारवाड़ी पट्टी गली, हलवाई पट्टी गली, सोना पट्टी गली आदि की जर्जर सड़कों का अब तक निर्माण नहीं किए जाने के कारण नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम का पुतला फूंका। मौके पर उपस्थित आक्रोशित आम जनता राजन प्रसाद यादव, प्रेम कुमार, अशोक तांती, विकास कुमार, सूरज कुमार, संतोष कुमार, मनोज गोस्वामी, संजय तांती, अरविंद कुमार, चंदन कुमार, अभिषेक कुमार, उत्तम कुमार, गणेश तांती, दीपन तांती आदि ने हाथों में तख्ती लेकर नगर परिषद में भ्रष्टाचार बंद करो, डीह जमालपुर की सभी गलियों का पक्कीकरण करना होगा, सदर बाजार की सभी स्ट्रीट लाइट को ठीक करना होगा, नगर परिषद के भ्रष्ट कार्यपालक पदाधिकारी होश में आओ आदि जमालपुर नगर परिषद के भ्रष्ट सिस्टम के खिलाफ जमकर हल्ला बोल किया।

# आद्रा नक्षत्र में झूमकर बरसे बदरा, किसानों के खिले चेहरे

## 2400 हेक्टेयर में धानरोपनी की तैयारी तेज

डॉ राजीव नयन

**दनियावां/पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के 6 पंचायतों के 33 राजस्व गांवों में सोमवार को आद्रा नक्षत्र के प्रवेश करते ही दोपहर बाद जमकर तेज बारिश हुई। इस बारिश ने धान की रोपनी का इंतजार कर रहे किसानों को बड़ी राहत दी है। खेतों में पर्याप्त नमी आ जाने से किसान अब धानरोपनी में जुट गए हैं। प्रखंड कृषि पदाधिकारी लखिमचंद्र ने बताया कि प्रखंड में कुल 2400 हेक्टेयर में धान की रोपनी का लक्ष्य है। जिन किसानों ने रोहिणी नक्षत्र में धान का बिचड़ा डाला था, यह बारिश उनके लिए वरदान साबित हुई है। अब तैयार बिचड़े खेतों में रोपे जा सकेंगे। खेतों में रोपनी लायक नमी बन गई है। शाहजहांपुर, बांकीपुर-मछरियावां, सिंगरियावां, खरभैया, दनियावां व सलारपुर पंचायत में कृषकों में खुशी देखी गयी। कुछ किसानों ने परंपरागत तरीके से सीधी बुआई भी कर रखी है। बारिश के बाद उनके चेहरे पर भी हर्ष है। बुआई वाले खेतों में अंकुरण के लिए यह पानी संजीवनी बन गया है। प्रगतिशील किसान संघ के सुनील कुमार, बब्बन सिंह, नागेंद्र पटेल, रामनाथ सिंह और झूलन सिंह ने बताया, आद्रा नक्षत्र की यह बारिश समय पर हुई है। अगर अगले 2-3 दिन और बरस जाए तो धानरोपनी के लिए बेहतरीन स्थिति बन जाएगी। लागत कम लगेगी और पैदावार भी अच्छी होगी। किसानों की उम्मीदः आद्रा नक्षत्र को धान की फसल के लिए सबसे शुभ माना जाता है। इस नक्षत्र की बारिश से खेतों में नमी लंबे समय तक बनी रहती है। किसान अब तेजी से खेत तैयार कर रोपनी में जुट गए हैं। आद्रा बरसा तो किसान का मन हरा।



# पदभार ग्रहण करने के साथ ही एक्शन मोड में जिलाधिकारी



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव पदभार ग्रहण करने के साथ ही एक्शन मोड में दिखे। उनके द्वारा समाहरणालय मुख्य भवन स्थित स्थापना शाखा, नजारत शाखा, सामान्य शाखा एवं आपदा प्रबंधन शाखा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शाखा में कार्यरत कर्मियों से परिचय प्राप्त किया गया और उनको आवंटित कार्य की जानकारी ली गई। इस दौरान कार्यालय के प्रधान सहायक को सही तरीके से कार्य पुस्तक (लॉग बुक) संधारित करने का निर्देश दिया गया ताकि यह पता चल सके कि किस सहायक के पास कितना कार्य लंबित है और उसका सही तरीके से अनुश्रवण किया जा सके। डीएम के द्वारा कार्यालय को स्वच्छ बनाए रखने, कार्यालय में अनावश्यक लोगों के प्रवेश को वर्जित करने एवं कार्यालय कार्य संस्कृति में आवश्यक सुधार लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालय कर्मी समय से कार्यालय आएं, अपना बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करें और जनता के आवेदनों के निष्पादन को प्राथमिकता देते हुए उसका गुणवत्तापूर्ण निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के समय अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा,सहायक समाहर्ता राज कृष्ण झा, वरीय उप समाहर्ता प्रेमलता, प्रभारी पदाधिकारी आपदा प्रबंधन अखिलेश कुमार एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश उपस्थित थे।

# मोकामा में कांग्रेस का जन आक्रोश मार्च, महंगाई और नीट लीक के खिलाफ पीएम मोदी का पुतला फूंका






**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कांग्रेस के जन आक्रोश मार्च के बैनर तले सोमवार को मोकामा में केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन हुआ। देश में बढ़ती महंगाई, नीट पेपर लीक और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने शहीद गेट से जयप्रकाश चौक तक पैदल मार्च निकाला और चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया।शहीद गेट से जयप्रकाश चौक तक मार्च।दोपहर में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर सड़क पर उतरे। जुलूस में 'केंद्र सरकार होश में आओ' और 'नरेंद्र मोदी मुदार्बाद' के नारे गूंजे। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र की नीतियों को जनविरोधी बताया और कहा कि आम आदमी की जेब पर लगातार मार पड़ रही है।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे नेताओं ने कहा कि नीट जैसी प्रतिष्ठित मेडिकल परीक्षा में धांधली ने लाखों छात्रों का भविष्य अंधेरे में डाल दिया है।मौके पर पटना जिला कांग्रेस (ग्रामीण-2) के जिलाध्यक्ष गुरजीत सिंह ने कहा देश में महंगाई चरम पर है, कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और यहां तक कि मंदिरों से सोने की चोरी हो रही है। छात्र सड़कों पर हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को इन आंतरिक समस्याओं से कोई सरोकार नहीं। उन्हें विदेशी दौरों से फुर्सत नहीं मिल रही।"उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नीट मामले में त्वरित कार्रवाई नहीं हुई और महंगाई पर लगाम नहीं लगी तो आंदोलन और उग्र होगा।जयप्रकाश चौक पर पुतला दहन के दौरान स्थानीय लोग और राहगीर भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।प्रदर्शन में कांग्रेस नगर अध्यक्ष शशि शेखर शर्मा, छितेंद्र कुमार सिंह, आनंद शंकर, चंदन कुमार, जयकांत सिंह, सुनील सिंह सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# धरहरा क्षेत्र में जातीय उन्माद पैदा करने की हो रही है साजिश

## वायरल वीडियो प्रकरण में अपराधी नहीं हुए गिरफ्तार तो देंगे सामूहिक गिरफ्तारी



**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धरहरा थाना क्षेत्र के दशरथपुर गांव के वायरल वीडियो प्रकरण में दिलखुश की निर्ममता पूर्वक पिटाई करने के मामले में प्राथमिक दर्ज होने के बावजूद अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होना कई सवालों को जन्म दे रही है।जिसे लेकर सोमवार को सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव एवं जन सुराज के नेता राकेश गोप दशरथपुर के सुन्दर डीह गांव पहुंचकर पिडित के परिजन से मिल कर वस्तु स्थिति से अवगत हुआ लिया और पुलिस प्रशासन पर एक पक्षीय कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए कहा कि शराब बेचने और पिलाने से जुड़े इस मामले को कुछ लोग जातियां रंग देने की साजिश कर रहे हैं लेकिन हालात कई सवालों को जन्म दे रहा है दिलखुश के निर्ममता पूर्वक पिटाई के बाद गिरफ्तारी और बिना इलाज के जेल भेजने से ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ लोग थाने में बैठकर के इस प्रकरण की स्क्रिप्ट लिख रहा है और क्षेत्र को जातीय रंग में उन्मादित करना चाहते हैं जो कहीं से भी न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है जिसे हम जैसे राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे नेताओं ने जिला पुलिस प्रमुख से तीन दिनों के अंदर आरोपित अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो हम लोग अपने समर्थकों के साथ धरहरा थाना में सामूहिक गिरफ्तारी देने सड़क पर उतरेंगे।

### किशोर से मारपीट, बचाने आई मां को हंसुली से काटा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव में ताड़ के पेड़ से फल तोड़ने से इनकार करने पर एक किशोर और उसके परिजनों से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि बचाने आई किशोर की मां को हंसुली से काट कर जख्मी कर दिया गया। पीड़ित ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित छोटे लाल बिंद, उम्र 32 वर्ष, पिता विनोद बिंद, निवासी ग्राम पकड़ी, थाना मसौढ़ी ने बताया कि घटना 20 जून 2026 की है। आवेदन के अनुसार, छोटे लाल का 15 वर्षीय बेटा गौतम कुमार दोपहर करीब 1 बजे पढ़ाई कर घर लौटा। खाना खाने के बाद वह गांव में घूमने निकला। आरोप है कि गांव के ही शिवानंद बिंद, उम्र करीब 50 वर्ष, पिता अवधेश बिंद ने गौतम को ताड़ के पेड़ पर चढ़कर फल तोड़ने को कहा। इनकार करने पर शाम करीब 4:30 बजे शिवानंद बिंद और उसका बेटा चंद्र कुमार, उम्र करीब 22 वर्ष घर पर चढ़ आए।

# नगर परिषद और छावनी परिषद ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

## अवैध कब्जे ध्वस्त, वसूला गया जुर्माना



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर की सड़कों को जाम से मुक्त और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सोमवार को दानापुर नगर परिषद और छावनी परिषद ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस कार्रवाई से शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों और मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जा जमाए बैठे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। नगर परिषद की टीम ने आज गोला रोड पेट्रोल पंप से लेकर टी प्वाइंट तक सड़क के दोनों किनारों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती बरती। सड़क पर फैले अस्थाई निर्माण, ठेले-खोमचे और दुकानों के विस्तार को हटाते हुए नगर परिषद ने अतिक्रमणकारियों से कुल 18 हजार रुपया का जुमार्ना भी वसूला। उधर छावनी परिषद के अधिकारियों ने बस पड़ाव और सदर बाजार में सघन अभियान चलाया। इन क्षेत्रों में सड़क पर किए गए अवैध कब्जों को बुलडोजर और प्रशासनिक टीम की मदद से साफ कर दिया गया। प्रशासन की इस संयुक्त पहल से व्यस्त रहने वाले इन इलाकों में काफी हद तक जगह खाली हो गई है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है। लंबे समय से सड़क पर हो रहे अतिक्रमण के कारण आम लोगों को पैदल चलने और वाहनों के आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। प्रशासन ने दुकानदारों और व्यवसायियों को सख्त हिदायत दी है कि भविष्य में सड़क पर पुनः अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जुमार्ना भी वसूला जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि दानापुर को जाम मुक्त और सुंदर बनाने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण और अतिक्रमण हटाओ अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

### क्रिकेट खेलने के विवाद में युवक को पीटकर किया घायल

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पूरनचक गांव में क्रिकेट खेलने को लेकर हुए विवाद में एक युवक को पीटकर घायल कर दिया गया। आरोप है कि तीन युवकों ने विकेट उखाड़कर पीड़ित पर हमला किया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित सुमन कुमार, निवासी ग्राम पूरन चक, थाना मसौढ़ी ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे की है। सुमन कुमार के अनुसार, वह गांव के देवी स्थान के पास दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। तभी गांव के ही रामविनय कुमार, उम्र करीब 35 वर्ष, अमित कुमार, उम्र करीब 20 वर्ष और एक अन्य युवक वहां पहुंचे। तीनों ने भी खेलने की बात कही।

# बाढ़ से बचाव को लेकर जनता जनप्रतिनिधि कर्मचारी को किया गया जागरूक

## बाढ़ एवं आपदा से बचाव को लेकर एसडीआरएफ की टीम ने दिया प्रशिक्षण




**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ से बचाव को लेकर प्रखंड कार्यालय जमालपुर में बीडीओ डॉ प्रभात रंजन के अध्यक्षता में एसडीआरएफ की टीम ने जनता जनप्रतिनिधि पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। एसडीआरएफ टीम के मेजर अमरजीत कुमार ने बताया कि मानसून की दस्तक के साथ संभावित प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुंगेर आपदा प्रबंधन एवं बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर जनता जनप्रतिनिधि को जागरुक कर रही है। उन्होंने आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं बचाव के उपायों से अवगत कराया।इस दौरान एसडीआरएफ टीम ने डेमो के माध्यम से आपदा की स्थिति में स्वयं एवं परिवार के सदस्यों को सुरक्षित रखने के तरीके भी बताए। प्रशिक्षकों ने बताया कि मानसून पूर्व एवं मानसून के दौरान वज्रपात की घटनाओं में वृद्धि हो जाती है जिससे जान-माल की क्षति की संभावना बनी रहती है। ऐसी स्थिति में लोगों को खुले मैदान, ऊंचे पेड़, बिजली के खंभे, तालाब एवं जलाशयों से दूर रहना चाहिए तथा सुरक्षित पक्के भवन में शरण लेनी चाहिए। किसानों को खेतों में काम करते समय विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। मौके पर अंचलाधिकारी राकेश कुमार, सिपाही राजीव कुमार,प्रेमचंद,अजय शामिल थे।

# सेल्फ स्टडी कर 70वीं बीपीएससी में 341वीं रैंक हासिल कर मनोरंजन बने एसडीएम




**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड के असहनी गांव निवासी उमाशंकर साह के पुत्र मनोरंजन कुमार साह ने 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। प्रथम प्रयास में ही उन्होंने परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए 341वीं रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ उनका चयन उप समाहर्ता (एसडीएम) पद के लिए हुआ है। मनोरंजन की इस सफलता से पूरे सारण जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों एवं शुभचिंतकों सहित वरिष्ठ भाजपा नेता सुदामा तिवारी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गांव में भी उनकी सफलता को लेकर उत्साह का वातावरण है तथा लोग इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बता रहे हैं। मनोरंजन के पिता उमाशंकर साह उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई विभाग में पर्यवेक्षक पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता सुमन देवी गृहिणी हैं। उनके छोटे भाई सलटू कुमार एसएससी सीजीएल परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। वहीं उनकी छोटी बहन अंजली कुमारी एमएससी (भौतिकी) की पढ़ाई पूरी कर शिक्षक बनने की तैयारी में जुटी हैं। मनोरंजन परिवार में सबसे बड़े हैं।

**उत्तर प्रदेश से हुई प्रारंभिक शिक्षा**

मनोरंजन कुमार साह की प्रारंभिक शिक्षा उत्तर प्रदेश में हुई। उन्होंने वर्ष 2011 में जवाहर नवोदय विद्यालय से मैट्रिक तथा वर्ष 2013 में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कानपुर (उत्तर प्रदेश) से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की।

**बिना कोचिंग के हासिल की सफलता**

मनोरंजन की सफलता का सबसे प्रेरणादायक पहलू यह है कि उन्होंने किसी भी प्रकार की कोचिंग का सहारा नहीं लिया। उन्होंने पूरी तैयारी स्व-अध्ययन (सेल्फ स्टडी) के माध्यम से की और प्रथम प्रयास में ही बीपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर एसडीएम पद हासिल किया। उनकी यह उपलब्धि उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं।

**बचपन से रहे मेधावी छात्रः**

मनोरंजन बचपन से ही पढ़ाई में अत्यंत मेधावी और अनुशासित छात्र रहे हैं। उनकी सफलता के पीछे उनकी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प की महत्वपूर्ण फोभूमिका रही है। परिवार के लोगों ने बताया कि वे शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहे हैं और हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं। उनके मामा मनोज कुमार प्रसाद भारतीय जीवन बीमा निगम में प्रशासनिक पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं और वर्तमान में पटना मुख्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। परिवार के सदस्यों ने मनोरंजन की इस उपलब्धि को पूरे परिवार के लिए गौरव का क्षण बताया है। मनोरंजन कुमार साह की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# धरना में 13 सूत्री मांगों को लेकर गरजे माले कार्यकर्ता, उत्तर कोयल नहर का पानी अंतिम छोर तक पहुंचाने की मांग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन की मदनपुर इकाई के बैनर तले 13 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने किसानों, मजदूरों, गरीबों एवं छात्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन को मांग-पत्र सौंपा। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने उत्तर कोयल नहर का पानी अंतिम छोर तक पहुंचाने की गारंटी, किसानों को उचित मूल्य पर खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा सभी गरीब परिवारों को तीन से पांच डिसमिल आवासीय भूमि देने की मांग की। इसके अलावा गांव-टोलों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, मनरेगा के तहत 200 दिनों का रोजगार एवं 700 रुपये दैनिक मजदूरी सुनिश्चित करने, दखल-खारिज एवं परिमार्जन के नाम पर हो रही कथित अवैध वसूली पर रोक लगाने तथा जाति एवं आवासीय प्रमाण-पत्र बनवाने में शपथ-पत्र के नाम पर छात्रों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करने की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर गरीब, दलित एवं अल्पसंख्यक परिवारों को बेदखल करने पर रोक लगाने, शहीद बिगहा पंचायत भवन के समीप मदाड नदी पर पुल निर्माण, बेरी पंचायत के 65 महादलित परिवारों को नल-जल, बिजली, शुद्ध पेयजल, आवास, भूमि का पर्चा तथा नाली-गली और आंगनबाड़ी भवन की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं दक्षिणी उमगा पंचायत के बादम गांव में छह माह से बंद नल-जल योजना को शीघ्र चालू कराने तथा भीतर दोकरी गांव के 80 वर्षीय जगत भुईयां एवं विधवा सत्या देवी को अविलंब पेंशन का लाभ देने की भी मांग की गई। सभा को संबोधित करते हुए माले नेताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और जनसमस्याओं की उपेक्षा का आरोप लगाया। कार्यक्रम में जिला सचिव मुनारिक राम, खेत मजदूर सभा के जिला सचिव चंद्रमा पासवान, जिला कमेटी सदस्य राजकुमार भगत, कामता प्रसाद यादव, सीपीआई अंचल सचिव उदय यादव, बिरजू चौधरी, ऐपवा नेत्री मीना देवी, जिलाध्यक्ष रिंकू देवी, युवा नेता वीरेंद्र मेहता, दयानंद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन बीडीओ डॉ. अतुल्य कुमार आर्य एवं सीओ मो. अकबर हुसैन को सौंपा।

# किसान के बेटे पंकज कुमार बने आरडीओ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में कुटुंबा प्रखंड के ग्राम सुही गांव निवासी पंकज कुमार ने सफलता का परचम लहराया है। किसान नारायण मेहता के पुत्र पंकज कुमार ने इस परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 969वीं रैंक हासिल की है, जिसके बाद उनका चयन ग्रामीण विकास पदाधिकारी के पद पर हुआ है। पंकज की इस ऐतिहासिक सफलता से उनके परिवार, गांव सहित पूरे जिले का नाम रोशन हुआ है। दो भाइयों में छोटे पंकज कुमार वर्तमान में किशनगंज सिविल कोर्ट में कार्यरत हैं। अपनी इस व्यस्त नौकरी के साथ ही उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखी और यह मुकाम हासिल किया। उनके बड़े भाई भी आयकर विभाग में कार्यरत हैं। पंकज ने अपनी इस शानदार सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन और शुभचिंतकों की प्रेरणा को दिया है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। डॉ. प्रकाश वर्मा, विजय मेहता, अरविंद बोस, महाराज मेहता, अनुज मेहता, श्री मोहन मेहता, अभिमन्यु वर्मा, जैनेन्द्र सिंह कुशवाहा, सुरेंद्र मेहता, वीरेंद्र मेहता, बैजनाथ मेहता सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने पंकज कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, चार गंभीर घायल

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा-नवीनगर पथ पर दधपा मोड़ के समीप सोमवार को दो बाइक की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों की पहचान लखेया गांव निवासी योगेंद्र मेहता के 21 वर्षीय पुत्र उत्तम कुमार, मंझौली गांव निवासी दीपक कुमार की पुत्री खुशबू कुमारी, अकोढ़ा गांव निवासी मनोज कुमार पाण्डेय की पत्नी शकुंतला देवी तथा मुसाफिर पासवान के पुत्र मनोज कुमार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना पुलिस एवं परिजनों को दी। साथ ही सभी घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल, कुटुंबा पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उत्तम कुमार और शकुंतला देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर कर दिया। वहीं खुशबू कुमारी और मनोज कुमार का इलाज रेफरल अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# पितृ दिवस पर काव्य गोष्ठी, कवियों ने पिता के त्याग और समर्पण को किया नमन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** पितृ दिवस के अवसर पर शहर के शाहपुर मोहल्ला स्थित वरिष्ठ अधिवक्ता योगेश कुमार मिश्र के आवास पर रविवार को एक भावपूर्ण काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में शहर के प्रतिष्ठित कवियों एवं कवयित्रियों ने पिता को समर्पित अपनी मार्मिक रचनाओं का पाठ कर उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि धनंजय जयपुरी ने की, जबकि संचालन डॉ. ओम प्रकाश पांडेय ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद कौशल किशोर औरंगाबादी, उज्ज्वल रंजन, हेरम्ब कुमार मिश्र, अनुज बेचैन, अनिल अनल, विनय 'मामूलीबुद्धि', शैलेंद्र मिश्र 'शैल', नागेंद्र केशरी तथा कवयित्री सुमन लता ने पिता के त्याग, संघर्ष, स्नेह, मार्गदर्शन और परिवार के प्रति उनके समर्पण पर आधारित कविताओं का सशक्त पाठ किया। कवियों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया और कई लोगों की आंखें नम हो गईं। अपने अध्यक्षीय संबोधन में धनंजय जयपुरी ने कहा कि पिता परिवार की वह सुदृढ़ नींव हैं, जिनके अथक परिश्रम, त्याग और संघर्ष पर पूरे परिवार का भविष्य टिका होता है। उन्होंने कहा कि पिता के योगदान को शब्दों में पूरी तरह व्यक्त करना संभव नहीं है और ऐसे आयोजन समाज में पारिवारिक मूल्यों एवं संवेदनाओं को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।

# पूर्व मंत्री रामबिलास सिंह को 17वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के अहियापुर गांव स्थित रामबिलास सिंह पुस्तकालय भवन में सोमवार को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्वर्गीय रामबिलास सिंह की 17वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्व. रामबिलास सिंह केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि समाजवादी विचारधारा के प्रखर चिंतक थे। उनका जीवन समाज के दबे-कुचले, शोषित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने जाति की नहीं, बल्कि समाज और जमात को जोड़ने की राजनीति की। उनका दिया गया नारा "जाति तोड़ो, समाज जोड़ो" आज भी उतना ही प्रासंगिक है। वक्ताओं ने कहा कि स्व. सिंह शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण, तकनीकी एवं विधि शिक्षा के विस्तार के लिए सदैव प्रयासरत रहे। वे लगातार पांच बार विधायक निर्वाचित हुए तथा राज्य सरकार में सात विभागों के मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दीं। दाउदनगर को अनुमंडल का दर्जा दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। हालांकि दाउदनगर को जिला बनाने का उनका सपना अधूरा रह गया, जिसे पूरा करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में कमला प्रसाद सिंह, बृजनंदन सिंह, ललन सिंह, रंजन कुमार, अखिलेश कुमार, सतीश यादव, सुकेश कुमार, अमरेंद्र यादव सहित दर्जनों समाजसेवियों एवं ग्रामीणों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग गुरु नंदकिशोर सिंह सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** स्थानीय गेट इंटर स्कूल के मैदान में शनिवार को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के जिला संयोजक एवं योग गुरु नंदकिशोर सिंह को योग के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान ग्रहण करने के बाद योग गुरु नंदकिशोर सिंह ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन को संतुलित और स्वस्थ बनाने की वैज्ञानिक पद्धति है। उन्होंने बताया कि योग की विभिन्न क्रियाओं में शरीर के आठ प्रमुख बिंदुओं—दोनों पैर, दोनों घुटने, दोनों हाथ, छाती एवं ठोड़ी—के समन्वय से आसनों की पूर्णता प्राप्त होती है, जिससे शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। कार्यक्रम में योगाभ्यास कर रहे बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के जिला महासचिव संतोष कुमार सिंह ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखे गए प्रस्ताव को ऐतिहासिक समर्थन मिला था। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र ने प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया। उन्होंने कहा कि 21 जून वर्ष का सबसे लंबा दिन (ग्रीष्म संक्रांति) होता है, जो सकारात्मक ऊर्जा, स्वास्थ्य और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का प्रभावी माध्यम है।


## पूर्व रेलवे

**सं. ओ-एसी-टी-86 से 90-26-27 (खुली), दिनांक 19.06.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ-एसी-टी-86-26-27, कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में अंडाल यार्ड के लिए यार्ड सुधार और उन्नयन के साथ-साथ दूसरे सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,65,90,726.12, **बयाना राशि :** रु. 3,31,800/-, **क्रम सं. 2, केस सं. ओ-एसी-टी-87-26-27, कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में यार्ड सुधार के संबंध में यार्ड ड्रेनेज की व्यवस्था और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 13,22,99,183.51, **बयाना राशि :** रु. 26,46,000/-, **क्रम सं. 3,केस सं. ओ-एसी-टी-88-26-27, कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में अण्डाल में यार्ड सुधार के संबंध में यार्ड ड्रेनेज की व्यवस्था और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 9,92,27,597.53, **बयाना राशि :** रु. 19,84,600/-, **क्रम सं. 4,केस सं. ओ-एसी-टी-89-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन एईएन/II/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में, गति को 160 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाये जाने के संबंध में ब्रिज संख्या 18 (अप और डाउन लाइन) के एच-बीम स्लीपरों द्वारा पर मौजूदा स्लीपरों के प्रतिस्थापन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 6,93,93,524.12, **बयाना राशि :** रु. 13,87,900/-, **क्रम सं. 5,केस सं. ओ-एसी-टी-90-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/2/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में ट्रिम्बल जीईडीओ वोर्सिस ट्रॉली सिस्टम का इस्तेमाल करके ट्रैक जियोमेट्री और ट्रैक पैरामीटर्स में सुधार के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 75,99,599/-, **बयाना राशि :** रु. 1,52,000/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह (क्रम सं. 1 से 5 प्रत्येक के लिए)। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 15.07.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-148/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# शराब के साथ अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रेलवे सुरक्षा बल रफीगंज ने कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय शराब तस्कर को 16.5 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिला अंतर्गत उसरू अमौना निवासी मोहित उपाध्याय (21 वर्ष), पिता मिथिलेश उपाध्याय के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, 22 जून 2026 को वरीय अधिकारियों के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट रफीगंज के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उप निरीक्षक विजय बहादुर राम, आरक्षी नितेश कुमार और आरक्षी राकेश कुमार रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी और अवैध शराब तस्करी के खिलाफ गश्ती कर रहे थे। इसी दौरान रफीगंज स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13010 डाउन दून एक्सप्रेस को सुरक्षित पास कराने के बाद प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर फुट ओवरब्रिज और शौचालय के बीच एक संदिग्ध युवक को दो बैगों के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसने बैग में शराब होने की बात स्वीकार की।तलाशी के दौरान उसके पास से एचपी अंकित काले रंग के पिट्ठू बैग से 24 बोतल रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की (9 लीटर) तथा वीआइपी अंकित ट्रॉली बैग से 10 बोतल (7.5 लीटर) शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कुल कीमत 15,540 रुपये बताई गई है। सभी शराब उत्तर प्रदेश निर्मित और सेल फॉर उत्तर प्रदेश ओनली अंकित थी। आरपीएफ ने आरोपी को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए राजकीय रेल पुलिस थाना सोननगर को सौंप दिया, जहां उसके विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# एक सप्ताह से लापता युवक का नहीं मिला सुराग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के पचार गांव के स्वर्गीय जागेश्वर यादव के 20 वर्षीय पुत्र नीरज यादव 15 जून 2026 से लापता है। नीरज के भाई अभिषेक कुमार ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर बताया कि नीरज कुमार की दिमागी हालत ठीक नहीं चल रही है और 15 जून 2026 के सुबह 10:00 बजे से घर से गायब है काफी खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। रफीगंज थाना प्रभारी शंभू कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुई है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# ग्राम रक्षा दल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** बिहार राज्य दलपति एवं ग्राम रक्षा दल महासंघ के तत्वावधान में औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड में ग्राम रक्षा दल का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता औरंगाबाद जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ने भाग लिया।

इस अवसर पर संगठन मंत्री अजय विद्यार्थी, उपाध्यक्ष गुड़िया कुमारी एवं पर्यवेक्षक सरिता कुमारी ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया। वक्ताओं ने ग्राम रक्षा दल की भूमिका, सामाजिक सुरक्षा, पंचायत स्तर पर जिम्मेदारियों एवं अनुशासन के साथ कार्य करने को लेकर विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक पंचायत में ग्राम रक्षा दल को सक्रिय और मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सभी सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने और प्रशासन के सहयोगी के रूप में कार्य करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान संगठन को मजबूती प्रदान करने, ग्राम स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा जनहित के कार्यों में भागीदारी बढ़ाने पर विशेष चर्चा हुई। उपस्थित पदाधिकारियों ने ग्राम रक्षा दल के सदस्यों से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का आह्वान किया।

# नशा मुक्त समाज बनाने को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, करसावां में गर्मी की छुट्टियों के बाद सोमवार को विद्यालय खुलने के पहले दिन छात्र-छात्राओं का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार गुप्ता ने की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक ने छात्र-छात्राओं से अवकाश के दौरान दिए गए गृहकार्य एवं शैक्षणिक कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज की प्रगति में भी बड़ी बाधा बनता है। इसलिए नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, अभिभावकों और आम नागरिकों की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है।

# मुहर्रम को लेकर शान्ति समिति की बैठक

**जहानाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, जहानाबाद एवं अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा नगर थाना परिसर में आगामी मुहर्रम पर्व के अवसर पर शान्ति समिति की बैठक किया गया। मुहर्रम पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, जुलूस मार्गों की निगरानी, संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की गई तथा अफवाहों से बचने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने का अनुरोध किया गया।



बिहार सरकार

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

## पशुपालन निदेशालय, बिहार

पशुधन द्वारा जीवन में गुणात्मक सुधार

### दुधारू पशुओं पर ऑक्सीटोसिन (Oxytocin Injection) के उपयोग पर रोक




**पशुपालकों के लिये आवश्यक सलाहः**

1. ऑक्सीटोसिन हार्मोन का मुख्य कार्य पशुओं के प्रसव के समय गर्भाशय को संकुचित नवजात को बाहर आने में मदद करना है। इसका दूसरा मुख्य कार्य पशुओं के दुग्ध ग्रंथियों को उत्तेजित कर दूध स्रावित करना है।
2. कुछ व्यवसायिक प्रवृति के पशुपालकों के द्वारा दुधारू पशुओं में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार अप्राकृतिक ढंग से दूध उतारने से दुधारू पशुओं में दवा की आदत हो सकती है, जिसकी वजह से उन्हें भविष्य में सामान्य रूप में दूध देने में कठिनाई हो जाती है।
3. कृत्रिम ऑक्सीटोसिन के उपयोग के कारण पशुओं में हार्मोनल असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।
4. Prevention to Cruelty to Animal Act, 1960 के section 12 और IPC की धारा 429 के तहत पशुओं में ऑक्सीटोसिन का उपयोग दण्डनीय अपराध है।
5. Food and Drug adulteration Prevention Act, 1940 द्वारा ऑक्सीटोसिन को Schedule 'H' Drug में रखा गया है, जिसके अनुसार पशु चिकित्सक के परामर्श के बिना पशुओं में इसके उपयोग पर रोक है।

पशुपालकों को सलाह दी जाती है कि वे स्वयं ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का उपयोग अपने दुधारू पशुओं पर नहीं करें। विशेष परिस्थिति में योग्य पशु चिकित्सक के द्वारा ही इस इंजेक्शन का उपयरेग किया जाये।

**अधिक जानकारी के लिए पशुपालन कार्यालय अथवा पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612-2226049) से संपर्क करें।**

PR No.- 006370 (Animal)D. 2026-27

पशुपालन सूचना एवं प्रसार, पशुपालन निदेशालय?
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार द्वारा जनहित में प्रचारित

@BiharDFARD

# डीसी ने की तकनीकी विभागों की योजनाओं की समीक्षा, गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंताओं के साथ बैठक कर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने, कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, जल पथ प्रमंडल तथा विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जल पथ प्रमंडल द्वारा संचालित दोनों पाइपलाइन योजनाओं को निर्धारित




समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर मिलना सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के क्रम में विभिन्न क्षेत्रों में निर्माणाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्रों के कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने जिला अभियंता को निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान कई संवेदकों द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को संवेदकों के साथ समन्वय स्थापित कर अविलंब कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि बिना किसी वाजिब कारण के

## दिव्यांग दंपति से मिले उपायुक्त, हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय परिसर में रेहला क्षेत्र के केतात कला निवासी दिव्यांग दंपति प्रमोद कुमार साव एवं उनकी धर्मपत्नी सरिता देवी से मुलाकात की। इस दौरान दंपति ने अपनी दैनिक आवाजाही एवं आवश्यक कार्यों के निष्पादन में हो रही कठिनाइयों से अवगत कराते हुए बैटरी संचालित स्कूटी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने दंपति की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक पहल करने एवं नियमानुसार उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं उनकी आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील है तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उपायुक्त श्री शेखावत ने दंपति को हरसंभव सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों को सम्मानजनक एवं सुगम जीवन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। दूसरी ओर उपायुक्त द्वारा किये गए इस पहल से लोगों में हर्ष व्याप्त है और लोगों का कहना है कि पदाधिकारियों को लोगों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।

## वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र है जरूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में उपायुक्त कक्ष में परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सर्वप्रथम परिवहन कार्यालय द्वारा किए गए कार्यों एवं प्रवर्तन संबंधी कार्रवाइयों की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में ऐसे वाहन चल रहे है जिनका फिटनेस प्रमाणपत्र समाप्त हो चुका है अथवा फिटनेस जांच में असफल पाया गया है। उन्होंने ऐसे वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला परिवहन पदाधिकारी को विभाग के नीलाम पत्रों एवं लंबित वादों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में सड़क सुरक्षा के तहत इचाक मोड़ पर चलाए गए अतिक्रमण मुक्त अभियान की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिले के सभी दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सतत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। राजस्व संग्रहण की समीक्षा के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि 1 जून 2026 से अबतक विभाग द्वारा 11 करोड़ 23 लाख रुपये का राजस्व संग्रहित किया गया है। इस पर उपायुक्त ने निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई और निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने ओवरलोडेड वाहनों की नियमित जांच, पेट्रोल पंपों के नवीनीकरण संबंधी दस्तावेजों, ट्रेड लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाप-तौल पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को संयुक्त रूप से कम-से-कम पांच पेट्रोल पंपों की जांच करने को कहा। बैठक में उपायुक्त ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश देते हुए कहा कि अवैध रूप से नशीले पदार्थों तथा प्रतिबंधित पशुओं की ढुलाई पर प्रभावी रोक लगाने के लिए नियमित जांच अभियान संचालित किए जाएं।

# लोयाबाद हिंसा मामले पर आजसू का शक्ति प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** लोयाबाद हिंसा मामले में आजसू कार्यकर्ताओं पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में सोमवार को धनबाद की सड़कों पर आजसू पार्टी का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी समेत हजारों कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च में भाग लिया और राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच निकली यह रैली शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) से शुरू होकर रणधीर वर्मा चौक, पुलिस लाइन होते हुए कोयला नगर स्थित नेहरू कॉम्प्लेक्स पहुंची, जहां एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा लोयाबाद प्रकरण में हुई कार्रवाई को अन्यायपूर्ण और दमनात्मक बताया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड में बालू, लोहा और कोयला जैसे संसाधनों की खुली लूट हो रही है और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रखंड कार्यालयों से लेकर विभिन्न सरकारी विभागों तक आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही युवाओं को रोजगार नहीं मिलने के कारण बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी अपने स्थापना दिवस के अवसर पर यह संकल्प लेती है कि जनता के हक और अधिकारों की लड़ाई लगातार जारी रहेगी। पार्टी सरकार की गलत नीतियों, भ्रष्टाचार और माफिया तंत्र के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने राज्य सरकार से बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पलायन जैसी समस्याओं पर गंभीरता से काम करने की मांग की। आक्रोश मार्च के माध्यम से आजसू ने एक बार फिर अपनी संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन करते हुए स्पष्ट संकेत दिया है कि लोयाबाद हिंसा मामले और कार्यकर्ताओं पर हुई कार्रवाई को लेकर पार्टी आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज करेगी।

## 28 जून से पल्स पोलियो अभियान शुरू

**बरही (हजारीबाग)।** बीडीओ जयपाल महतो ने राष्ट्रव्यापी पल्स पोलियो अभियान को सफल व प्रभावी बनाने को लेकर विशेष बैठक आयोजित किया जिसमें मुख्य रूप से अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी सहित पंचायत जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया गया कि 28 जून को प्रखंड क्षेत्र के 100 केंद्रों पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक देगी। बीडीओ ने कहा कि पोलियो उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, सहियाओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# पंजीकृत शराब दुकानों के आसपास शराब खरीद कर पीना है प्रतिबंधित : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** जिला एनसीओआरडी कमिटी की मासिक बैठक उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा ने होटल,



रेस्टोरेंट, ढाबा आदि में गहन छापामारी करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने उत्पाद विभाग, फूड सेफ्टी एवं स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त टीम गठित कर छापेमारी करने का भी निर्देश दिया ताकि प्रतिबंधित मादक पदार्थों के तस्करो की कमर तोड़ी जा सके। उन्होंने अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को भी संयुक्त टीम बनाकर अपने-अपने क्षेत्र में छापेमारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप से मेडिकल दुकानों में छापामारी करने करने का निर्देश दिया ताकि प्रतिबंधित कप सिरप बिक्री करने वालों को पकड़ा जा सके।

# सांसद कोटे से गोड्डा लोकसभा क्षेत्र को मिलीं सात एंबुलेंस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** गोड्डा लोकसभा के लिए आज का दिन ऐतिहासिक दिन रहा गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा गोड्डा लोकसभा वासियों के लिए एक बड़ी सौगात दी गई है। लोकसभा अंतर्गत सभी विधानसभा में कुल 7 एम्बुलेंस को जनता के लिए आज से शुरूआत किया गया है जो पूरी तरह से निशुल्क है मौके पर सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यदि किसी लोकसभा में सबसे अधिक पैसा दिए हैं तो वह गोड्डा लोकसभा है और इस सोच के साथ आज नमो एंबुलेंस का शुरूआत किया गया है इस एंबुलेंस में सभी लाइफ सपोर्टिंग सिस्टम लगी हुई है साथ ही यह एम्बुलेंस विभिन्न जगहों पर पूरे लोकसभा में रहेगा और टोल फ्री नंबर से इसकी बुकिंग कोई भी लोकसभा के जनता निशुल्क कर सकेंगे और उन्हें निशुल्क सुविधा दी जाएगी खास बात यह है कि इस एंबुलेंस का मेंटेनेंस एक बड़ी कंपनी के द्वारा की जा रही है ताकि भविष्य में कभी भी किसी तरह की कोई दिक्कत ना आए इसके अलावा उन्होंने कहा कि 2009 से लेकर 2025 तक में उन्होंने 15 एंबुलेंस को दिया है लेकिन अंततः क्या होता है एंबुलेंस लेने के बाद कोई चला नहीं पाते हैं और रखरखाव के अभाव में या तो वह कबाड़ बन जाता है या तो व्यक्तिगत साधन का उपयोग बन जाता है जिसको देखते हुए यह नमो एंबुलेंस का शुरूआत किया गया है और लोकसभा में किसी भी जनता को निशुल्क या एंबुलेंस मिले और इसके संपूर्ण मेंटेनेंस हो इसको लेकर देश की बड़ी एंबुलेंस मेंटेनेंस कंपनी मेडुललेंस को यह कारभार दिया गया है इसके अलावा खास बात यह है कि इस एंबुलेंस में जो भी कर्मी है वह सभी स्थानीय है जिससे लोकेशन के लिए किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी और यदि लोकेशन के लिए कोई दिक्कत आती भी है तो टेक्नोलॉजी का सहारा लेते हुए ऑनलाइन मैपिंग के जरिए उसे स्थान पर अभिलंब एंबुलेंस पहुंचकर सुविधा देगी यह लोकसभा वास के लिए एक बड़ी सौगात है।

## अनिल अग्रवाल बने लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह टाउन के अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सामाजिक सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में सक्रिय लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह टाउन ने वर्ष 2026-27 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। क्लब की नई टीम में लायन अनिल अग्रवाल को अध्यक्ष, लायन साहिल कुमार को सचिव तथा लायन अंकित सरावगी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद क्लब के सदस्यों में उत्साह का माहौल है। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने क्लब की समाजसेवी परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जरूरतमंदों की सहायता एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक स्तर पर संचालित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने नई टीम को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह टाउन सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। साथ ही क्लब द्वारा विभिन्न सेवा परियोजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक मदद पहुंचाने के प्रयासों को और मजबूत किया जाएगा। नवगठित टीम ने कहा कि क्लब का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा है और इसी भावना के साथ आने वाले वर्ष में कई जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## युवक का शव मिलने से सनसनी

**बारसोई/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बारसोई प्रखंड के बेलवा डांगी पंचायत स्थित मनाईखर बहियार में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पर बारसोई डीएसपी अजय कुमार एवं बारसोई थाना पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान बलरामपुर प्रखंड के सिद्धना गांव वार्ड संख्या-7 निवासी तल्लू टुडू (25) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि युवक के परिजनों द्वारा 20 जून को बलरामपुर थाना में गुमशुदगी का आवेदन दिया गया था। आवेदन के अनुसार तल्लू टुडू 18 जून की रात लगभग नौ बजे से अपने घर से लापता था।

## एक नजर

### मुहर्रम को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने पर जोर

**बरारी /कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सेमापुर थाना परिसर में सोमवार को आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार ने की। बैठक में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लेकर पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर चर्चा की।बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार ने कहा कि मोहर्रम आस्था और अनुशासन का पर्व है। सभी लोग प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्व मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचने की भी अपील की गई। उन्होंने बताया कि मोहर्रम के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सभी वर्गों के सहयोग की आवश्यकता है।बैठक में अपर थानाध्यक्ष अमरेश कुमार एवं एसआई अमित कुमार, बरेटा मुखिया प्रतिनिधि जोहेर आलम, सरपंच प्रतिनिधि बकरुद्दीन अंसारी, जदयू नेता राजीव चौधरी, भाजपा नेत्री शांति जायसवाल, पूर्व मुखिया मोतीउर रहमान, जिला परिषद शारिब खान, पंचायत समिति सदस्य शीला जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना परिसर मनसाही में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी मो. इस्माइल ने की। शांति समिति का संचालन करते हुए थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद ने सभी खलीफाओं से सरकार के गाइडलाइन का अनुपालन करने और सभी से लाइसेंस लेने की अपील की। बैठक में सभी से मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्वक मनाने, असामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को देने,तय रूट से ही जुलूस निकालने की अपील प्रशासन के द्वारा की गई। बैठक में उपस्थित डीजे संचालकों को भी कई हिदायत दिए गए और नियम का अनुपालन नहीं करने पर कार्रवाई की बात कही गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं खलीफाओं ने प्रशासन से भी अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई करने एवं सभी रूटों पर आवश्यक पुलिस बल की तैनाती करने की अपील प्रशासन से की। बैठक में विभिन्न इमामबाड़ा के खलीफा सहित जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद, मरंगी पंचायत के मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव, कांग्रेस एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान, मरंगी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रतन कुमार यादव, साहेबनगर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मधुसूदन पासवान उर्फ कन्हैया, चित्तौरिया पंचायत के मुखिया दीप नारायण पासवान, साहेबनगर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद तज्जमुलहक आदि उपस्थित रहे।

### डिवाइडर तोड़ ट्रक से भिड़ी अर्टिगा, 114 लीटर विदेशी शराब बरामद

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-327ई पर स्थित फैटकी चौक फ्लाईओवर के समीप देर रात एक तेज रफ्तार अर्टिगा वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि वाहन डिवाइडर को तोड़ते हुए विपरीत लेन में जा पहुंचा और सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गया। दुर्घटना में वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि पुलिस की जांच में वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब भी बरामद की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात करीब 3:30 बजे अर्टिगा वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज गति से गुजर रही थी। इसी दौरान फटकी चौक फ्लाईओवर के पास चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित वाहन पहले डिवाइडर से टकराई और उसे क्षतिग्रस्त करते हुए दूसरी लेन में चली गई, जहां सामने से आ रहे ट्रक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। सूचना मिलते ही जोकीहाट थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल चालक की पहचान शिव कुमार साह, पिता अज्ञात, निवासी हरचंदरपुर, थाना जलालगढ़, जिला पूर्णिया के रूप में की गई है।

# झरिया के विकास बने बीपीआरओ, पत्नी कोमल बनीं डीएसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** झरिया निवासी विकास कुमार सिंह ने बीपीएससी परीक्षा में चौथी बार में सफलता हासिल कर ली है। विकास को बिहार में बीपीआरओ का पद मिला है। उनकी पत्नी कोमल सिंह ने दूसरी बार में ही परीक्षा पास कर डीएसपी का पद प्राप्त किया है। एक ही घर से दो अफसर बनने पर पूरे झरिया में खुशी का माहौल है। विकास ने 1058वीं रैंक लाकर बीपीआरओ पद पाया है, जबकि पत्नी कोमल सिंह ने 489वीं रैंक के साथ डीएसपी बनी हैं। विकास का ? शिक्षण आई एस एल कतरास मोर, झरिया से हुआ। इसके बाद इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए जयपुर चले गए। इंजीनियरिंग पूरी करने के बाद बीपीएससी की तैयारी



के साथ-साथ प्राइवेट टीचिंग भी करते थे। विकास की शादी 11 दिसंबर 2024 को बेगूसराय निवासी कोमल सिंह से हुई थी। शादी के महज 2 दिन बाद 13 दिसंबर 2024 कोमल ने बीपीएससी का पीटी एग्जाम दिया। दोनों की मेहनत और लगन आज रंग लाई। विकास ने अपनी सफलता का श्रेय बड़े भाई सूरज कुमार सिंह को दिया। उन्होंने कहा, 'आज जो भी हम हैं, वो भैया सूरज की मेहनत और दिशा-निर्देश का नतीजा है। उन्हीं के मार्गदर्शन से हम दोनों ने बीपीएससी निकाला।' विकास तीन भाई ओर एक बहन हैं। छोटे भाई सूरज कुमार सिंह 2019 में रेलवे में स्टेशन मास्टर के पद पर तैनात हैं। पिता सुधीर सिंह इंदिरा नगर चानक नंबर 2 चौथाई कुली भालगोरा झरिया में दूध का व्यवसाय करते हैं। पिता की कड़ी मेहनत और त्याग से ही दोनों पति-पत्नी इस मुकाम तक पहुंचे हैं।

# दो अवैध आरा मिलें ध्वस्त, लाखों की लकड़ी जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरही (हजारीबाग)।** हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के डीएफओ आईएफएस मौन प्रकाश के निर्देश पर बरही वन क्षेत्र में अवैध लकड़ी कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। संलग्न पदाधिकारी आईएफएस मोहित कुमार बंसल के नेतृत्व में बरही रेंज के करगइयो और गैपहाड़ी गांव में संचालित अवैध आरा मिलों पर संयुक्त छापेमारी की गई। वन विभाग की टीम के पहुंचते ही अवैध कारोबारियों में अफरा-तफरी मच गई। कार्रवाई के दौरान दो अवैध आरा मशीन, लगभग 300 सीएफटी अवैध लकड़ी के बोटे, करीब 30 सीएफटी चिरान लकड़ी, दो जनरेटर इंजन, लकड़ी कुन्नी तथा आरा पट्टी जब्त की गई।



जब्त सामग्री को वन विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है। अभियान का नेतृत्व कर रहे आईएफएस बंसल ने कहा कि अवैध आरा मिलों और लकड़ी तस्करी के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध लकड़ी के कारोबार में संलिप्त लोग सावधान हो जाएं। वन विभाग किसी भी परिस्थिति में वन संपदा की लूट बर्दाश्त नहीं करेगा और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी में बरही, चौपारण एवं संयुक्त वन विभाग की टीम शामिल रही। अभियान में वनपाल अमर आनंद सरस्वती, पंकज कुमार, संतु कुमार सहित दर्जनों वनकर्मी और बरही पुलिस के जवान मौजूद थे। खबर लिखे जाने तक दो से अधिक लोगों के विरुद्ध नामजद वन वाद दर्ज करने की प्रक्रिया जारी थी।

# डहटी गांव निवासी समरीन फातिमा बनीं एसडीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** पलासी प्रखंड क्षेत्र के डीहटी गांव निवासी समरीन फातिमा ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गांव और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से गांव में उत्सव जैसा माहौल है तथा बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जानकारी अनुसार डहटी निवासी इम्तियाज आलम (सेवानिवृत्त शिक्षक) की पुत्री समरीन फातिमा ने बीपीएससी की परीक्षा में घोषित परिणाम में 282वां रैंक हासिल कर एसडीएम पद के लिए चयनित हुई हैं। युवा समाजसेवी मुश्फिक आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि समरीन फातिमा बचपन से ही मेधावी छात्रा रही हैं और उन्होंने अपनी मेहनत एवं लगन के बल पर यह कामयाबी प्राप्त की है। गौरतलब है कि 70वीं में बीपीएससी की परीक्षा के घोषित परिणाम में समरीन फातिमा का मेरिट सीरियल 282 है। उनका अंतिम चयन बिहार प्रशासनिक सेवा के लिए हुआ है। वही मीडिया को जानकारी देते हुए समरीन ने कहा के उन्होंने बुनियादी शिक्षा गांव के स्कूल में ही प्राप्त किया है। छठी से 12वीं तक की पढ़ाई सिमुलतला आवासीय विद्यालय जमुई से की, जबकि स्नातक पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी से किया है। उन्होंने बताया कि पिछली बार भी वह इंटरव्यू तक पहुंची थी, लेकिन अंतिम चयन नहीं हो पाया था। उन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए कहा के वह अब यूपीएससी क्लियर कर आईएएस बनना चाहेंगी । उनका अगला लक्ष्य यही है।

# अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं में फूटा आक्रोश

**मनसाही /कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं का आक्रोश सोमवार को फूट पड़ा। बड़ी संख्या में विभिन्न पंचायत से आए हुए बिजली उपभोक्ता मनसाही ब्लॉक पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। बड़े-बड़े बैनर लिए उपभोक्ताओं ने मनसाही ब्लॉक में धरना प्रदर्शन देने के बाद पैदल मार्च करते हुए मनसाही के बिजली सब स्टेशन भी पहुंचा और गेट के सामने जमकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। उपभोक्ताओं ने प्रदर्शन के बाद बिजली विभाग के जेई के नाम एक सामूहिक आवेदन पत्र तैयार कर बिजली विभाग को सौंपा और 15 दोनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर 15 दिनों के अंदर मनसाही के बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होता है तो महाआंदोलन किया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही बिजली विभाग की होगी।इस दौरान जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद एवं पंचायत समिति सदस्य मिथिलेश सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में हल्की सी हवा एवं बारिश होने पर बिजली काट ली जाती हैं। अगर थोड़ी तेज बारिश हो जाती है तो 24 घंटे से लेकर 72 घंटा तक बिजली काट दी जाती है। जिससे बच्चों के पढ़ाई किसानों के पटवन एवं विभिन्न तरह के व्यवसायिक कार्य ठप पड़ जाती हैं। उपभोक्ताओं ने मेंटेनेंस के नाम पर कट रहे बिजली को लेकर भी कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि घटिया तार पोल एवं सीमेंट कंक्रीट से पोल को जमाया नहीं गया है।

# जिले के सभी संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरों से की जाएगी निगरानी

## मुहर्रम को शांति, सौहार्द, अनुशासन के वातावरण में होगा संपन्न : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में मुहर्रम पर्व के अवसर पर जिले में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत मुहर्रम पर्व के दौरान जिले की विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा संवेदनशील स्थलों की समीक्षा से हुई। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि जिले की पहचान सामाजिक सद्भाव एवं आपसी सहयोग के लिए रही है। सभी समुदायों के सहयोग एवं सहभागिता से प्रत्येक पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होता रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल विधि-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि सभी समुदायों के लोगों को सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना भी है। इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है।उन्होंने सभी शांति समिति सदस्यों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को शांति एवं भाईचारे का संदेश दें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना को फैलने से रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद या समस्या की स्थिति में तत्काल स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को सूचित किया जाए ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।बैठक के दौरान मुहर्रम जुलूसों के संचालन, ताजिया मार्गों, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी जुलूस निर्धारित मार्ग एवं निर्धारित समय के अनुसार ही संचालित किए जाएं। बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के किसी भी जुलूस को अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी जुलूस आयोजकों को लाइसेंस की शर्तों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।बैठक में बताया गया कि सभी लाइसेंसधारी जुलूसों में पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जो प्रशासन एवं पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर जुलूस के शांतिपूर्ण संचालन में सहयोग करेंगे। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के हथियारों के प्रदर्शन, भड़काऊ नारेबाजी अथवा विधि-व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।पुलिस अधीक्षक श्री मनीष ने कहा कि मुहर्रम पर्व के दौरान जिले के सभी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, महिला पुलिस बल, दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। गश्ती दलों की संख्या बढ़ाई जाएगी तथा संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार फ्लैग मार्च एवं पेट्रोलिंग कराई जाएगी।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। व्हाट्सएप, फ़ेसबुक, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया माध्यमों के जरिए अफवाह फैलाने, भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आम लोगों से अपील की गई कि किसी भी अपुष्ट सूचना को साझा करने से बचें।बैठक में जिला प्रशासन द्वारा मुहर्रम पर्व के अवसर पर की गई तैयारियों की जानकारी भी दी गई। इसके तहत समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जहां से पूरे जिले की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाएगी। ताजिया जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन करते हुए सड़क, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत तारों तथा अन्य संभावित जोखिमों की जांच सुनिश्चित की जाए।बैठक में विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि जुलूस मार्गों पर झूलते हुए या जर्जर विद्युत तारों को तत्काल दुरुस्त किया जाए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। नगर निकायों को साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पतालों एवं सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं एम्बुलेंस सेवाओं को अलर्ट मोड में रखा जाए। आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिले के सभी संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। साथ ही दंगा निरोधी दस्ता एवं त्वरित कार्रवाई दल को पूरी तरह सक्रिय रखा जाएगा ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके।अंत में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से सभी नागरिकों, धर्मगुरुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों से अपील की कि वे मुहर्रम पर्व को शांति, सौहार्द, अनुशासन एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें तथा जिले की सामाजिक समरसता और सद्भाव की परंपरा को और मजबूत बनाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक बेगूसराय श्री मनीष, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## भरत तिवारी प्रकरण में परिजनों ने प्रशांत किशोर से लगाई न्याय की गुहार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शाहपुर।** पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भोजपुर जिले के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी के परिजनों एवं उनके मित्रों ने सोमवार को जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर से बिहटा स्थित बिहार नवनिर्माण आश्रम में मुलाकात की। इस दौरान परिजनों ने भरत तिवारी प्रकरण में न्याय दिलाने की मांग करते हुए प्रशांत किशोर से हस्तक्षेप करने की अपील की। मुलाकात के दौरान परिजनों ने कहा कि वे भरत तिवारी की मौत की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई चाहते हैं। उन्होंने प्रशांत किशोर को 24 जून को आयोजित होने वाली पंचायत में शामिल होने का भी आग्रह किया। इस पर प्रशांत किशोर ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि न्याय की इस लड़ाई में जन सुराज उनके साथ खड़ा रहेगा और हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## भरत तिवारी के परिजनों से मिले खेसारी लाल यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



शाहपुर (भोजपुर)। पुलिस की कथित मुठभेड़ में मारे गए बिलौटी गांव के भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने भोजपुरी फिल्म अभिनेता एवं गायक खेसारी लाल यादव सोमवार को बिलौटी पहुंचे। उन्होंने मृतक के स्वजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा दुख की इस घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। साथ ही साथ उन्होंने पीड़ित परिवार को पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता की। परिजनों से बातचीत के दौरान खेसारी लाल यादव ने कहा कि भरत भूषण तिवारी केवल अपनी मां के बेटे ही नहीं, बल्कि समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण व्यक्ति थे। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए। खेसारी लाल यादव के आगमन की सूचना पर गांव में बड़ी संख्या में लोग जुट गए। इस दौरान उन्होंने परिजनों का ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा समाज उनके साथ खड़ा है।

## पूर्व मुखिया व सेविका पुत्र ने बीपीएससी परीक्षा में मारी बाजी

**कदवा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सागरथ पंचायत के गौरीगंज निवासी सोमनाथ की सफलता ने इस कथन को सच कर दिया है। सागरथ पंचायत के पूर्व मुखिया रामनाथ मंडल एवं आंगनबाड़ी सेविका जूली देवी के एकमात्र पुत्र सोमनाथ 70 वीं बीपीएससी की परीक्षा में 1467 वें स्थान पर सफलता हासिल की है। उन्होंने मां बाप सहित शिक्षण पेशे से जुडे अपने स्वर्गीय दादा द्वारिका नाथ मंडल का नाम रौशन किया है। तो वहीं परिजनों के साथ पंचायत और प्रखंड वासी भी उसकी सफलता से गौरवान्वित हो रहे हैं। सोमनाथ ने अपनी प्राथमिक शिक्षा कुम्हड़ी तथा माध्यमिक और उच्च शिक्षा पूर्णियाॅ से पूरी की है।

## 124 रिक्त पदों के विरुद्ध 139 अभ्यर्थियों ने नियोजन कैंप में लिया भाग

**जॉब कैंप**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला नियोजनालय में सोमवार को युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत एक दिवसीय नियोजन कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें विभिन्न कंपनियों से जोड़ना था। नियोजन कैंप में निजी क्षेत्र की कंपनी एयरटेल पेमेंट बैंक द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कंपनी के प्रतिनिधि अभिषेक सिंह ने कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में उपलब्ध रोजगार अवसरों, कार्यस्थल, वेतन एवं अन्य भत्तों सहित कार्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही अभ्यर्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए चयन प्रक्रिया एवं कार्य की प्रकृति से भी अवगत कराया। कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए 124 रिक्त पदों के विरुद्ध कुल 139 अभ्यर्थियों ने नियोजन कैंप में भाग लिया। साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के उपरांत 60 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में उत्साह देखा गया तथा उन्होंने जिला नियोजनालय द्वारा उपलब्ध कराए गए इस अवसर की सराहना की।इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी ने उपस्थित बेरोजगार युवाओं को कैरियर एवं रोजगार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि जिला नियोजनालय रोजगार के इच्छुक युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह जिला नियोजनालय द्वारा जॉब कैंप का आयोजन किया जाता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। इन नियोजन कैंपों के माध्यम से युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलता है।उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नियोजनालय द्वारा आयोजित जॉब कैंपों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें तथा रोजगार से संबंधित सूचनाओं के लिए समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जारी होने वाली सूचनाओं पर नियमित रूप से ध्यान दें। जिला नियोजनालय भविष्य में भी युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु इसी प्रकार के नियोजन कैंपों का आयोजन करता रहेगा।

## सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा को शांतिपूणसंपन्न कराने को लेकर ब्रीफिंग

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारीतनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, आरा में केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के विज्ञापन संख्या-01/2026 के अंतर्गत विशेष शाखा में सिपाही (सामान्य बंद संवर्ग) के पदों पर चयन हेतु दिनांक 24 जून 2026 को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा के सुचारु, निष्पक्ष एवं कदाचार-मुक्त संचालन के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। उक्त परीक्षा दिनांक 24 जून 2026 (बुधवार) को एक पाली में दो प्रश्न-पत्रों के माध्यम से आयोजित की जाएगी। प्रथम प्रश्न-पत्र पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय प्रश्न-पत्र मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक जिला मुख्यालय स्थित कुल 15 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न कराया जाएगा। परीक्षा की सुरक्षा, पारदर्शिता एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुल 87 दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। ब्रीफिंग के दौरान सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्वों एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए परीक्षा संचालन संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए।

## जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सहयोग शिविर आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित, प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सहयोग शिविर तथा नगर सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान हेतु जिला मुख्यालय अथवा विभिन्न कार्यालयों का चक्कर लगाने से राहत प्रदान करना है। शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की सुनवाई संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा की जाएगी तथा यथासंभव ऑन-द-स्पॉट निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी शिविर स्थलों पर प्राप्त आवेदनों को तत्काल ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से बरौनी प्रखंड के नींगा एवं मोसादपुर पंचायत, बेगूसराय प्रखंड के अमरौर किरतपुर, रचियाही एवं भैरवार पंचायत, मटिहानी प्रखंड के सफापुर एवं दरियापुर पंचायत, वीरपुर प्रखंड के गेन्हपुर पंचायत, बलिया प्रखंड के मनसेरपुर पंचायत, साहेबपुर कमाल प्रखंड के साहेबपुर कमाल पश्चिम एवं साहेबपुर कमाल पूर्वी पंचायत, डंडारी प्रखंड के बांक पंचायत, चेरिया बरियारपुर प्रखंड के श्रीपुर पंचायत, खोदावंदपुर प्रखंड के फफौत पंचायत, छौड़ाही प्रखंड के सावंत पंचायत, बखरी प्रखंड के राटन पंचायत, भगवानपुर प्रखंड के नरहरिपुर, मेहदौली एवं लखनपुर पंचायत, नावकोठी प्रखंड के रजाकपुर पंचायत, तेघड़ा प्रखंड के बरौनी-2 पंचायत, बछवाड़ा प्रखंड के रानी-2 एवं रानी-3 पंचायत तथा मंसूरचक प्रखंड के बहरामपुर पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर निगम बेगूसराय के वार्ड संख्या 10, 11, 12, 13, 15 एवं 16, नगर परिषद बीहट के वार्ड संख्या 9, 10, 31 एवं 32, नगर परिषद बरौनी के वार्ड संख्या 9, 10, 11 एवं 12, नगर परिषद तेघड़ा के वार्ड संख्या 9, 10, 11 एवं 12, नगर परिषद बलिया के वार्ड संख्या 9, 10, 11 एवं 12 तथा नगर परिषद बखरी के वार्ड संख्या 9, 10, 11 एवं 12 में नगर सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## कहलगांव की सीमा बनीं डीएसपी, असमित ने भी लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कहलगांव (भागलपुर)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में अच्छा रैंक के साथ कहलगांव की बेटी सीमा कुमारी ने शानदार सफलता अर्जित कर अपने शहर का नाम रौशन किया है। वह डीएसपी पद के लिए चुनी गयी है। उनके पिता पंकज कुमार चौधरी बिजनेसमैन हैं। सीमा कुमारी फिलहाल नगर पंचायत कोथ, रोहतास में कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर कार्यरत है। अब वह पुलिस सेवा की कमान संभालेंगी। अपनी पुत्री की सफलता से परिजन काफी खुश हैं। इसी तरह कहलगांव प्रखंड के घोघा स्थित अपने ननिहाल में पले बढ़े और प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने वाले असमीत कुमार ने भी बीपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनका चयन भी डीएसपी पद पर हुआ है। मूल रूप से पूर्णिया जिले के देवरी गांव निवासी प्रोफ़ेसर मनोज कुमार व अंजनी कुमारी के पुत्र असमीत कुमार घोघा में अपने ननिहाल में रहकर संत हाईस्कूल घोघा से 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर आगे की पढ़ाई के लिए बाहर चले गए। भांजे की इस कामयाबी पर घोघा में खासकर ननिहाल में खुशी का माहौल है। उनके मामा स्वर्णदीप कुमार भागलपुर के तिलकामांझी पीएनबी शाखा में प्रबंधक हैं। वे बताते हैं कि असमीत कुमार शुरु से ही पढ़ने लिखने में अव्वल था। आज हमलोग को उसकी सफलता पर गर्व है।





## गैंगरेप कांड के आरोपित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** चकिया थाना क्षेत्र के बिंदटोली में सामुहिक बलात्कार में शामिल दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। रविवार को एसपी मनीष ने प्रेस वार्ता आयोजीत कर बताया कि 11 जून की देर रात एक महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की विशेष जांच टीम (सीट) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से एक देसी कट्टा, दो कारतूस और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद हुई है। वहीं इस संवेदनशील मामले में शुरुआती लापरवाही बरतने के आरोप में चकिया थानाध्यक्ष को सस्पेंड कर दिया गया है। एसपी ने बताया कि 11 जून की वारदात के बाद 13 जून को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपियों की धरपकड़ के लिए सदर-टू डीएसपी कुमारी दुर्गा शक्ति के नेतृत्व में एक एसआईटी (सीट) का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान और एसटीएफ (एसटीएफ) के सहयोग से टीम ने जाल बिछाकर दो आरोपियों को दबोचा। जिसमे नीतीश कुमार को हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया। अमर निषाद उर्फ अमरजीत कुमार उर्फ 'मक्का मदीना'को बेगूसराय के ही दियारा इलाके से दबोचा गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार दोनों आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और दोनों पर पहले से भी संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस हिरासत में दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उन्होंने बताया कि वारदात के वक्त वे शराब के नशे में धुत थे। पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट में भी गैंगरेप की पुष्टि हो चुकी है। एसपी मनीष के मुताबिक, अब तक की जांच और पूछताछ में कुल 5 लोगों द्वारा महिला के साथ दरिंदगी किए जाने की बात सामने आई है। पीड़िता द्वारा पहले दर्ज कराए गए एक मामले में भी रामू महतो नाम का व्यक्ति आरोपी था, और इस गैंगरेप की वारदात में भी वही मुख्य सूत्रधार है।

## एक नजर

### गंगा ग्लोबल बीएड कॉलेज ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन के दिनकर सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रशिक्षुओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए योग शिविर एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। योग का अभ्यास खेल व योग प्रशिक्षक प्रो. पिंटू कुमार ने करवाया। उन्होंने सूर्य नमस्कार, आसनों के साथ प्राणायाम में अनुलोम-विलोम का अभ्यास के साथ इसके लाभ बताए। गोष्ठी का संचालन कार्यक्रम प्रभारी प्रो परवेज़ यूसुफ़ ने किया उन्होंने कहा कि स्वयं के लिए समय निकालना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आज व्यस्त जीवन और भागदौड़ के बीच मन में अनचाहा नकारात्मक विचार आना स्वाभाविक है, किंतु योग, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से इन विचारों को सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है। गोष्ठी में सत्र 2025-27 के प्रशिक्षु आनन्द मिश्रा, सिद्धि भारती, राजन कुमार, निधि कुमारी, गोविंद कुमार, अनीशा कुमारी, रौशनी सिन्हा, किसलय कुमार, विनित कुमार, स्वीटी कुमारी, अंजली कुमारी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि हमें योग के प्रति जागरूकता लाने की आवश्यकता है। उक्त अवसर पर चन्दन कुमार के साथ अन्य प्रशिक्षु भी उपस्थित थे।

### चौथे प्रयास में विशाल बने सप्लाई इंस्पेक्टर

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के छतौना गांव निवासी विशाल कुमार ने कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के बल पर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए सप्लाई इंस्पेक्टर पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन चौथे प्रयास में हुआ है। विशेष बात यह है कि यह उनका पहला इंटरव्यू था और इसी में उन्होंने सफलता का परचम लहरा दिया। विशाल कुमार एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता माखन महतो मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि माता अनिता देवी गृहिणी हैं। आर्थिक रूप से सीमित संसाधनों के बावजूद विशाल ने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया और निरंतर मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बी.एस. हाई स्कूल, महथी से प्राप्त की तथा वर्ष 2012 में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद वर्ष 2014 में एन.एन. सिन्हा प्लस टू स्कूल, मंसूरचक से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। बीपीएससी की अंतिम मेधा सूची में उन्हें 1830वां रैंक प्राप्त हुआ है।अपनी सफलता का श्रेय विशाल कुमार ने ईश्वर, माता-पिता, परिवार के सदस्यों, मित्रों और सहयोगियों को दिया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने मुख्य रूप से स्वाध्याय (सेल्फ स्टडी) के माध्यम से परीक्षा की तैयारी की।

### हीटवेव के कारण मातृत्व शिविर में कम पहुंचीं गर्भवती

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नावकोठी में गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण शिविर में लाभुकों की उपस्थिति नगण्य रही। शिविर में मात्र 34 गर्भवती महिलाओं का वजन, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन एवं मूत्र की जांच प्रयोगशाला तकनीशियन (एलटी) द्वारा की गई। जांच के दौरान आठ गर्भवती महिलाएं एनीमिया (खून की कमी) से ग्रसित पाई गईं। चिकित्सकों ने उन्हें नियमित जांच कराने एवं चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दवाओं का सेवन करने की सलाह दी। पीएचसी के चिकित्सक डॉ. नीतीन ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान रक्त की कमी को दूर करने के लिए आयरन की गोलियों के साथ भोजन में पके पीले फल, हरी पत्तेदार सब्जियां एवं रागी को शामिल करना चाहिए। उन्होंने गर्भवतियों को भारी काम से परहेज करने, प्रतिदिन कम-से-कम दो घंटे आराम करने तथा सुरक्षित मातृत्व के लिए संस्थागत प्रसव कराने की भी सलाह दी।शिविर में सभी गर्भवती महिलाओं के बीच आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों सहित आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एलटी पंकज कुमार जोशी, सीएचओ सूर्य भूषण कुमार, राजा कुमार, प्रियदर्शनी कुमारी, सुभानी कुमारी समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### श्रीराम जानकी राधा कृष्ण मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

**तेघड़ा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नव-निर्मित श्री राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर, तेघड़ा एनएच-28 चौक में भगवान की मूर्तियों की स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महामंडलेश्वर महंत रामसेवक दास जी महाराज उर्फ़ मौनी बाबा के निर्देशन में आयोजन समिति द्वारा सोमवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह श्रद्धा, आस्था और भक्ति से ओत-प्रोत कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार चौक के रास्ते तेघड़ा के पूर्वी क्षेत्र स्थित गौशाला तक पहुँची। वहाँ से पुनः बाजार चौक एवं सत्संग भवन होते हुए तेघड़ा के पश्चिमी क्षेत्र कैंची मोड़ तक गई तथा पुनः बाजार मार्ग से होते हुए श्री राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। लगभग छह किलोमीटर लंबी इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।इस ऐतिहासिक एवं अलौकिक कलश यात्रा में 1001 कुंवारी कन्याओं ने उत्साह, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ सहभागिता की। यात्रा की विशेष आकर्षण हाथी, घोड़े, ऊँट तथा ढोल-नगाड़ों एवं गाजे-बाजों की भव्य झांकियाँ रहीं।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)/पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.: 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1342-2026-27, कार्य का विवरण:** 02 (दो) वर्ष के लिए सियालदह मंडल के एलएचबी टाइप एसी एवं टीएल कोचों में प्रदान किए गए 6.75 केडब्ल्यू रेगुलेटेड बैटरी चार्जर (आरबीसी) प्रस्तुतकारक - मेसर्स हिटाची हाई-रेल पावर इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड का व्यापक वार्षिक प्रिवेंटिव और ब्रेकडाउन रखरखाव अनुबंध, **निविदा मूल्य:** रु. 64,36,200/-, **बयाना राशि:** रु.1,28,700/-, **समापन अवधि:** 24 माह। **क्रम सं.: 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1345-2026-27, कार्य का विवरण:** 03 (तीन) वर्ष के लिए आरएमएस बिल्डिंग सियालदह में उप सीई (निर्माण) बिल्डिंग के लिए 01 (एक) पैसेंजर लिफ्ट क्षमता 06 पैसेंजर, (जी+4) (प्रस्तुतकारक-ओटीआईएस) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध, **निविदा मूल्य:** रु. 4,14,732/-, **बयाना राशि:** रु.8,300/-, **समापन अवधि:** 36 माह। **क्रम सं.: 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1346-2026-27, कार्य का विवरण:** नारकेलडांगा ईएमयू कारशेड में ईएमयू रेकों की धुलाई हेतु सीएस 4 मेनलाइन साइड में कैटवॉक का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु.24,25,031/-, **बयाना राशि:** रु.48,500/-, **समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं.: 4, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1315-2026-27-आर, कार्य का विवरण:** एसएसई/ई/जी/सियालदह-II के अधिकार क्षेत्र के तहत न्यू अलीपुर ब्लॉक नंबर 1 से 5 में पैसेंजर लिफ्टों (प्रस्तुतकारक-ओटीआईएस) का तीन (03) वर्षों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 15,78,988.20, **बयाना राशि:** रु.31,600/- , **समापन अवधि:** 36 माह। **क्रम सं.: 5, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1333-2026-27, कार्य का विवरण:** बेलघड़िया स्टेशन पर नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से मौजूदा पैनल इंटरलॉकिंग सिस्टम का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 69,24,751/-, **बयाना राशि:** रु.1,38,500/-, **समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं.: 6, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1343-2026-27, कार्य का विवरण:** बी.आर.सिंह अस्पताल/सियालदह में तीन (03) वर्ष के लिए नई बिल्डिंग (जी+5) के पहले एवं दूसरे तल्ले पर 112 एचपी क्षमता के एयर कंडीशनिंग प्लांट (प्रस्तुतकारकः हिटाची) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 17,38,235.52, **बयाना राशि:** रु.34,800/-, **समापन अवधि:** 36 माह। **क्रम सं.:7, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1347-2026-27, कार्य का विवरण:** तीन (03) वर्ष के लिए कृष्णनगर सिटी इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग केबिन, कृष्णनगर सिटी इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग हट एवं कालीनारायणपुर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग केबिन में 5.5 टीआर क्षमता के प्रत्येक स्थान में 2 अदद (कुल=6 अदद) डक्टेबल एयर-कंडीशनिंग पैकेज यूनिट (प्रस्तुकारकः हिटाची) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु.9,91,009.80, **बयाना राशि:** रु.19,800/-, **समापन अवधि:** 36 माह। **क्रम सं.:8, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1338-2026-27, कार्य का विवरण:** तीन (03) वर्ष के लिए एमबीबी रिले रूम में 8.5 टीआर क्षमता के 2 अदद डक्टेबल एयर-कंडीशनिंग पैकेज यूनिट (प्रस्तुतकारकः हिटाची) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 5,10,520.08, **बयाना राशि:** रु.10,200/-, **समापन अवधि:** 36 माह । **आईआरईपीएस पर निविदा प्रकाशन की तिथि :** दिनांक 18.06.2026 (क्रम सं. 1 से 8 प्रत्येक के लिए)। **बोली प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 25.06.2026 (क्रम सं. 1 से 8 प्रत्येक के लिए) । **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 09.07.2026 को 14.00 बजे (क्रम सं. 1 से 8 प्रत्येक के लिए) । निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। SDAH-92/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# उत्तर कोयल नहर का कार्य पूर्ण होने से किसानों की आय में होगी वृद्धि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** उत्तर कोयल परियोजना के निर्माण कार्यों में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं सतत निगरानी के परिणामस्वरूप अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की गई है। चालू कार्य सत्र के मात्र छह महीनों में नहर की कंक्रीट लाइनिंग का लगभग 73 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो पिछले कई वर्षों की तुलना में सर्वाधिक तेज प्रगति मानी जा रही है। इसी संदर्भ में आज मुख्य सचिव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती दो वर्षों में कुल 22.5 किलोमीटर नहर लाइनिंग कार्य पूर्ण हुआ था जबकि वर्तमान कार्य सत्र में रिकॉर्ड गति से लगभग 57 किलोमीटर नहर लाइनिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है। परियोजना के अंतर्गत कुल 77.7 किलोमीटर लाइनिंग प्रस्तावित है जिसमें अब केवल सीमित कार्य शेष रह गया है। यह उपलब्धि पूर्व वर्षों की औसत प्रगति की तुलना में तीन गुना से अधिक है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा समय-समय पर परियोजना की समीक्षा, विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय तथा निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित किए जाने से कार्यों में उल्लेखनीय तेजी आई है। परियोजना से जुड़े अभियंताओं, कर्मियों, स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता के सहयोग से अनेक चुनौतियों और जटिलताओं के बावजूद यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की जा सकी है। परियोजना अंतर्गत नहर पर निर्मित की जा रही विभिन्न संरचनाओं में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। कुल 163 संरचनाओं में से 70 संरचनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष संरचनाओं को आगामी कार्य सत्र तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया है कि निर्धारित समयसीमा के भीतर शेष कार्यों को भी पूर्ण कर लिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के हजारों किसानों को स्थायी एवं बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। परियोजना के पूर्ण होने से कृषि उत्पादन में वृद्धि, किसानों की आय में सुधार तथा क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उत्तर कोयल परियोजना की वर्तमान उपलब्धियां यह दर्शाती हैं कि दृढ़ इच्छाशक्ति, प्रभावी नेतृत्व, जनसहयोग एवं समन्वित प्रयासों के बल पर बड़े विकासात्मक लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से प्राप्त किया जा सकता है।

## सोनतटीय इलाके से अधेड़ का शव बरामद

**दाउदनगर (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** दाउदनगर के सोनतटीय इलाके से तीन-चार दिनों से लापता 56 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान शहर के वार्ड सं- एक अमृत बिगहा निवासी 56 वर्षीय डोमा सिंह के रूप में की गई है। बताया जाता है कि पुलिस को रात्रि में सूचना मिली कि काली घाट सूर्य मंदिर से उत्तर-पश्चिम एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सब इंस्पेक्टर सुदीश कुमार एवं अभिषेक कुमार दल-बल के साथ पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतक के शव को स्वजनों को सौंप दिया है। बताया जाता है कि वह तीन-चार दिनों से लापता थे। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल मामले में विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# धार्मिक उन्माद फैलाने पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुहर्रम पर्व को शांति व उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष मुहर्रम पर्व 26 जून को मनाया जाएगा। मुहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का प्रथम महीना है तथा इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा परंपरागत रूप से ताजिया एवं जुलूस का आयोजन किया जाता है। जुलूस के दौरान धार्मिक परंपराओं के अनुरूप विभिन्न गतिविधियां संपन्न होती हैं जिसे देखते हुए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि मुहर्रम पर्व के दौरान जिले में विधि-व्यवस्था, शांति व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस उद्देश्य से सभी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों की पहचान करते हुए दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। जुलूस मार्गों एवं आयोजन स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पर्याप्त संख्या में वीडियोग्राफी टीम की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। आवश्यक स्थलों पर बैरिकेडिंग की जाएगी तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्रवाई हेतु जिला एवं अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष सक्रिय रहेगा। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने अथवा सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रचलित विधिक प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया, फ़ेसबुक, व्हाट्सएप एवं अन्य इंटरनेट माध्यमों पर अफवाह फैलाने अथवा आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वाले तत्वों पर प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मुहर्रम जुलूस एवं ताजिया जुलूस पूर्व निर्धारित समय एवं मार्ग के अनुसार ही निकाले जाए तथा बिना पूर्व अनुमति किसी प्रकार का मार्ग परिवर्तन नहीं किया जाए। आयोजकों को निर्देशित किया गया कि जुलूस का मार्ग, ताजिया की ऊंचाई एवं समय की सूचना पूर्व में संबंधित थाना को उपलब्ध कराए। साथ ही धार्मिक उन्माद फैलाने वाले गीत, भड़काऊ नारे तथा प्रतिबंधित हथियारों के प्रदर्शन से पूर्णतः परहेज किया जाए।

# विभिन्न अपराधों में 10 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 10 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार डकैती के शीर्ष में 2, हत्या प्रयास में 8, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 4 तथा अन्य मामलों में 16 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। वहीं 175 लीटर देसी शराब, एक बाइक, 2 सीसीटीवी कैमरा एवं 2 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1149 वाहनों की जांच की गई जिसमें 27000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 5300 रूपये नक़द बरामद किया गया है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मुहर्रम पर विधि-व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर बिहार सरकार गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से राज्य के सभी जिला पदाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुहर्रम पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने, जुलूसों के शांतिपूर्ण संचालन, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, स्वच्छता व्यवस्था तथा आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही सभी जिलों को पर्व के अवसर पर सतर्कता बरतते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार, यातायात पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्देश दिया गया कि मुहर्रम जुलूस निर्धारित मार्ग एवं निर्धारित समय के अनुसार ही निकाले जाएं। सभी संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए तथा सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर फैलने वाली अफवाहों पर लगातार नजर रखी जाए। साथ ही स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, पेयजल एवं नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था को सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया। बैठक के उपरांत मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों के आलोक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा संबंधित सभी पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारी समय से पूर्ण करने, अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। ज़िलाधिकारी ने पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से सुनिश्चित करने तथा किसी भी परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

## ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के खलीफाओं के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार की अध्यक्षता में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खलीफाओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में 26 जून को निकलने वाले मोहर्रम जुलूस की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस मार्ग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने उपस्थित खलीफाओं को मोहर्रम जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, निर्धारित मार्ग और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने की अपील की। दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि इस विषय सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में बैठक बुलाई गई है। उन्होंने सभी खलीफाओं से कहा कि वे वहां अपनी समस्याओं और सुझावों को विस्तार से रखें ताकि प्रशासन आवश्यक कार्रवाई कर सके। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आए खलीफाओं ने अपने-अपने इलाकों की समस्याओं, जुलूस मार्ग की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यकताओं से प्रशासन को अवगत कराया। इस मौके पर राजद नगर अध्यक्ष मुन्ना अजीज, बबलू खलीफा, मुख्तार अहमद, सिद्दीक अंसारी, समद अंसारी, मुनीर खान, मो. इकबाल, सरफुद्दीन अंसारी, एनामुल हक, तेली खलीफा, इमरान खलीफा, साबिर कुरैशी, बबलू कुरैशी सहित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के कई खलीफा मौजूद रहे।

# परिवादियों की समस्या समाधान को लेकर जिलाधिकारी गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सोमवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया।इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**दाउदनगर (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दाउदनगर थाना क्षेत्र के मखरा गांव में 23 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध मौत हो गई। मृतका की पहचान मखरा निवासी विकास कुमार की 23 वर्षीय पत्नी रूबी कुमारी के रूप में की गई है। वैसे मायके वालों का आरोप है कि उसकी हत्या की गई है। चर्चा के अनुसार जहरीला पदार्थ खाने की बात सामने आ रही है। मृतका के मायके वालों ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट किया फिर जहरीला पदार्थ खिला दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सब इंस्पेक्टर नेहा कुमारी, परमानंद कुमार यादव, एएसआई सत्येंद्र तिवारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। वैसे पुलिस प्रथम दृष्टया मौत का कारण मारपीट और जहरीला पदार्थ मान रही है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि संवाद भेजे जाने तक घटना के संबंध में आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# बटाने नदी पुल पर लगे क्रॉस बैरियर को तोड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर बटाने नदी के ऊपर बने दोमुहान पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके लिए एनएचएआई की टीम की ओर से पुल के दोनों ओर अवरोधक लगाकर ट्रकों और अन्य भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। हालांकि वाहन चालकों की मनमानी के कारण यह व्यवस्था प्रभावी साबित नहीं हो सकी। स्थिति को गंभीर देखते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर पुल के दोनों छोर पर मजबूत क्रैश बैरियर लगाए गए थे ताकि किसी भी कीमत पर भारी वाहनों का आवागमन रोका जा सके। पुल पर अतिरिक्त दबाव न पड़े लेकिन प्रशासन की यह कोशिश भी महज 24 घंटे के भीतर विफल हो गई। जानकारी के अनुसार कुछ वाहन चालकों ने बैरियर को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसके बाद फिर से भारी वाहनों का परिचालन उसी मार्ग से शुरू हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षतिग्रस्त पुल से लगातार भारी वाहनों का गुजरना किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहा है। यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो पुल की स्थिति और खराब हो सकती है जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान होने की आशंका है। लोगों ने प्रशासन से पुल पर सख्ती से प्रतिबंध लागू कराने और लगातार निगरानी की मांग की है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि पुल की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैरियर तोड़ने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भारी वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपायों पर भी विचार किया जा रहा है। फिलहाल पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही जारी रहने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है और प्रशासन के सामने चुनौती और बढ़ गई है। हालांकि पुल के ठीक बगल में पूरब दिशा की ओर डायवर्सन निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। लगभग दो महीने में डायवर्सन बनाकर पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इसके बाद भारी वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो सकेगा। फिलहाल भारी वाहनों के आवागमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा वैकल्पिक रूट निर्धारित किया गया है। वाहन चालकों को लगभग 50 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ रहा है। पुल पर लगाया गया क्रैश बैरियर टूटने के बाद वाहन चालक जिला प्रशासन के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए बटाने पुल होते हुए ही भारी वाहनों का परिचालन कर रहे हैं। स्थानीय थाना की पुलिस भी सब कुछ जानकर अनजान बनी है।

# भीषण गर्मी एवं लू से राहत के लिए कई स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भीषण गर्मी एवं लू (हीट वेव) के प्रभाव को देखते हुए आमजनों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से औरंगाबाद के सभी नगर निकायों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर प्याऊ (पेयजल केंद्र) की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार नगर परिषद एवं नगर पंचायतों द्वारा बस पड़ाव, बाजार क्षेत्र, प्रमुख चौक-चौराहों, सरकारी कार्यालयों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इन प्याऊ केंद्रों के माध्यम से राहगीरों, मजदूरों, दुकानदारों एवं आम नागरिकों को गर्मी से राहत मिल रही है। भीषण गर्मी एवं लू से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना अत्यंत आवश्यक है। प्याऊ की यह व्यवस्था लोगों को निर्जलीकरण एवं लू के दुष्प्रभावों से बचाने में सहायक होगी। नगर निकायों को निर्देश दिया गया है कि प्याऊ केंद्रों पर नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा आवश्यकतानुसार इसकी निगरानी भी करते रहें।

# बंद घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रूपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी की चोरी कर ली। घटना अंबा थाना क्षेत्र के तेलहारा गांव की है। जहां शनिवार की रात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना को लेकर पीड़ित गृहस्वामी सिकंदर कुमार गुप्ता ने अंबा थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, घटना की रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सो गए थे। शनिवार सुबह करीब चार बजे जब परिजनों की नींद खुली, तो घर के गलियारे और कमरों के दरवाजे खुले मिले। कमरे के अंदर पहुंचने पर सामान बिखरा पड़ा था तथा घर में रखे दो बक्से और एक अटैची गायब थे। यह मंजर देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों ने आसपास खोजबीन शुरू की। इसी दौरान घर से करीब 500 मीटर उत्तर दिशा में स्थित एक खेत से दोनों बक्से और अटैची खुले एवं खाली हालत में बरामद किए गए। चोर बक्सों में रखे सभी जेवरात, नकदी और जरूरी कागजात लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि चोर लगभग 12 हजार रुपये नकद के साथ सोने का हार, मंगलसूत्र, मांगटीका, बाली समेत चांदी के विभिन्न आभूषण ले गए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। मामले की सूचना मिलने के बाद अंबा थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

## वरिष्ठ नागरिकों को किया गया जागरूक

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** हाशिए पर पड़े और कमजोर समुदाय के लिए कानूनी साक्षरता को संस्थागत रूप देने और न्याय तक पहुंच को मजबूत करने के उद्देश्य से शहर के क्लब रोड स्थित पेंशनर भवन में जागारूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा, शोषण और गरिमा एवं अधिकारों की सुरक्षा के संबध में जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी अधिकार, कल्याण, संरक्षण, गरिमा और न्याय तक पहुंच एवं अन्य विषयों पर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में विधि संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, सुबोध कुमार सिंह, अभिनन्दन कुमार द्वारा जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाया गया।






# पूर्व मंत्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** विरासत बचाओ संघर्ष परिषद के तत्वावधान में शहर के हसौली स्थित संगम रिज़ॉर्ट में वयोवृद्ध समाजवादी नेता व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रामविलास सिंह यादव एवं ओबरा के पूर्व विधायक संत पदारथ सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष सत्येंद्र यादव एवं संचालन राधे प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में जिला पार्षद शंकर यादव, पूर्व जिला पार्षद मनोरमा पासवान, मुखिया प्रतिनिधि बीरेन्द्र यादव, राजद नेता डॉ रमेश यादव, संजय यादव, युवा नेता संतोष यादव, संजीत यादव सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों ने कहा कि पूर्व मंत्री ने जहां अपने कार्यकाल में विकास को बेहतर अंजाम दिया और हर जाति हर धर्म के लोगों को जोड़ा। वहीं पूर्व विधायक ने शिक्षा जगत में अतुलनीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि जिला परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रताव के अनुसार पूर्व मंत्री रामविलास सिंह यादव की प्रतिमा दानी बिगहा स्थित बस स्टैंड परिसर में लगाई जाए। इस पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। सत्येंद्र यादव ने कहा कि पूर्व मंत्री समाजवादी विचारधारा को लेकर जीवनभर प्रतिबद्ध रहे। जिला पार्षद शंकर यादव ने पूर्व मंत्री के प्रयासों से दाउदनगर अनुमंडल और औरंगाबाद जिला की स्थापना में मिली भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर परिषद के सचिव संजीत कुमार, शिक्षक डॉ संतोष यादव मनोज कुमार, विकास राय सहित बड़ी संख्या में लोगों ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269